हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 15.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 171 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# रांची से लापता अंश और अंशिका सकुशल बरामद

## 12 दिनों के बाद बरामदगी पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस को दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस ने राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र से लापता हुए दो मासूम बच्चों अंश और अंशिका को बुधवार सुबह रामगढ़ जिले के चितरपुर से सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में शामिल दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो बिहार के औरंगाबाद जिले के निवासी हैं। बच्चों के सुरक्षित मिलने से परिजनों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

इन दोनों बच्चों का सुराग देने वालों के लिए पुलिस की ओर से दो-दो लाख रुपये, यानी कुल चार लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड पुलिस ने विशेष टीम गठित कर व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाया।

झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मनोज कौशिक की विशेष मॉनिटरिंग में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के नेतृत्व में 48 पुलिस पदाधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की गई थी। डीजीपी ने कहा



कि यह मामला केवल अपहरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव तस्करी से जुड़े एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट की ओर संकेत करता है। इसमें कई और लोग भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस की जांच अभी जारी है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 2 जनवरी को शालीमार बाजार से बच्चों के लापता होने के बाद रांची पुलिस ने हर संभव प्रयास शुरू कर दिया था। अंश और अंशिका की तस्वीरों वाले पोस्टर पूरे शहर और सार्वजनिक वाहनों में लगाए गए। पुलिस अधिकारियों ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से भी आम जनता से सहयोग की अपील की। बच्चों के पिता और हटिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) सहित तीन मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए गए, जिनके माध्यम से पल-पल की सूचनाएं एकत्र की गईं।

डीजीपी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया और संदिग्ध गतिविधियों का सत्यापन किया गया। इसके अलावा 5,000 से अधिक वाहनों की जांच कर उनकी संभावित संलिप्तता की पड़ताल की गई। विभिन्न राज्यों में ऐसे मामलों से जुड़े आरोपितों का सत्यापन कर इस घटना से उनके संबंधों की भी जांच की गई। बच्चों की बरामदगी के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड, हाट-बाजार सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जगरनाथपुर और धुर्वा थाना क्षेत्र के संभावित एवं संदिग्ध इलाकों में ड्रोन के जरिए सघन निगरानी की गई। मामले के खुलासे में डॉग स्क्वॉयड की टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीआईडी एडीजी मनोज कौशिक की ओर से पूरे देश में 'ह्यू एंड क्राई' नोटिस जारी किया गया। साथ ही विभिन्न बाल संगठनों ने भी सूचना प्रसारण में सराहनीय योगदान दिया।

डीजीपी ने इस कठिन और संवेदनशील अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली टीम को बधाई देते हुए कहा कि इसमें शामिल सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को उनकी तत्परता और साहस के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान बच्चों के माता-पिता भी मौजूद थे। 13 दिनों के बाद अपने बच्चों को सुरक्षित वापस पाकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने पुलिस प्रशासन और इस अभियान में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मानव तस्करी के इस अंतरराज्यीय सिंडिकेट के तार और किन-किन राज्यों तथा स्थानों से जुड़े हैं। पुलिस को आने वाले दिनों में इस मामले में कई और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

### अपहरणकर्ताओं के चंगुल से दो मासूम जिंदगियां आजाद हुई : मुख्यमंत्री



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पांच वर्षीय अंश कुमार और चार वर्षीय अंशिका कुमारी की सकुशल बरामदगी पर झारखंड पुलिस को बधाई दी है। साथ ही उन्होंने रांची के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग देने का निर्देश भी दिया है। बच्चों की बरामदगी के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर झारखंड पुलिस टीम की सराहना की। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि अपहरणकर्ताओं के चंगुल से दो मासूम जिंदगियां आजाद हुई हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उनके लिए बीते कुछ दिन बेहद परेशान करने वाले रहे। शुरूआत में पुलिस को सफलता नहीं मिल रही थी, लेकिन दूसरे राज्य में घटित इसी तरह की घटनाओं से तार जोड़ते हुए रांची पुलिस ने जिस सूझबूझ और रणनीति से अपराधियों तक पहुंच बनाई और बच्चों को सुरक्षित मुक्त कराया, वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जांच अभियान यहीं समाप्त नहीं किया जाएगा। राज्य के भीतर और राज्य के बाहर घटित ऐसी घटनाओं की गहन जांच करते हुए अपराधी गिरोह की कमर तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रांची पुलिस सहित झारखंड पुलिस की पूरी टीम को तत्परता, साहस और कार्यकुशलता के लिए हार्दिक बधाई दी तथा अंश और अंशिका के परिवार को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि इस पल की असीम खुशी को केवल एक मां और परिवार ही महसूस कर सकता है। उन्होंने इस शानदार सफलता के लिए झारखंड पुलिस टीम को पुनः बधाई दी। साथ ही उपायुक्त रांची को निर्देश दिया कि अंश और अंशिका के परिवार को सभी आवश्यक सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए इसकी जानकारी भी दी जाए।

### अंश और अंशिका सो रहे थे पुआल के बिस्तर पर

**रामगढ़ :** रांची के धुर्वा इलाके से लापता बच्चे सड़क पर फेरी लगाने वाले एक दंपत्ति के पास मिले, तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। सूर्या और उसकी पत्नी सोनम उर्फ सोनी जिन दो बच्चों को लेकर रामगढ़ के ग्रामीण इलाके में छुपे हुए थे, उन बच्चों की तलाश पूरे झारखंड की पुलिस कई राज्यों में हो रही थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार जब सूर्या और उसकी पत्नी सोनम को लेकर किराए के उस मकान में पहुंचे तो अंदर का नजारा ही कुछ और था। पिछले 12 दिनों से अंश और अंशिका को पुआल के बिस्तर पर सुलाया जा रहा था। सूर्या और सोनम की मकान मालकिन रोशन आरा ने पूरी कहानी पुलिस के समक्ष बयान की है। इस दंपत्ति ने दोनों बच्चों को मम्मी और पापा कहना सिखा दिया था। जिस तरीके से बच्चों से घुले मिले थे, बाहरी लोगों को किसी प्रकार का शक भी नहीं हो रहा था।

### पुलिस की गिरफ्त में दोनो आरोपी



### एक नजर

#### आदिवासियों की स्थिति जानने के लिए झामुमो के चार नेता असम जाएंगे

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने पार्टी के चार बड़े नेताओं को असम भेजने का फैसला किया है। उनमें सांसद विजय हांसदा, विधायक चमरा लिंडा, भूषण तिर्की और ताजुद्दीन राजा शामिल है। मुख्यमंत्री ने इन नेताओं को 10 दिनों के भीतर असम जाने का निर्देश दिया है। चारो नेता असम जाकर वहां के आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करेंगे। उसके बाद वह पार्टी अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

## हजारीबाग के हबीब नगर में विस्फोट तीन लोगों की मौत, एक व्यक्ति घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के हबीब नगर इलाके में बुधवार को हुए एक जोरदार विस्फोट में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान रशीदा परवीन (पति मुस्ताक), सद्दाम (पिता यूनुस) और नन्ही परवीन (पति सद्दाम) के रूप में की गई है।

मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह विस्फोट बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के अंतर्गत एक खुले स्थान पर हुआ। विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका अचानक हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करने का प्रयास किया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस की ओर से दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, झाड़ी साफ करने के दौरान विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### विश्व आर्थिक मंच में झारखण्ड की भागीदारी महज संवाद नहीं, देश के लिए टर्निंग प्वाइंट का संकेत

## भारत समेत विश्व के विकास की अगली कहानी को आकार देने के लिए तैयार झारखण्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड जैसे राज्य के लिए विश्व आर्थिक मंच में भागीदारी महज वैश्विक संवाद तक सीमित नहीं है बल्कि भारत के लिए एक टर्निंग प्वाइंट का संकेत है। देश के खनिजों से संपन्न राज्यों में झारखण्ड अग्रणी स्थान रखता है। यहां कोयला, लौह अयस्क, तांबा, यूरेनियम और क्रिटिकल मिनरल्स के व्यापक भंडार हैं, जो भारत के औद्योगिक, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र और आदिवासी बहुलता के कारण सतत एवं समावेशी विकास झारखण्ड की विकास यात्रा का मूल आधार है। ऐसे में झारखण्ड के लिए दावोस केवल औपचारिक भागीदारी का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहां निवेश की संभावनाएं आकार लेती हैं, रणनीतिक गठबंधन बनते हैं और विकास, स्थिरता एवं लचीलेपन से जुड़े दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण तय



किए जाते हैं। यह ऐसा मंच है जहां विचार साझेदारियों में बदलते हैं और नीति, पूंजी, नवाचार तथा विकास की प्राथमिकताएं एक साथ हाथ बढ़ाती हैं। हर दिन बदलते इस दौर में जब भारत स्वयं को वैश्विक स्तर पर मैन्युफैक्चर, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के केंद्र के रूप में पेश कर रहा है, तब झारखण्ड के खनिज संसाधन, भूमि, मानव संसाधन और औद्योगिक आधार राष्ट्रीय विकास में इसे एक अग्रणी योगदान देने वाला राज्य बनाते हैं।

विश्व आर्थिक मंच में अपने निर्माण के 25 वर्ष पूरे कर चुके युवा झारखण्ड की उपस्थिति केवल प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के भविष्य के साथ सामूहिक शक्ति का संकेत है। यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में युवा झारखण्ड अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ जुड़ने, उत्तरदायी निवेश आकर्षित करने और भारत तथा विश्व के विकास की अगली कहानी को आकार देने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व आर्थिक मंच का सतत विकास, विश्वास और दीर्घकालिक परिवर्तन पर केंद्रित एजेंडा झारखण्ड का 'प्रकृति के साथ सामंजस्य में विकास' की सोच से मेल खाता है। इस वैश्विक मंच पर भागीदारी के माध्यम से राज्य संदेश देगा कि संसाधन-समृद्ध क्षेत्र भी उत्तरदायी औद्योगीकरण, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु-अनुकूल विकास की दिशा में नेतृत्व कर विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

पिछले पांच दशकों से अधिक समय से विश्व आर्थिक मंच राष्ट्राध्यक्षों, मंत्रियों, विश्व के प्रमुख कंपनियों के सीईओ, विकास में सहयोग करने वाले बैंकों, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने वाले लोगों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक प्रमुख संवाद का मंच रहा है। विश्व आर्थिक मंच में सहभागिता झारखण्ड को वैश्विक निवेशकों, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत लोगों, वित्तीय साधन, विनिर्माण कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और विकास संस्थानों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान भी करती है।



## एक नजर

### बरही से 10 वर्षीय मासूम लापता, 20 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग



**बरही :** बरही प्रखंड के गांव कोरियाडीह बर्दाग निवासी राजू सिंह के 10 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बीते 23 दिसंबर से लापता हैं। परिजनों ने इस संबंध में बरही थाना में आवेदन भी दिया है, लेकिन अब तक दीपक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लापता बच्चे की मां उर्मिला देवी अगल-बगल के लोगों के सहयोग से लगातार खोज-बीन कर रही हैं। परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन और आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी दीपक कुमार दिखाई दें, तो तत्काल उनके परिजनों या बरही थाना को सूचना मो नंबर 7543861504, 99730 08098 पर दें। परिजनों का कहना है कि दीपक के अचानक लापता होने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है और जल्द से जल्द बच्चे की सकुशल बरामदगी की उम्मीद कर रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव के एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार शाम लगभग 7.30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करियातपुर ठाकुर टोला जमुनीया आहार के बगल में निवास कर रहे स्व जयराम ठाकुर के 26 वर्षीय पुत्र दीपक ठाकुर ने घर में शाम 7.30 बजे फांसी लगा लिया। ग्रामीणों एवं परिजनों की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बरही थाना पुलिस अस्पताल पहूंच घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति , भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर सहित कई लोग पहुंचे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक दीपक कुमार अपने पीछे पत्नी व एक नन्हे बच्चे को छोड़ गया। वह बरकट्ठा में निजी क्लीनिक में कंपाउंडर का काम करता था।

# सूर्यकुंडधाम में सालोंभर सैलानियों को आने के लिए विकसित किया जा रहा है : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरकट्ठा :** एशिया महादेश का सबसे अधिक तापमान वाला सूर्यकुंड धाम में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय विशाल सूर्यकुंड मेला का उदघाटन विधायक अमित कुमार यादव ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीयों की उपस्थिति में किया। उदघाटन समारोह में विधायक के साथ एसडीओ जोहन टुड्डू, प्रमुख रेनू देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, सीओ एन कुल्लू, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, परमेश्वर साहू, मुखिया ललिता देवी, धीरेन्द्र पांडेय, मुखिया कलावती देवी, गौतम नारायण सिंह, उपेंद्र पांडेय, मिथलेश पाठक, पंचायत समिति सदस्य विकास पांडेय उपस्थित रहे।

उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सूर्यकुंडधाम में सालोंभर सैलानियों को आने के लिए इसे विकसित किया जा रहा है। फॉरेस्ट विभाग से इक्को पार्क बनाया गया है। वहां सभी तरह के दर्शनीय जीव जंतु की मूर्ति समेत झरना, कैंटीन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सूर्यकुंड का गर्मजल एशिया में सबसे गर्म है। केवल गर्मजल नहीं बल्कि सूर्यकुंड लोंगो के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र भी है। राज्य सरकार ने पर्यटन के लिए ग्रेड वन स्थल घोषित किया है। सूर्यकुंडधाम का विकास कर इसे पर्यटन के रूप में राष्ट्रीय फलक पर लाना है। शीघ्र ही पांच करोड़ की योजना उतारा जाएगा। बताया कि मेला समिति के आग्रह पर पांच दिन और मेला दिवस बढ़ाया जाने का प्रस्ताव है। एसडीएम जोहन टुड्डू ने संबोधित करते हुए कहा कि सूर्यकुंड एक अद्भुत स्थल है। सूर्यकुंडधाम पर्यटन स्थल प्राकृतिक छटा में नदी, पहाड़, जंगल के तराई में होने से मनोहारी है। इसके विकसित होने से देश के कई हिस्सों से लोग भ्रमण के लिए आएंगे। समारोह को प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, पंस सदस्य प्रीति गुप्ता ने भी संबोधित किया। समारोह में पांच पांडव मेला कमेटी के विजय नायक, विकास पांडेय, तारकेश्वर पांडेय, संजय पांडेय, भाजपा नेता परमेश्वर साहू, सूर्यदेव मंडल, अनिल आजाद, रघुवीर प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भरत यादव, सह संयोजक रवि शंकर कुमार, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, अशोक यादव, युगल यादव, सहदेव यादव, उमेश यादव,उमेश यादव, सुरेन्द्र साव, राजकुमार यादव, प्रदीप पांडेय समेत आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन टुकलाल नायक ने की।

## बादम में मकर संक्रांति पर मां पंचवाहिनी मंदिर में पूजा के साथ तीन दिवसीय मेला शुरू




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम में मकर संक्रांति के अवसर पर इस वर्ष भी ऐतिहासिक मां पंचवाहिनी मंदिर में बुधवार को विशेष पूजा-अर्चना के साथ तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। पूजा समिति के नेतृत्व में दो दिनों 15 और 16 जनवरी को दोपहर 1 बजे से संध्या 8 बजे तक भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा भजनों तथा जीवंत झाँकी की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं, वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए 15 जनवरी को मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच 'खिचड़ी महाप्रसाद' का वितरण किया जाएगा। बादम पंचायत के उप-मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार मेहता ने मंदिर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंदिर पूरे हजारीबाग जिले में विख्यात है। मान्यता है कि यहाँ स्नान कर मां पंचवाहिनी की पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। यहां मन्नत पूरी होने के लिए प्रसाद के रूप में पत्थर चढ़ाने की अनोखी परंपरा है, जो इस मंदिर को अन्य धार्मिक स्थलों से अलग बनाती है। व्यवस्था में जुटी आयोजन समिति मेले और पूजा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूजा समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण तत्परता से जुटे हुए हैं।

## राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बरही :** भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने आदित्य साहू को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी के और अधिक मजबूत होने तथा संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई है। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आदित्य साहू एक जमीनी नेता हैं, जिन्होंने हमेशा संगठन को प्राथमिकता दी है और कार्यकताओं के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखा है। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा झारखंड में विकास, संगठन विस्तार और जनसरोकारों के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा प्रदेश की जनता के बीच भाजपा की स्वीकार्यता और बढ़ेगी। विधायक ने आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आदित्य साहू संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का काम करेंगे। इससे झारखंड में भाजपा की पकड़ और सुदृढ़ होगी तथा आने वाले चुनावों में इसका सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।विधायक मनोज यादव ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा झारखंड में नई राजनीतिक ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी।

## युवा साथी झारखंड ने किया दही चूड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर युवा साथी झारखंड द्वारा बरही प्रखंड के उज्जैना स्थित श्रीराम मैदान में पारंपरिक रूप से दही-चूड़ा एवं तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के सक्रिय सदस्य अनुपम मेहता के सौजन्य से संपन्न हुआ।बकार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का कार्य किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि युवा साथी झारखंड का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग और सेवा की भावना पहुंचाना है। संस्था आज के समय में सामाजिक एकता, युवाओं की भागीदारी और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन कर समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने युवा साथी झारखंड द्वारा शिक्षा, समाज सेवा, जरूरतमंदों की सहायता एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की प्रशंसा की एवं संस्था के कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सैकड़ों लोगों ने दही-चूड़ा एवं तिलकुट ग्रहण किया और एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन स्थल पर सौहार्दपूर्ण और उत्सवमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, ताकि समाज में एकता, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज खान, कोषाध्यक्ष अजय मेहता, सह कोषाध्यक्ष शारूफ आलम मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, अनुपम मेहता, हर्ष, सरफराज, रेवल, परमेश्वर, गौतम, दीपेश, पिंटू, कुंदन, बिट्टू, रोहित, योगेन्द्र, रंजन, पंकज, शकील, शारूफ, रमेश, नईम, टिंकू, विक्रम आदि शामिल हुए।

## कुड़मि जनजाति समुदाय के द्वारा महटीकरा में टुसु परब जतरा सह टुसु विदाई मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पश्चिमी पंचायत के अन्तर्गत महटीकरा गांव में कुड़मि जनजाति समुदाय के द्वारा टुसु परब जतरा सह टुसु विदाई मनाया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। टुसू पर्व मुख्य रूप से फसल कटाई की खुशी, नए साल की शुरूआत और नारी शक्ति के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। झारखंड और आसपास के क्षेत्रों का एक महत्वपूर्ण लोक उत्सव है।जिसमें कुंवारी कन्याएं रंगीन कागज से बने चौकोर की पूजा करती हैं और मकर संक्रांति पर नदी में विसर्जित करती हैं। यह पर्व समृद्धि, प्रेम, संघर्ष और स्त्री-शक्ति की गाथा कहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, प्रवक्ता दीपक पुरनियार, चन्द्रभुषण महतो काछुआर, विकास महतो, संजय पुनरिआर, हिरामण बंसरिआर, कमेटी के अध्यक्ष जगन महतो सचिव विकास महतो कोषाध्यक्ष रमन महतो, उपाध्यक्ष अजय महतो उपसचिव तारकेश्वर महतो उपसचिव महेंद्र महतो, संयोजक अशोक महतो महिला अध्यक्ष प्रीति रानी सचिव कविता देवी, संयोजक अनिता देवी, राजेश्वर महतो, अर्जुन महतो, मुकेश महतो, दीपक महतो, देवेंद्र महतो, खेमलाल महतो, मनोज महतो,राजेंद्र महतो, मुकेश महतो, अरुण महतो, तेजन महतो, सुनील महतो,अमृत महतो, निर्मल महतो ,धनुषधारी महतो, सरजू महतो, राथो महतो दिनेश महतो, सुमित्रा माहताइन, जूही माहताइन,शैल माहताइन, निक्की कुमारी ,आशा कुमारी, पूजा कुमारी, जयंती कुमारी, नीलम महतो, निधि महतो, सुमिला महतो,मोनिका महतो,गुंजा महतो तथा कुड़मि जनजाति समुदाय के लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

## श्रद्धा और सेवा का हुआ अदभुत संगम, शहर के इन्द्रपुरी साईं मंदिर में उमड़ेगा आज आस्था का जनसैलाब



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर साईं परिवार हजारीबाग द्वारा शहर के इन्द्रपुरी स्थित साईं मंदिर में भव्य भंडारे और भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन 15 जनवरी बृहस्पतिवार को किया जाएगा। भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता को समर्पित इस आयोजन में 'साईं परिवार' और 'साईं महिला मंडली' के सदस्यों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाकर वर्षों से मिसाल पेश किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार की अहले सुबह बाबा के भव्य अभिषेक और दिव्य मंगल आरती के साथ शुरूआत होगा। मंदिर परिसर 'साईं राम' के जयघोष से गुंजायमान रहेगा। मकर संक्रांति की परंपरा को निभाते हुए बाबा को चूड़ा, दही, तिलकुट, गुड़ और फलों का विशेष भोग लगाया जाएगा। दोपहर में सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी, चोखा और चटनी का प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्या आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच हलवा प्रसाद का वितरण कर दिनभर चले इस अनुष्ठान का भव्य समापन किया जाएगा। साईं परिवार की सेवा भावना मंदिर की चौखट तक सीमित नहीं रही। मानवता और समरसता का संदेश देते हुए समूह द्वारा आर्ष कन्या गुरुकुल के बच्चों के बीच भी खिचड़ी, चिप्स और चोखा का प्रसाद पहुँचाया जाएगा। बच्चों के चेहरे की मुस्कान के लिए इस आयोजन की सार्थकता को और बढ़ा दिया है। विदित हो कि साईं परिवार, हजारीबाग केवल एक धार्मिक समूह नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का संवाहक है।

## चौपारण दौरे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल संगठन मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन को और मजबूत करने, आगामी कांग्रेस कार्यक्रमों की तैयारियों तथा रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही विभिन्न संभावित कार्यक्रम स्थलों का भी निरीक्षण किया गया ताकि सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता, प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता मनोज पिंकू सहाय, जिला सचिव विकास गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हलाल अख्तर, अज्जू सिंह, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, उप मुखिया संजय गुप्ता, जय कुमार महतो, आशीष गुप्ता, प्रमोद वर्णवाल ,नरेश कुमार सहित कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने इस अवसर पर कहा कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज है और हम झारखंड की हर बस्ती तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। चौपारण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। आगामी सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। हम जनता के हित में लड़ाई लड़ेंगे और विकास की नई राह बनाएंगे। कांग्रेस परिवार सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा। यह दौरा हजारीबाग जिले में कांग्रेस की जमीनी पकड़ मजबूत करने और कार्यकताओं में नई ऊर्जा भरने वाला कदम साबित हुआ है। पार्टी आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार दिख रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बरकट्ठा विधायक ने किया चूड़ा दही सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन, उमड़ा जन सैलाब



**बरही :** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने पूर्व से चला आ रहा परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने आवास पर इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा दही कार्यक्रम सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उनके समर्थक के साथ साथ आस पास के हजारों लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चूड़ा दही तिलकुट से सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी लोगों ने चूड़ा दही तिलकुट का आनंद लिया। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने मकर संक्रांति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति का त्यौहार आपसी भाईचारगी का त्यौहार है। नव वर्ष में सबका जीवन मंगल हो। यही कामना है। मौके पर सभी ने मकर संक्रांति की बधाई दी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भरत यादव, सह संयोजक रवि शंकर कुमार, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो ,अशोक यादव, युगल यादव, सहदेव यादव, उमेश यादव, मिट्ठू कुमार, मिथलेश कुमार, तुकलाल नायक, समान ठाकुर, झाकरू चौधरी, टिंकू कुमार, दिनेश यादव, मनोज यादव, सुनील श्रीवास्तव, ईश्वर यादव सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सीएस ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मोतियाबिंद का होगा जल्द ऑपरेशन शुरू



**बरही :** हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बुधवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के स्वास्थ्य व्यवस्था की बारीकी से जांच कर डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद की ऑपरेशन के लिए बन रहे ऑपरेशन रूम का जायजा लिया। उन्होंने जल्द शुरू मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरू करने तथा डेंटल सुविधा को बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने 108 एंबुलेंस के जिला सुपरवाइजर रोहित कुमार को जिला में और बेहतर सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया। वहीं जिला 108 एंबुलेंस सुपरवाइजर रोहित कुमार ने सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को आश्वासन दिया कि जिला में 108 एंबुलेंस की सुविधा बेहतर मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने अस्पताल की व्यवस्था देख संतुष्ट हुए तथा डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को आश्वस्त किया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हर तरह के रोगों की इलाज हो इसके लिए जरूरी उपकरण एवं मानव संसाधन की व्यवस्था युद्ध स्तर पर किया जाएगा।

### पतंग उड़ाने के दौरान बिजली के चपेट में आने से 13 वर्षीय पीयूष गंभीर, रेफर



**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नईटांड़ में बिजली के चपेट आने से पीयूष कुमार उम्र करीब 13 वर्ष पिता गणेश पंडित गंभीर हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीयूष कुमार पतंग उड़ाने के दौरान 33 हजार हाईटेंशन बिजली के तार से झटका लगने से यह हादसा हुआ है। परिजनों एवं स्थानीय लोगों के मदद से बिजली से झुलसे पीयूष को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। निधि संतोष प्रजापति , भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर सहित कई लोग पहुंचे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक दीपक कुमार अपने पीछे पत्नी व एक नन्हे बच्चे को छोड़ गया। वह बरकट्ठा में निजी क्लीनिक में कंपाउंडर का काम करता था। घटना के कारण की अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

### हथिया गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भव्य मकर संक्रांति उत्सव



**चौपारण :** प्रखंड के सेल्हारा मंडल अंतर्गत हथिया गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में मकर संक्रांति उत्सव हर्षोल्लास एवं पारंपरिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर वक्ताओं ने मकर संक्रांति पर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। जिस दिन सूर्य पौष मास में मकर राशि में प्रवेश करता है, उसी दिन यह पर्व मनाया जाता है। वर्तमान समय में यह पर्व प्रायः 14 या 15 जनवरी को पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि तमिलनाडु में यह पर्व पोंगल, कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में संक्रांति, जबकि बिहार के कुछ क्षेत्रों में तिला संक्रांत के नाम से जाना जाता है। कई स्थानों पर इसे उत्तरायण भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह परिवर्तन पृथ्वी के झुकाव और उसकी प्राकृतिक गति के कारण होता है, जो ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, भारतीय संस्कृति के संरक्षण तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के पर्व समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इस आयोजन में मुख्य रूप से चौपारण खंड कार्यवाह विवेक, सह खंड कार्यवाह अभिनाश मिश्रा, जिला घुमंतू प्रमुख अमित सिंह, जिला सह सामाजिक समरसता प्रमुख शंकर सुमन,मुन्ना केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी,राकेश सिंह,सुधीर कौशल, गजाधर प्रसाद,रामसेवक यादव, कपिलदेव यादव,कुलदीप पासवान, कृष्णा चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### झारखंड में ठंड का कहर जारी, 17 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

**रांची :** झारखंड में ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। फिलहाल नौ जिलों में न्यूनतम तापमान का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे है। झारखंड में अधिकतम तापमान 27 I4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान गुमला में 1 I8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 15 जनवरी को 17 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसमें रांची सहित हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, गढ़वा, चतरा, पलामू,लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला शामिल हैं।

### सुदेश महतो अंश और अंशिका को खोजने वाले को करेंगे सम्मानित

**रांची :** आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने रांची से लापता हुए बच्चों अंश और अंशिका के रामगढ़ से सकुशल बरामद होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसे न केवल बच्चों के माता-पिता और परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए सुखद पल बताया। महतो ने बच्चों की सुरक्षित बरामदगी में भूमिका निभाने के लिए पुलिस-प्रशासन, सामाजिक कार्यकताओं, मीडिया और आम नागरिकों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। महतो ने इस पूरे प्रकरण में सजग युवकों सचिन और डब्लू की भूमिका की विशेष सराहना की और कहा कि दोनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री और डीजीपी से अपील की कि पुलिस-प्रशासन हर समय इसी तरह सजग और सक्रिय रहे, ताकि अपराधियों का मनोबल न बढ़े। उन्होंने अनिल टाइगर हत्याकांड के अभियुक्त देवव्रत शाहदेव का पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड में शामिल होना पुलिस की अक्षमता का परिणाम बताया। महतो ने कहा कि यदि समय रहते ऐसे अपराधियों को जमानत नहीं मिलती, तो उनका मनोबल नहीं बढ़ता। वहीं आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने भी अंश-अंशिका की सकुशल वापसी पर पूरे झारखंड में हर्ष का माहौल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले के असली नायक सचिन साहू और डब्लू हैं। बरामदगी का श्रेय पुलिस के साथ-साथ रजरप्पा क्षेत्र के इन दो साहसी और सजग युवकों को जाता है। प्रभाकर ने बताया कि दोनों युवकों ने चितरपुर इलाके में बच्चों को देखने के बाद पहले चुपचाप उनकी तस्वीर ली, फिर परिजनों से पुष्टि की और उसके बाद पुलिस को सूचना दी, जिससे बच्चों की सुरक्षित वापसी संभव हो सकी।

### सीनियर फैकल्टी के निधन पर आरयू के विधि विभाग में आज शोक दिवस

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी की इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (विधि विभाग) के सीनियर फैकल्टी के निधन पर 16 जनवरी को अवकाश रहेगा। विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, 16 जनवरी को विभाग में शोक दिवस मनाया जाएगा। इस दिन कोई भी आधिकारिक कार्य नहीं किया जाएगा। बता दें कि विधि विभाग के वरिष्ठ फैकल्टी उदय प्रताप सिंह का 10 जनवरी को निधन हो गया था और उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को किया गया था। उनके निधन की खबर से विधि विभाग में शोक की लहर है। विभाग ने दिवंगत शिक्षक के असामयिक निधन पर दुख जताया है और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### आदित्य साहू को प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष की मिली कमान, बोले

# हिम्मत है तो पेसा नियमावली जनता में लेकर जाएं : आदित्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पहले संबोधन में ही राज्य सरकार को निशाने पर लिया। कहा है कि पेसा नियमावली बनाने से पहले दूसरे राज्यों की भी नियमवली देख लेते। आदिवासियों के साथ छल किया गया है। अगर सरकार में ताकत है तो इस नियमावली को जनता के बीच ले कर जाएं।



आदिवासियों के नाम पर सिर्फ वोट बटोरने का काम होता है। आज कड़िया मुंडा जैसे व्यक्ति को अपराधी फोन कर धमकी दे रहे हैं। आखिर झारखंड कहां जा रहा है। बंदुक की नोक पर डाका डालने का काम हो रहा है।

साहू ने कहा कि चुनाव में हार-जीत अलग बात है। हार जीत के लिए प्रेरित करता है। लेकिन झारखंड में झूठे-फरेबी लोग जिन्होंने झारखंड आंदोलन को बेचने औहर खरीदने का काम किया, वैसे लोग आज सरकार में बैठे हुए हैं। वे किसी का भला नहीं सोंच सकते।

जल जंगल और जमीन में डाका डाला जा रहा है। राज्य में घुसपैठिया घुस रहे हैं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालेंगे। साहेबगंज के उद्धवा प्रखंड में 78 I6 फीसदी मतदाता बढ़ गए। राज्य विरोधी लोग एसआइआर का विरोध कर रहे हैं। नेपाल में जैसे जनता ने सड़क पर आकर सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया। यहां भी ऐसा होगा तो जनता सरकार को बेदखल करेगी।

आदित्य साहू ने बाबूलाल मरांडी की तारीफ करते हुए कहा कि एक बड़े भाई ने छोटे भाई को जिम्मेवारी सौंपी है। बाबूलाल मरांडी राज्य के धरोहर हैं। संगठन और सरकार चलाने का व्यापक अनुभव है। मैं जीवन का कण-कण,क्षण क्षण भाजपा को देने का काम करूंगा। उन्होंने बूथ कार्यकताओं से कहा कि धैर्य मत खोईए। चलते रहिए। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव से जनता-जर्नादन के लिए काम करता है। जनता का आशीर्वाद कभी बेकार नहीं जाता। मैं कभी आडंबर पर ध्यान नहीं देता। राजनीतिक जीवन में काफी उतार-चढ़ाव देखे। अच्छे रास्ते पर चलने से दुनिया की कोई ताकत बर्बाद नहीं कर सकती। साहू ने कहा कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यकर्ता निष्ठा और समपर्ण के साथ काम करते हैं। राष्ट्रभक्ति के भाव से पार्टी को सींचने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी से बार-बार सीखता हूं। संसद में वे एक-एक सांसदों को नाम से पुकारते हैं।

राष्ट्रीय नेतृत्व एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम करते हैं। आज नितिन नवीन जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। मनुष्य का काम बोलता है। आचार-विचार और व्यवहार बोलता है। भाजपा रूपी मां से पहचान और प्रसिद्धी दी है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयान उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरूषों ने त्याग, तपस्या और बलिदान से पार्टी रूपी वट-वृक्ष को सींचने का काम किया।

### निकाय चुनाव में जमीनी उम्मीदवार उतारेगी केंद्रीय सरना संघर्ष समिति

**रांची :** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के तत्वावधान में नगर निगम चुनाव को लेकर पिस्का मोड़ में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिवा कच्छप ने कहा- आगामी नगर निकाय चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा और संगठित रणनीति और जन सरोकारों के मुद्दों के साथ चुनाव लड़ा जाएगा। बैठक में चुनाव रणनीति, संगठनात्मक तैयारियां व जनाधार मजबूती के लिए चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति नगर निकाय चुनावों में हर स्तर पर सक्रिय भागीदारी निभाएगी। योग्य और जमीनी स्तर से जुड़े उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। इसके साथ ही बूथ व वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। साथ ही तेजी से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा चुनाव रणनीति लागू करने पर जोर दिया गया। वहीं, इस बैठक में बिनोद तिर्की,संजय उरांव,बबलू किस्पोट्टा, सती तिर्की, अनिता उरांव, संगीता गाड़ी, सिटीआ उरांव, पर्वती टोप्पो, वृद्धि उरांव, पीकी कुजूर, सुनिता उरांव समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# अंश-अंशिका की सकुशल वापसी पर धुर्वा में मना जश्न, नेताओं ने जताई खुशी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा इलाके से लापता अंश और अंशिका की सकुशल वापसी पर बुधवार को 'अंश-अंशिका बचाओ संघर्ष समिति' ने धुर्वा में अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाईं। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को बधाई और धन्यवाद दिया।

समिति के संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बच्चों की सुरक्षित वापसी न्याय और मानवता की जीत है। उन्होंने इसे पुलिस प्रशासन की साख, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता का जीवंत उदाहरण बताया। यादव ने कहा कि दबाव और राजनीतिक बयानबाजी के बावजूद प्रशासन ने संयम और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए इस चुनौतीपूर्ण मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री की ओर से पीड़ित परिजनों को हरसंभव सहायता देने के निर्देश को सच्ची मानवता का प्रतीक बताया। साथ ही समिति ने अपहरण में शामिल पूरे गिरोह का जल्द खुलासा कर कठोर कार्रवाई की मांग की।

कैलाश यादव ने इस अभियान में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, हटिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा, धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह, तकनीकी सेल और पूरी पुलिस टीम ने दिन-रात मेहनत कर इस बड़ी चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया।

### प्रदेश कांग्रेस ने बच्चों की सकुशल बरामदी पर रांची पुलिस को बधाई



रांची : अंश और अंशिका की सकुशल बरामदी पर प्रदेश कांग्रेस ने रांची पुलिस को बधाई दी है। प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा और मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने रांची सहित झारखंड पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में कांग्रेस कभी राजनीति नहीं करती है। कहा कि प्रशासन की संजीदगी और प्रतिबद्धता के कारण दोनों बच्चे सुरक्षित मिल सकें। नेताओं ने यह मांग की है कि प्रशासन इसके तह तक जाए, ताकि गिरोह का भंडाफोड़ हो और इस तरह की घटनाओं पर विराम लगे।

### अंश और अंशिका की सकुशल बरामदगी राहत की खबर : मरांडी



**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि धुर्वा क्षेत्र से 2 जनवरी से लापता दो मासूम बच्चे, अंश कुमार राय और अंशिका कुमारी की सकुशल बरामदगी राहत की खबर है। बच्चों की खोजबीन को लेकर बजरंग दल द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। बजरंग दल रामगढ़ जिला के नेतृत्व में रामगढ़ के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। जहां-जहां गुलगुलिया एवं मांगकर खाने वाले लोग रहते थे, उन संभावित स्थानों पर जाकर लगातार खोज की गई। इस अभियान में बजरंग दल के कार्यकताओं ने समर्पण और जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस पूरे मामले में बजरंग दल चितरपुर समिति के संयोजक सचिन प्रजापति, डबलु साहु और सन्नी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। भाजपा द्वारा किए गए घेराव व प्रदर्शन से भी प्रशासन पर दबाव बना। पुलिस की तत्परता और सहयोग से ही यह सफलता संभव हो पाई। बच्चों के सकुशल मिलने पर बजरंग दल, पुलिस प्रशासन और अभियान से जुड़े सभी लोगों का आभार।

# पत्नी की निजी फोटो वायरल करने की धमकी देना सही नहीं : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवाद के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि पति द्वारा पत्नी की निजी और आपत्तिजनक तस्वीरों को उसकी अनुमति के बिना अपने पास रखना और उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी देना क्रूरता की श्रेणी में आता है। अदालत ने इसे महिला के चरित्र हनन का गंभीर प्रयास माना है।




मामला धनबाद के झरिया का है, जहां वर्ष 2020 में एक जोड़े की शादी हुई थी। पत्नी का आरोप था कि शादी के अगले ही दिन जब वह सो रही थी तब पति ने बिना पूछे उसका मोबाइल चेक किया। मोबाइल के डिजिटल अकाउंट में पत्नी की कुछ पुरानी निजी तस्वीरें थीं। जिन्हें पति ने चुपके से अपने फोन में ट्रांसफर कर लिया। इसके बाद पति ने उन तस्वीरों के जरिए उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसने उन तस्वीरों को अपने परिजनों को दिखाईं और उन्हें सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर पत्नी का मानसिक शोषण किया।

इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने कहा कि किसी के निजी जीवन की तस्वीरों तक अनधिकृत पहुंच बनाना और उनका इस्तेमाल डराने के लिए करना मानसिक क्रूरता है। पति द्वारा अपनी ही पत्नी की छवि धूमिल करना और उसे परिवार के सामने अपमानित करना असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। इससे पहले फैमिली कोर्ट ने पत्नी के तलाक की अर्जी खारिज कर दी थी। जिसे हाईकोर्ट ने अब रद्द कर दिया है। अदालत ने माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत क्रूरता केवल शारीरिक नहीं होती, बल्कि किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना भी मानसिक क्रूरता का पुख्ता आधार है। कोर्ट ने पत्नी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इसे तलाक के लिए वैध आधार माना।

### आज से खुलेंगे रांची के स्कूल

**रांची :** राजधानी रांची में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम लोगों,अभिभावकों और छात्रों के लिए जरूरी सावधानियां जारी की हैं। इस बीच जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 15 जनवरी से स्कूल फिर से खुल रहे हैं, इसलिए बच्चों की सुरक्षा और सेहत को लेकर सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जिले में न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है और शीतलहर की स्थिति येलो जोन में है।

# 69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की शानदार शुरूआत, 2 स्वर्ण व 1 रजत पर कब्जा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मणिपुर के खुमान लम्पक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में झारखंड के खिलाड़ियों ने पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के उद्घाटन खेल में ही दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। झारखंड की तीरंदाज प्रिया महली ने 30 मीटर और 40 मीटर इंडियन



राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निशानेबाजी में दो स्वर्ण पदक जीतकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं,बालक वर्ग में घनश्याम झामुड़ा ने 30 मीटर इंडियन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। बता दें, झारखंड तीरंदाजी टीम इस प्रतियोगिता में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के नेतृत्व में भाग ले रही है। टीम के साथ गए कोच और मैनेजर रोहित कुमार, गंगाधर, ललिता लुगुन, प्रवीण बजराई तथा एचओडी सुशील कच्छप के कुशल मार्गदर्शन और सतत प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि खिलाड़ियों ने पहले दिन ही पदक तालिका में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

तीरंदाज प्रिया महली के दो स्वर्ण पदक जीतने पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए।सोरेंग ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। यह सफलता विशेष रूप से झारखंड की बालिका खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस उपलब्धि पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासकीय पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए। सोरेंग सहित राज्य खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्याम मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनी पठशीला एकादशी



**रांची :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में पठशीला एकादशी बुधवार को उत्सव अत्यन्त श्रद्धा और भक्ति के साथ उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, जरबेरा, गुलदाऊदी, तुलसी दल, गैंदा से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार और बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। मक्कर संक्रांति और वर्ष के पहला एकादशी होने पर प्रातः से ही बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की कतार दर्शन करने के लिए लगने लगी थी। भक्तगण अपने अपने हाथों में लाल गुलाब और प्रसाद श्री श्याम प्रभु को अर्पित करने में लगे हुए थे। रात्रि में पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्त कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति देकर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों की ओर से गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन शुरू किया। इस दौरान भक्तों ने आयो सांवलियो सरकार..., हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया... और दरबार है निराला खाटू के श्याम का.. जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, रबड़ी और मगही पान को भोग के रूप में अर्पित किया गया। साथ ही मक्कर संक्रांति के अवसर पर श्याम प्रभु को शुद्ध घी में बने हुए घेवर, रेवड़ी, तिलकुट, तिल के लड्डू का विशेष भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनियां, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

### मकर संक्रांति पर हेसल जमुवारी गांव में स्वर्णरेखा तट पर मेला, विधायक ने किया उद्घाटन



**अनगड़ा :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हेसल पंचायत अंतर्गत जमुवारी गांव में स्वर्णरेखा नदी के तट पर पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विधायक राजेश कच्छप ने विधिवत पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पारंपरिक पर्व झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, कला और परंपराओं को संरक्षित करने के लिए नई पीढ़ी को इनके महत्व से अवगत कराना आवश्यक है, तभी हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सकेगी। मेले में प्रखंड के विभिन्न गांवों से लोग पारंपरिक टुसू लेकर नाचते-गाते और झूमते हुए पहुंचे, जिससे पूरा मेला स्थल भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण माहौल में तब्दील हो गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर पंचायत की मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य शीला देवी, मदरा मुंडा, साकीर अंसारी, सोहन मुंडा, तुलसी पहान, यूनुस अंसारी, कृष्णा भगत, दुर्गा महतो, अर्जुन राम, बबलू करमाली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### क्रिया आधारित शिक्षा सर्वांगीण विकास का मूल आधार : नकुल शर्मा



**नगड़ी :** श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर कुदलुम रांची में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित आठ दिवसीय प्रांतीय घोष आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। समापन सत्र में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल शर्मा ने प्रशिक्षु आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें क्रिया आधारित शिक्षा के माध्यम से बालकों के अंदर सर्वांगीण विकास करना है। विद्या भारती ने पांच आधारभूत विषयों के द्वारा बालकों के अंदर पंचकोषीय विकास करने का लक्ष्य रखा है। पांच आधारभूत विषयों में शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत घोष की शिक्षा भी दी जाती है। जो बालकों में एकाग्रता और एकता को बढ़ाता है। घोष वाद्य हृदय से हृदय को मिलाने में सहायक होता है। हम घोष की शिक्षा अधिक से अधिक भैया – बहनों को दें, ताकि 2027 दिल्ली में शिशु मंदिर के बालकों का घोष महाकुंभ में झारखंड का प्रतिनिधित्व दमदार हो सके। इसकी योजना सुचारू ढंग से बनाएं। इसके पूर्व क्षेत्र के शारीरिक एवं घोष प्रमुख राजेश प्रसाद ने वृत्त निवेदन में कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में पूरे झारखंड के कुल आठ विभागों से 56 प्रशिक्षु भाग लिए। जिन्होंने 8 दिन तक अनवरत घोष की शिक्षा प्राप्त की । अब इसके बाद हमारी योजना भैया – बहनों का विभाग स्तर पर प्रशिक्षण देने की है। प्रशिक्षु आचार्यों ने सभी के सामने घोष का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रांत घोष प्रमुख तारकेश्वर राय, सह घोष प्रमुख मनबोध कुंभकार सहित कुल 66 लोग उपस्थित रहे।

### स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानीचुआं में मकर संक्रांति मेला आयोजित, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**पिस्का नगड़ी :** नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा नदी की उद्गम स्थली रानीचुआं में प्रत्येक वर्ष की भांति मंगलवार को मकर संक्रांति मेला का आयोजन किया गया। मेला संचालन समिति के मंच का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, अरविंद भगत, शाहिद अहमद एवं रमेश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में नगड़ी प्रखंड सहित आसपास के अन्य प्रखंडों और गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंचे। मेले में तिलकुट, गन्ना तथा घरेलू सामानों की जमकर बिक्री हुई, जिससे मेले में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी की उद्गम स्थली रानीचुआं का दर्शन करने पहुंचे तथा मेला टिकरा स्थित पांडेश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। मेले के सफल संचालन में मेला संचालन समिति के सदस्य दिलीप महतो, शिव चौधरी, रिकी भगत, जलधार महतो, केदार महतो, अयोध्या महतो, शीला देवी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### कुएं में संदिग्ध वस्तु फेंकने के आरोप में एक गिरफ्तार

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के मीरगंज में मंदिर के कुआं में संदिग्ध वस्तु फेंके जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मीरगंज निवासी मोहम्मद बारीक खान 62 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में कोडरमा जेल भेज दिया है। वहीं घटना मीरगंज स्थित एक मंदिर प्रांगण की है, जहां कुआं में सामग्री फेंके जाने की खबर मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। स्थिति की गंभीरता और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका को देखते हुए स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस की कार्रवाई शांति व्यवस्था बनाए रखने और उन्माद फैलाने की कोशिशों को नाकाम करने के लिए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। इस संबंध में सतगावां थाना में कांड संख्या 4/26 दर्ज की गई है।शांति भंग करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोडरमा न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### बकाया बिल के नाम पर शव रोका, समाजसेवी मुन्ना कुमार के हस्तक्षेप से मिला न्याय

**गया :** शहर के जेके मेमोरियल हॉस्पिटल में आज मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया, जहाँ इलाज के दौरान एक मरीज की मृत्यु के बाद अस्पताल प्रबंधन ने बकाया बिल के कारण शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया। परिजनों की बेबसी और हंगामे के बीच युवा समाजसेवी मुन्ना कुमार मसीहा बनकर सामने आए और अपनी सक्रियता से न्याय दिलाया। बताया जाता है कि एक अत्यंत जरूरतमंद परिवार के सदस्य की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। दुख की इस घड़ी में संवेदना दिखाने के बजाय, अस्पताल प्रबंधन ने पूरे बिल का भुगतान न होने तक डेड बॉडी देने से मना कर दिया। परिजनों के काफी विनती करने और हो-हल्ला होने पर भी प्रबंधन नहीं पसीजा। सूचना मिलते ही समाजसेवी मुन्ना कुमार मौके पर पहुँचे और अस्पताल प्रबंधन की इस तानाशाही का कड़ा विरोध किया। मुन्ना कुमार के कड़े रुख और समझदारी भरी पहल के बाद अस्पताल प्रशासन को झुकना पड़ा। उनके हस्तक्षेप से न केवल मरीज का पूरा बकाया बिल माफ हुआ, बल्कि उन्होंने शव को सम्मानजनक तरीके से परिजनों को सौंपवाया।मुन्ना कुमार ने इस संकट की घड़ी में परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए निम्नलिखित सहयोग भी सुनिश्चित कराया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, राहुल दुबे गैंग के छह शूटर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राहुल दुबे गैंग के 6 शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 42 जिंदा गोली और 8 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में नकुल कुमार चौहान उर्फ बिजली, राज कुमार करमाली उर्फ राज विश्वकर्मा, मुकेश करमाली, रंजीत साव उर्फ रंजन कुमार, जयेश पाल और सन्नी सिंह उर्फ आशुतोष सिंह शामिल हैं। ये सभी आरोपी राहुल दुबे गैंग के सदस्य हैं और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि 5 जनवरी 2026 को कुज्जू ओपी क्षेत्र के स्थानीय व्यवसायी डब्बू सिंह के नयागोड़ स्थित आवास पर अज्ञात अपराधकर्मियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था और राहुल दुबे गिरोह का धमकी भरा पर्चा छोड़ा था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की और रक्ळ का गठन किया। SIT ने तकनीकी और अग्रतर अनुसंधान के क्रम में पता लगाया कि राहुल दुबे गैंग के आदेश पर डब्बू सिंह के द्वारा रंगदारी का पैसा नहीं दिये जाने को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि राहुल दुबे के द्वारा सत्यम शुक्ला उर्फ आशीष शुक्ला के साथ मिलकर उ०प्र० के दो बड़े शुटर जयेश पाल और सन्नी सिंह उर्फ आशुतोष सिंह को पैसा देकर रॉची के एक बड़े व्यवसायी की हत्या का जिम्मेवारी दिया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। छापामारी टीम में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, अंचल निरीक्षक रजत कुमार, ओ०पी० प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि दीपक कुमार, पुअनि सदानंद कुमार, पुअनि ओमकार पाल, पुअनि अरविंद कुमार सिंह, पुअनि आशिष कुमार गौतम, पुअनि मनिष कुमार सिंह, पुअनि रौशन कुमार, पुअनि राजेश कुमार, पुअनि गणेश महतो और सा०आ० 341 दिलीप कुमार वर्णवाल शामिल थे।

## कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई महासभा ने वृद्धों और जरूरतमंदों के बीच मनाया मकर संक्रांति का उत्सव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई महासभा, कोडरमा द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासभा के सदस्यों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक त्योहार की खुशियां पहुँचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर राहत सामग्री और खाद्य पदार्थों का वितरण किया।महासभा की टीम ने कोडरमा के बिरहोर टोला, झरनाकुंड मंदिर, वृद्ध आश्रम और कोडरमा स्टेशन जैसे प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान कड़ाके की ठंड और त्योहार को देखते हुए वृद्धों, बच्चों और जरूरतमंद परिवारों के बीच चूड़ा, दही, तिलकुट, गुड़, बिस्कुट, चॉकलेट, बादाम और पापड़ी का वितरण किया गया। वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों और बिरहोर टोला के बच्चों ने जब अपनों के बीच महासभा के सदस्यों को पाया, तो उनके चेहरे खिल उठे। संस्था के सदस्यों ने न केवल सामग्री बांटी, बल्कि उनके साथ समय बिताकर त्योहार की खुशियां भी साझा कीं।इस सेवा कार्य को सफल बनाने में महासभा के प्रमुख सदस्यों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से:संतोष लाल, छेदी गुप्ता, डॉ. नीरज साहा, कुणाल गुप्ता, वीर गुप्ता, आशीष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, श्रवण गुप्ता, संजय गुप्ता, चंदन गुप्ता, मनीष गुप्ता, विपिन गुप्ता, शशि गुप्ता, प्रिंस गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

## मकर संक्रांति पर मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा द्वारा गौशाला में तुलादान


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा झुमरी तिलैया के तत्वावधान में 14 जनवरी को गौशाला परिसर में तुलादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत गौमाता की सेवा एवं संरक्षण के उद्देश्य से तुलादान किया गया। मंच एवं प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों ने बताया कि जो सदस्य किसी कारणवश गौशाला में उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने भी स्वेच्छा से अपने अथवा अपने परिवार के वजन के अनुसार सामग्री का सहयोग प्रदान कर इस पुण्य कार्य में भागीदारी की। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष राहुल जैन, कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी, उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक शुभम चौधरी, सह सचिव अतुल खेतान, परियोजना निदेशक ऋषभ पहाड़िया सहित अंकित खेतान, शैलेश दारुका, आकाश जैन, पीयूष काशलीवाल, कुणाल जैन पीयूष भोजगड़िया, रितेश दुग्गड शामिल थे वहीं प्रेरणा शाखा की ओर से अध्यक्ष सारिका लड्ढा ,आकृति चौधरी, नेहा हिसारिया, प्रिया अग्रवाल, श्वेता गुटगुटिया प्रीति गुटगुटिया सुनीता गुटगुटिया, मीना हिसारिया, स्नेहा दारूका, स्नेहा खेतान, आदि उपस्थित हुए। सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सेवा, सहयोग और संस्कार की भावना को मजबूत करते हैं। अंत में मंच द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। गौशाला समिति की ओर से दोनों मंचों से आए सभी का भरपूर स्वागत किया गया और आभार भी प्रकट किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौशाला के उपाध्यक्ष महेश दारूका, सचिव अरुण मोदी, श्रीकांत प्रसाद सभी उपस्थित रहे।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी का सांझी लोहड़ी उत्सव, एकता और खुशियों का प्रतीक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ ने मंगलवार की देर शाम माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में हर्षोल्लास के साथ सांझी लोहड़ी मनाया। इस अवसर पर बिरादरी के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव और महासचिव महेश मारवाह ने पारंपरिक तौर पर लकड़ी जलाकर अग्नि देव की पूजा की। इसके बाद उपस्थित सैकड़ों महिला-पुरुषों और बच्चों ने लोहड़ी की अग्नि में काला तिल, चूड़ा, मूंगफली डालकर अग्नि देव की परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना की। इस समारोह में पूरे रामगढ़ जिले के पंजाबी परिवार और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए महेश मारवाह ने बताया कि सांझी लोहड़ी का तात्पर्य सामूहिक लोहड़ी होता है, जो पंजाब का एक प्राचीन त्यौहार है। उन्होंने बताया कि आज से लगभग 27 वर्षो पूर्व बिरादरी के जिन सदस्यों के यहां खुशियां होती थी, उन परिवारों द्वारा अलग-अलग लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता था। चूंकि लोहड़ी का त्यौहार प्रत्येक वर्ष एक ही दिन 13 जनवरी को और लगभग एक ही समय में प्रत्येक घरों में मनाया जाता था, जिससे खुशियां प्राप्त करने वाले प्रत्येक घरों में पहुंचकर बधाई देना संभव नहीं हो पाता था। इसी वजह से पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ ने 27 वर्षो पूर्व सांझी लोहड़ी की शुरूआत की। इस बार लोहड़ी में बिरादरी के चार परिवार के यहां नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है, जिसमें राजभूषण धमीजा, संजीव चड्ढा, रमण मेहरा और विनोद सोबती शामिल हैं। समारोह में मोहित धमीजा पत्नी चांदनी धमीजा, शिवम चड्ढा पत्नी निशा चड्ढा, सौरभ मेहरा पत्नी निशा मेहरा और लोकेश सोबती पत्नी मनीषा सोबती को पंजाबी हिन्दू बिरादरी के बुजुर्गों ने माता वैष्णों देवी के प्रसाद के रूप में चुन्नी, नारियल, श्रीमद्भागवत गीता और 101 रुपये की राशि भेंट कर आशीर्वाद दिया।

## क्लोरोफिल स्कूल में बच्चों ने लोहड़ी धूम धाम से मनाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक स्थित स्थानीय क्लोरोफिल स्कूल परिसर में लोहड़ी के अवसर पर खूब धमाचौकड़ी की। खुले मैदान में नाचते गाते और थिरकते हुए खुशगवार बच्चे बहुत ही सुंदर दृश्य उपस्थित कर रहे थे। बच्चों के साथ-साथ उनकी टीचर्स भी घेरा बनाकर गोल-गोल घूम रही थीं। मैदान में लकड़ी जलाकर सारे बच्चों ने हाथों में तिल लेकर संगीत की मौसमी धुन पर खूब नृत्य किया। बच्चों के उत्साह को कक्षा तीन की चंचल छात्रा हिमांशी कश्यप ने प्राचार्य के पास आकर कुछ इस तरह व्यक्त किया - ₹मैम आज तो मजा आ गया, आज का दिन तो इतना मेमोरेबल हो गया कि कभी नहीं भूलेंगे। प्राचार्या कंचन अग्रवाल ने कहा कि इस नन्ही छात्र का वक्तव्य सारे छोटे-छोटे बच्चों की खुशी का स्तर बता रही है। उन्होंने संक्रांति और लोहड़ी की शुभकामनाएं दी और बच्चों को हमेशा जागृत और जीवंत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षिका सीमा जैन, सुलगना राय, अनुप्रिया कुमारी, अलका वर्मा, नफीसा इमाम, आंचल अग्रवाल, और पंकज सहाय नई योगदान दिया। निदेशक अजय अग्रवाल ने कहा कि ऊर्जा और उत्साह का यह वातावरण ही क्लोरोफिल का अनूठापन है।

## मकर संक्रांति पर गौसेवा की मिसाल, गौशाला में 350 से अधिक गौवंशों को तिलकुट-गुड़ का भोग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पूरे शहर में तिलकुट की सोंधी खुशबू और गुड़ की मिठास ने पर्व का उल्लास घोल दिया। लोग एक-दूसरे को चूड़ा-तिलकुट और गुड़-दही की दावत देकर रिश्तों में मिठास बढ़ाते नजर आए। इसी कड़ी में शहर के यदुटांड़ स्थित श्री कोडरमा गौशाला परिसर में भी मकर संक्रांति विशेष रूप से मिठास भरी रही। जहां 350 से अधिक गौवंशों के लिए पर्व को सेवा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के प्रतिष्ठित फर्नीचर व्यवसायी, ब्लॉक रोड स्थित बीरू फर्नीचर के संचालक बीरेंद्र यादव उर्फ बीरु यादव मकर संक्रांति की सुबह करीब सवा क्विंटल गुड़, तिलकुट और चूड़ा लेकर गौशाला पहुंचे। गौशाला कर्मियों के सहयोग से उन्होंने रोटरी क्लब के अध्यक्ष संतोष कुमार एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता अरुण ओझा के साथ मिलकर सभी गौवंशों को तिलकुट, गुड़ और चूड़ा खिलाया। इस सेवा कार्य से न केवल गौवंशों को सुखद अनुभूति मिली। बल्कि उपस्थित लोगों ने भी दिव्य आशीर्वाद का अनुभव किया।इस अवसर पर बीरेंद्र यादव ने कहा कि निस्वार्थ भाव से सभी को गौसेवा से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि परमात्मा की कृपा से वे निरंतर समाजसेवा और गौ सेवा के कार्यों में जुड़े हुए हैं और आगे भी सेवा का अवसर मिलने पर पूरे तन-मन से लोगों की सेवा में लगे रहेंगे।

## मनरेगा पर हमले के खिलाफ कांग्रेस का महासंग्राम मजदूरों का हक वापस दिलाएगी पार्टी : प्रकाश रजक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**डोमचांच :** प्रखंड कार्यालय में डोमचांच प्रखंड कांग्रेस कमेटी और नगर पंचायत कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की, जबकि संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिन्हा ने किया। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम रहा जिसपर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतों में जन संवाद अभियान चलाकर मजदूरों को मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिन के रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान और जॉब कार्ड से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक शामिल हुए जिन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र सरकार जानबूझकर बजट में कटौती कर रही है, काम बंद कराए जा रहे हैं और महीनों तक मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा। यह मजदूरों के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों पर खुला हमला है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और मनरेगा की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि मनरेगा योजना के सवाल पर कांग्रेस पार्टी मुखर होकर लड़ाई लड़ेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के भीतर सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी गठन, इछअ की नियुक्ति तथा इछअ फॉर्म-2 भरने का कार्य पूरा करने का भी निर्णय लिया गया है, ताकि संगठन को मजबूत कर मनरेगा बचाओ संग्राम को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जा सके। प्रकाश रजक ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना गरीबों को पलायन के लिए मजबूर करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस हर स्तर पर बेनकाब करेगी। बैठक के बाद मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक को कांग्रेस नेता अजय कृष्णा मोदी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, अनंत कुमार मेहता, मन्ना राम, सरोज मेहता, रोहित गोस्वामी आशा देवी बसंती देवी ने भी संबोधित किया बैठक में, सुधीर मेहता, असगर अली सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष रफीक मियां ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पर गिरा मिला 'टैब', युवक ने सुरक्षित वापस कर पेश की मिसाल



**झुमरी तिलैया :** आज के दौर में जहां लोग छोटी-छोटी चीजों के लिए भी बेईमानी पर उतर आते हैं, वहीं झुमरी तिलैया के एक युवक ने ईमानदारी की एक ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। गांधी स्कूल रोड निवासी प्रिंस मोदी ने एक कीमती गैजेट वापस कर यह साबित कर दिया कि शहर में आज भी इंसानियत और ईमानदारी बची हुई है। जानकारी के अनुसार, चंद्रपुरा केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य किसी कार्यवश तिलैया आए हुए थे। इसी दौरान तिलैया थाना और रेलवे स्टेशन के बीच के व्यस्त मार्ग पर उनका 'टैब' कहीं गिर गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब टैब नहीं मिला, तो प्राचार्य ने इसकी उम्मीद छोड़ दी थी।उसी रास्ते से गुजर रहे गांधी स्कूल रोड के निवासी प्रिंस मोदी की नजर सड़क पर गिरे उस टैब पर पड़ी। प्रिंस ने बिना किसी लालच के उसे उठा लिया और उसके वास्तविक मालिक की तलाश शुरू की। अंततः सही पहचान सुनिश्चित करने के बाद प्रिंस ने वह टैब ससम्मान केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य को सौंप दिया। अपना कीमती सामान और महत्वपूर्ण डाटा वापस पाकर प्राचार्य ने प्रिंस मोदी का आभार व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रिंस जैसे युवाओं की वजह से ही समाज में एक-दूसरे के प्रति विश्वास बना रहता है।

### धर्मपरायण महिला सुधा चौधरी के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता



**झुमरी तिलैया :** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई मेसर्स चौधरी ब्रदर्स के किशन लाल चौधरी की धर्म पत्नी सुधा चौधरी के निधन पर अग्रवाल समाज के अलावा कई सामाजिक, स्वयंसेवी संगठन एवं शुभचिंतकों ने शोक संवेदना प्रकट की है। सुधा चौधरी एक धर्मपारायन महिला थी सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में वो बढ़-चढकर हिस्सा लेती थी। वे अपने पीछे एक पुत्र आशीष चौधरी, दो पुत्री रूचि अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। रोटरी क्लब झारखंड-बिहार 3250 के पूर्व मंडला अध्यक्ष प्रकाश बगड़िया के अलावा पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता सहित कई गन्यमान्य लोगो ने शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि सुधा चौधरी के द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शोक संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से आशा व्यक्त की इस दुख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करे। वहीं बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने वाले परिजनों ने भी झुमरी तिलैया स्थित दादी जी अपार्टमेंट पहुंचकर संवेदना प्रकट की। संवेदना प्रकट करने वालों में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंघानिया, महेश दारुका, मुन्ना पिलानिया, कैलाश अग्रवाल, मुकेश भालोटिया, मनोज केडिया, मनीष पेड़ीवाल, विमल पचीसिया, सुनील लोहिया, दीपक दारुका, कमल दारुका, सुरेन्द्र गुप्ता, अमृत शर्मा, अमित गुप्ता के नाम मुख्य रूप से शामिल है।

### 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस।



**सतगांवा :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोठियार पंचायत के ग्राम दोनैया में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मालूम हो कि 25 वर्षीय महिला, सैजुना खातून की संदिग्ध स्थिति में अपने हीं घर में मृत का मामला प्रकाश में आया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना सुनते ही ग्रामीण इकट्ठे हो गए। इसकी सूचना सतगावां थाना को दी गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई मामले की सूचना मिलते ही सतगावां पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा अपने दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में ले लिया पोस्टमार्टम के लिए शव को कोडरमा भेज दिया गया। वहीं उपस्थित मृतिका की मां साजिदा खातून ने बोली मेरी बेटी की पति ने दो शादी की है। जो कि पहले शादी 15 वर्ष पूर्व किया था, जिससे पहली पत्नी से चार बच्चे थे। उसके बाद मेरी बेटी को भगा कर लव मैरेज 5 वर्ष पूर्व किया था। बच्चा नहीं रखने को लेकर आपस में विवाद होते रहता था और सौतन के साथ भी मार पीट होते रहता था। जबकि मेरी बेटी से पूर्व में हीं दो बच्चे गिराया गया था। दोनों सौतन अपने मौसेरी बहन थी। एक ही गांव में मायके और ससुराल था। मृतिका के पति एवं सौतन बेगम खातून व बच्चे घर से फरार है। इस विषय पर थाना प्रभारी से पूछे जाने पर बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल पुलिस इसे संदेहास्पद मौत मानकर हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके।

### मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बच्चों और वृद्धजनों के साथ मनाया गया उत्सव



**रामगढ़ :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने डिवाइन ओंकार मिशन, मुरमकला, रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम एवं अनाथालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वृद्धजनों और बच्चों के साथ खुशियां साझा की गईं और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए दोपहर भोजन की समुचित व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और वृद्धजनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्व के पावन अवसर पर वृद्धजनों के साथ खुशियाँ साझा करना और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इससे पहले, बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के द्वारा दिनांक 14 जनवरी को पालू स्थित ओंकार वृद्धाश्रम में चूड़ा-तिलकुट एवं दही वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, शैबाल कुमार, आशीष कटारिया, सूरज देव प्रसाद, शुभम कुमार, प्रतिष्ठा पाठक सहित सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर वृद्धजनों ने अपने अनुभव साझा किए और बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### बुजुर्गों को मिला कंबल नवनियुक्त ASO अभिषेक मेहता सम्मानित



**हजारीबाग:** प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में मानवता और गौरव का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी और प्रमुख समाजसेवी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में मिली सफलता को भी सराहा गया। कड़ाके की ठंड में बुजुर्गों को मिली राहत बढ़ती ठंड को देखते हुए लक्ष्मी देवी और राजकुमार मेहता ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वार्ड के असहाय बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के बीच कंबल वितरण किया। कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान दिखी और उन्होंने इस नेक कार्य के लिए आशीर्वाद दिया। समाजसेवी राजकुमार मेहता का उद्देश्य है कि हर अंतिम पायदान व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण अभिषेक कुमार मेहता का सम्मान समारोह रहा। हाल ही में झारखंड CGL की परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर झारखंड मंत्रालय में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (अरड) के पद पर चयनित होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने अभिषेक को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि अभिषेक की सफलता ने पूरे सरैया पंचायत और वार्ड नंबर 9 का मान बढ़ाया है। वह क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी ने कहा कि हमारा वार्ड शिक्षा और सेवा दोनों में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, युवा और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

### जैप-7 पदमा में निवर्तमान समादेष्टा कौशल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई विदाई



**पदमा :** जैप-7 पदमा हजारीबाग में निवर्तमान समादेष्टा कौशल किशोर को गरिमामय समारोह के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। यह कार्यक्रम वर्तमान समादेष्टा अविनाश कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समारोह में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र कुमार दुबे, मनीष चंद्रलाल, जोगिंदर शाह सहित संगठन के सभी पदाधिकारी, कर्मी तथा जैप7 के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने कौशल किशोर को फूल-माला, बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में वर्तमान समादेष्टा अविनाश कुमार ने कहा कि श्री कौशल किशोर के कार्यकाल में शुरू किए गए सभी सकारात्मक एवं कल्याणकारी कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि जवानों का मनोबल ऊँचा बना रहे और यूनिट और अधिक सशक्त हो। वक्ताओं ने कौशल किशोर के अनुशासित, दूरदर्शी और प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया।
विदित हो कि कौशल किशोर पदोन्नति प्राप्त कर पुलिस उप महानिदेशक, पलामू रेंज के रूप में अपना नया कार्यभार संभाल चुके हैं।

# प्रेम-प्रसंग में सुपारी किलिंग, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत पतराहातु गांव में चाऊमीन दुकान संचालक हराधन महतो को गोली मारने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए जख्मी की पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह मामला प्रेम-प्रसंग और सुपारी किलिंग से जुड़ा हुआ पाया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 7 जनवरी 2026 को ग्राम पतराहातु स्थित चाऊमीन दुकान में दो अज्ञात अपराधकर्मियों ने घुसकर दुकानदार हराधन महतो को गोली मार दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मोटरसाइकिल से कारेयाडीह की ओर फरार हो गए थे। गंभीर रूप से घायल हराधन महतो बयान देने की स्थिति में नहीं थे, जिसके बाद उनकी पत्नी गंगा देवी के फर्दबयान पर सिल्ली थाना कांड संख्या 02/26, दिनांक 09/01/26, धारा 118(2)/109(1)/3(5)




बीएनएस एवं 26/27/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जख्मी हराधन महतो की पत्नी गंगा देवी, उम्र करीब 33 वर्ष, पति-हराधन महतो, ग्राम-पतराहातु, सतिया टोला, थाना-सिल्ली, जिला-रांची एवं कंचन महतो, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता-अमर महतो, ग्राम-पतराहातु, कुम्हार टोला, थाना-सिल्ली, जिला-रांची के बीच पिछले करीब पांच वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पूछताछ के क्रम में कंचन महतो ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने सुनील चन्द्र महतो, उम्र करीब 31 वर्ष, पिता-गोन्दल महतो, ग्राम-जोगाडीसिबु, टोला-नीमडीह,पो-बाबुरामडीह, थाना-तमाड़, जिला-रांची एवं तारकेश्वर महतो उर्फ सोनू, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता-स्व. विक्रम महतो, ग्राम-जोगाडीसिबु, टोला-नीमडीह,पो-बाबुरामडीह, थाना-तमाड़, जिला-रांची के साथ मिलकर हराधन महतो की हत्या के लिए चार लाख रुपये में सुपारी तय की थी। पुलिस के अनुसार, घटना से पूर्व भी अपराधियों द्वारा रेकी कर हत्या का प्रयास किया गया था, लेकिन वे सफल नहीं हो सके थे। घटना के दिन गंगा देवी द्वारा ही अपने पति की मौजूदगी की सूचना अन्य अपराधियों को दी गई थी। आरोपियों की निशानदेही पर एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली बरामद की गई है। पुलिस ने इस कांड में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। इस कार्रवाई में शामिल छापामारी दल में सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार, पु०अ०नि० मुकेश कुमार कुशवाहा, रवि कुमार वर्मा, उदय कुमार सिंह, अरुण प्रसाद यादव, स०अ०नि० विनोद कुमार चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## आदित्य साहू के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संजीव सिन्हा ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। संजीव सिन्हा ने कहा कि आदित्य साहू के बूथ कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक का राजनीतिक सफर उनके समर्पण, संगठन निष्ठा और संघर्ष का प्रमाण है। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और सार्वजनिक जीवन का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा और झारखंड में भाजपा जनसेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू का सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाता है, वहीं उनका सशक्त



सांगठनिक कौशल पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगा एवं कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा। जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने विश्वास जताया कि आदित्य साहू के कुशल नेतृत्व में पार्टी झारखंड में जोरदार वापसी करेगी।

## भाजपा के नवनिर्वाचित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को आजसू नेता हरे लाल महतो ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राज्यसभा सांसद एवं राज्य के वरिष्ठ नेता आदित्य साहू के निर्वाचित होने पर एनडीए घटक दलों में हर्ष का माहौल है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं ईचागढ़ से एनडीए के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरे लाल महतो ने उन्हें अनेकों बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। अपने शुभकामना संदेश में हरे लाल महतो ने कहा कि आदित्य साहू का लंबा राजनीतिक अनुभव, सशक्त नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक दक्षता एनडीए को झारखंड में और अधिक मजबूती



प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में एनडीए न केवल जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा, बल्कि राज्य में एक मजबूत, सजग और जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका भी निभाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आदित्य साहू कोल्हान क्षेत्र के प्रभारी रहे थे, वहीं हाल ही में संपन्न घाटशिला उपचुनाव में भी उन्होंने प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। उनके नेतृत्व में एनडीए ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरकर जनता के मुद्दों को सामने रखा। भले ही चुनावी परिणाम जो भी रहे हों, लेकिन एनडीए ने हमेशा जनता के हक और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का काम किया है। हरे लाल महतो ने आशा व्यक्त की कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आदित्य साहू के मार्गदर्शन में एनडीए का संगठनात्मक विस्तार होगा और झारखंड की जनता के बीच गठबंधन की पकड़ और मजबूत होगी।

## इलाज के दौरान युवक की मौत, परिजनों में कोहराम, गांव में पसरा सन्नाटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पदमा प्रखंड के बिहारी गांव में उस वक्त मातम पसर गया, जब 30 वर्षीय युवक रवि कुमार मेहता की इलाज के दौरान मौत हो गई। रवि दो बच्चों का पिता था। इस घटना के बाद से ही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**क्या है पूरा मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को रवि कुमार अपने दोस्तों के साथ ईचाक प्रखंड के शालापर्णी गया हुआ था। वहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। दोस्तों और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया।मंगलवार देर शाम तक



उसकी स्थिति में काफी सुधार देखा गया था, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; बुधवार तड़के करीब 4:00 बजे अस्पताल में इलाज के दौरान अचानक उसकी मृत्यु हो गई।

**आसपास के ग्रामीणों में बना चर्चा का विषय : क्या आपसी कलह बनी वजह**

रवि की मौत को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि रवि और उसकी पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से आपसी समन्वय ठीक नहीं था। ग्रामीणों के बीच दबी जुबान में यह बात कही जा रही है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर रवि ने शालापर्णी में ही किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ी। पदमा पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद मृतक के चाचा ने स्थानीय थाना प्रभारी को मामले की सूचना दी। थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि यह सामान्य मृत्यु है या जहर के सेवन से हुई है।

## आदित्य साहू को नई जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर रामगढ़ जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि आदित्य साहू की इस नई जिम्मेदारी से संगठन में मजबूती आएगी और आगामी नगर पालिका चुनाव व विधानसभा चुनाव में इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। बता दें कि आदित्य साहू की इस नई जिम्मेदारी पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार कुंटू, प्रो संजय सिंह, दिनेश प्रसाद, राजीव रंजन प्रसाद, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, शिवकुमार महतो, मनोज जायसवाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि



आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा संगठन और मजबूत होगा और पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। आदित्य साहू की इस नई जिम्मेदारी पर भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि आदित्य साहू के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक नई उम्मीद जागी है और वे आगामी चुनावों में पार्टी की जीत के लिए जी-जान से जुट जाएंगे।

### झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ की 22 वीं स्थापना दिवस समारोह संपन्न

# राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देना होगा : नारायण महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ की 22वीं स्थापना दिवस समारोह बुधवार को प्लस टू एसआरएसएसआर हाई स्कूल सरिया परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर रूपांशु तथा संचालन लक्ष्मी नारायण पांडेय ने किया। वहीं बताओ मुख्य अतिथि प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष नारायण महतो,विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार शर्मा नारायण दास बैजनाथ मंडल दीपक कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। वही उपस्थित लोगों ने शहीद साथियों के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। पश्चात स्वागत गीत अतिथि सम्मान सेवानिवृत्ति सहायक अध्यापक तथा नवनियुक्त सहायक




अध्यापकों का शॉल एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। मंच के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नारायण महतो ने पूरे झारखंड प्रदेश के सहायक अध्यापकों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामना देते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया है। कहा कि झारखंड सरकार में शिक्षा की रीढ़ कहे जाने वाले पारा शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जबकि सहायक अध्यापकों ने सुदूरवर्ती इलाकों में भी विकट परिस्थितियों में जद्दोजहद कर साक्षरता दर को आगे बढ़ाने का कार्य किया।परंतु सुविधा के नाम पर सहायक अध्यापकों को झुनझुना मिला। हमारी पीड़ा उनके कानों तक पहुंचने के बाद भी हमारी मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पारा शिक्षकों के हित में जो वादा सरकार ने किया था अब तक उसे निभाया नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार हमारी मांगों को पूरा करें। अन्यथा विवश होकर पुनः जोरदार आंदोलन के लिए हमें विवश होना पड़ेगा। इसकी सारी जवाब देही सरकार की होगी। झारखंड विधानसभा आम चुनाव के वक्त हेमंत सोरेन ने घोषणा किया था कि सरकार बनते ही 3 महीने के अंदर सहायक अध्यापकों को वेतनमान या समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाएगा। हम सबों ने हर संभव मदद किया। जिसका परिणाम हुआ कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी।चुनाव के एक कार्यकाल पूरा हुआ। दूसरे बार पुनः हेमंत सोरेन की सरकार बनी परंतु लगभग साढ़े छःवर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अपने वादे से मुकर गई है, बिल्कुल चुपी साधे हुए है। जिससे राज्य के 60 हजार पारा शिक्षक आक्रोशित हैं। सरकार यदि अपने वादे को पूरा नहीं करती है तो एक बार फिर झारखंड के सहायक अध्यापक आर पार की लड़ाई के मूड में हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ के बैनर तले नौ सूत्री मांग सरकार के समक्ष रखी गई हैं।जिसमें राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान या समतुल्य मानदेय दिया जाए, सहायक अध्यापकों की सेवा 60 वर्ष से बढ़कर 62 वर्ष की जाए,वर्ष 2018 में आंदोलन के क्रम में रघुवर सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों पर किए गए मुकदमे को वापस लिया जाए,राज्य के सभी टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य के पद पर सीधे नियुक्ति किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सिसदा टोटकों नाला में बतख पकड़ो घर के जाओ प्रतियोगिता



**पटमदा:** पटमदा के सिसदा टोटकों नाला के पास आंचलिक शिव पूजा के अवसर पर सिसदा मेला कमिटी के सौजन्य से एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया इस दौरान कमेटी के द्वारा महिलाओं के बीच नाला के पानी को बांधकर एक प्रतियोगिता आयोजित किया जाता हैं। जिसमें पानी में जिंदा बतख को छोड़ा जाता हैं। पानी में उतरकर जो बतख को पकड़ेगा वह बतख उसी का होगा। वही अलग से नकद राशि कमेटी के द्वारा पुरस्कार के रूप मे दिया जाएगा।वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कमेटी के द्वारा सुबह से ही वहां स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर मेला शुभारंभ किया जाता हैं। इस टोटकों नाला में आसपास के गांव के लोग मकर संक्रांति के अवसर पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव शंकर की पूजा कर पुण्य कमाते हैं। इस दौरान कमिटी ग्राम प्रधान दल गोविंद सिंह,चंदन सिंह,पशुपति सिंह,खगेन सिंह,पूर्ण सिंह,धवल सेठ, बी सूर्या राव,तापस,अजय सहित कई ने शिरकत कर भगवान शिव शंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया



**मुरी :** मुरी स्वर्ण रेखा नदी के तट पर बुधवार के दिन मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी के तट पर सुबह से ही स्नान ध्यान और पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा पाठ कर दान पुण्य का काम किया साथ ही श्रद्धालुओं ने तट पर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान का दर्शन भी किया। दूसरी और दोपहर में तुलिन में स्वर्णरेखा नदी तट के किनारे मेला का आयोजन हुआ जिसमें झालदा,तुलिन,कोटशिला और झारखंड के लोग सम्मिलित होकर मेला को भव्य बनाया। मेला में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी थी,जिसमें दर्शनार्थियों ने जमकर खरीदारी की बताते चले कि यह मेला काफी दशकों से लग रहा है,जिसका नया साल आते ही लोगों में मेला को लेकर काफी उत्साह जग जाता है।वहीं मेला कमेटी मेला को सौहार्दपूर्ण बनाने को लेकर मुस्तैद दिखे। इधर मेले में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बंगाल पुलिस भी काफी सक्रिय थी।

### पांच शहीद सेउरन दंहगी सोसाइटी झालदा में टुसु मेला और कुड़माली किताबों की उड़ान



**मुरी :** मुरी पांच शहीद सेउरन दंहगी सोसाइटी झालदा में आखाइन जातरा के दिन 15 जनवरी को शहीदों की स्मृति में मेला लगाया जाता है ब्रिटिश आइन अमान्य आन्दोलन के दौरान फास्ट फायरिंग इन बिहार 15 जनवरी 1931 में शहीद हुए गोकुल महतो, गणेश महतो, मोहन महतो,शीतल महतो और सहदेव महतो की स्मृति में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने इनके शहीद स्थल सत्य मेला परिसर में एक म्यूजियम का शिलान्यास उद्घाटन किया था, जिसको देखने के लिए आसपास के हजारों लोग इस मेला परिसर में आते हैं, मेला परिसर में टुसु प्रदर्शनी ,खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कुड़माली न्यू ईयर आखाइन जातरा के दिन इस मेला परिसर में कुड़माली की पुस्तक कुड़मि कुड़मालिक डहर , मुधेइन, सहिद गनेस महतो,आंइआ कुड़मि कुड़मालि, आंतर,पिआस कुड़मालि छेडब जुड़ति, बारअ मासे तेरअ परब के अलावे कुछ और किताबों का उड़ान किया जाएगा मेला परिसर में हजारों की तादाद में लोग आते हैं। शिक्षा विद और गण मान्य लोग भी शहीदों को श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन देने के लिए इस मेले में आते हैं।

### पीवीयूएनएल, पतरातू में लोहरी का जश्न, एकता और खुशियों का प्रतीक



**पतरातू:** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के टाउनशिप ग्राउंड में लोहरी उत्सव का भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ ए.के. सहगल और रेणु सहगल ने उपस्थित सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को लोहरी की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों – अनुपम मुखर्जी, मुख्य महाप्रबंधक; मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक ; ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक ; और जोगेश चंद पात्र, महाप्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इस पर्व के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि लोहरी का यह पर्व सभी के जीवन में समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और नए आरंभ लेकर आए। पारंपरिक रीति-रिवाजों, लोकगीतों और उल्लासपूर्ण वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द और एकजुटता को और मजबूत किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने लोहरी के गीतों पर नृत्य किया और एक दूसरे के साथ खुशियाँ साझा कीं। पीवीयूएनएल के सीईओ ए.के. सहगल ने कहा कि लोहरी का यह पर्व हमें एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पीवीयूएनएल हमेशा अपने कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के साथ खड़ा रहता है और उनकी खुशियों में भागीदार बनता है। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों को लोहरी के उपहार वितरित किए और उनके साथ फोटो खिंचवाए। कार्यक्रम का समापन सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के साथ सामूहिक भोज के साथ हुआ। पीवीयूएनएल के इस लोहरी उत्सव ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को एक साथ लाने का काम किया और उन्हें एकता और खुशियों का प्रतीक बनाया।

# मकर संक्रांतिः सृष्टि में ऊर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व

शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान के साथ गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं। इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है। वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है।उसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है। राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है। इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है। तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है। जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं। महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं, बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। असम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं। गुजरात में मकरसंक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी-बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं। मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है। हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है। हमें इस आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

## सूडोकु नवताल- 7675

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल-7674 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# अयोध्या श्री राम मंदिरः वैश्विक शांति और समृद्धि की नींव

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

22 जनवरी, 2024 को दुनिया भर के लाखों लोगों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया, जिसने भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण की शुरूआत की। श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या सिर्फ एक शहर से कहीं ज्यादा है; यह एक कालातीत, आध्यात्मिक गूंज है। यह श्री राम के धर्म, सत्य, बलिदान और आदर्श जीवन के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है। अयोध्या भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, शाश्वत भक्ति और भारत को "विश्वगुरु" बनाने के लिए दुनिया में शांति लाने के मार्ग के रूप में एक प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है, जबकि हाल ही में निर्मित राम मंदिर आध्यात्मिक चमक से जगमगा रहा है।

श्री राम मंदिर हिंदू दर्शन और संस्कृति की भव्यता को दशार्ता है। इसका विस्तृत डिजाइन, जो प्राचीन भारत की कलात्मक और स्थापत्य प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करता है, पारंपरिक भारतीय कौशल, ज्ञान और कारीगरी को प्रदर्शित करता है। अपनी शानदार वास्तुकला से परे, यह मंदिर हिंदू और वैश्विक संस्कृति में एक एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करने के लिए भाषाई और भौगोलिक बाधाओं को पार करता है। यह दुनिया भर में हिंदू प्रवासियों के लिए उनकी वंशावली की याद दिलाता है और सांस्कृतिक गौरव का स्रोत है। दिन-ब-दिन अधिक तंत्रज्ञान से जुड़े हुए दुनिया में, यह एकता को बढ़ावा देता है और हिंदू धर्म के कालातीत सिद्धांतों को बनाए रखता है।

श्री राम की छवि अयोध्या या भारत तक सीमित नहीं है। उनकी आभा वास्तव में पूरी दुनिया में महसूस की जाती है। वह पूरी मानवता के प्रतीक हैं।

हिंदू धर्म के संदर्भ में, राम मंदिर का निर्माण लाखों लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत में एक महत्वपूर्ण मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। एक भौतिक इमारत होने के अलावा भगवान राम को समर्पित यह मंदिर आध्यात्मिक पुनर्जन्म, सांस्कृतिक संरक्षण और उन सिद्धांतों का प्रतीक है जो दुनिया भर में हिंदुओं और मानवता में विश्वास रखने वालों के दिलों में गहराई से अंकित हैं। राम मंदिर की कहानी हिंदू धर्म के लोकाचार के साथ एक गहरा संबंध बनाती है, जो एक पवित्र स्थान पर ईश्वर की वापसी की साझा इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है।

हिंदुओं के लिए, राम मंदिर उनकी प्राचीन विरासत की एक भौतिक याद दिलाता है और संस्कृति की शाश्वत जीवन शक्ति का प्रतीक है। नतीजतन, यह मंदिर हमारे समाज के मूलभूत सिद्धांतों और राम के उन गुणों दोनों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्हें सभी लोग प्रशंसनीय पाते हैं। इस 7वें या वैवस्वत मन्वंतर में 28वें द्वापर के खत्म होने और कलियुग की शुरूआत को पांचवीं सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व में भगवान कृष्ण की मृत्यु के बाद रामराज्य की प्रतीकात्मक स्थापना से चिह्नित किया गया था।

"राम" शब्द सिर्फ. एक प्राचीन सभ्यता से कहीं ज्यादा है जो आज तक मौजूद है, यानी भारत। यह नाम एक पहचान और एक मूल्य का प्रतीक है जो व्यवहार और जीवंतता में सभी ऐतिहासिक युगों से परे है। भारत के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के साथ-साथ देश के पश्चिम और पूर्व के लोककथाएँ लोगों के दिलों में ज़िंदा हैं।

"राम" एक ऐसा नाम है जिसकी भारत के हर कोने में बच्चे छोटी उम्र से ही गुणगान करते हैं। उनकी पौराणिक जीवन कहानियाँ भारत की सीमाओं से परे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों तक फैल गई हैं, जहाँ रामायण को आज भी थिएटर, संगीत, नृत्य, चित्रकला और मूर्तिकला में रचनात्मक रूप से दिखाया जाता है।

संस्कृत में वाल्मीकि रामायण, हिंदी में तुलसीदास की रामचरितमानस, तमिल में कंबन की रामावतारम और श्री राम के महाकाव्य की कई और क्षेत्रीय कहानियाँ हजारों सालों से पूरे भारत में गूंज रही हैं। यह आम कहानी जो भाषाओं और रीति-रिवाजों से परे है, भारत को एकजुट करने वाले कारक के रूप में उनके कार्य को उजागर करती है।

भारत से परे, रामायण का पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया पर प्रभाव है; म्यांमार और लाओस की कला, थाईलैंड की रामाकियन, कंबोडिया की रीमकर और इंडोनेशिया की काकाविन रामायण सभी यह दशार्ते हैं कि राम के सिद्धांत विश्व सांस्कृतिक परंपराओं में कितने गहरे बसे हुए हैं। राम के सिद्धांत सार्वभौमिक रूप से आकर्षक हैं जैसा कि अंकोर वाट के शानदार स्मारकों और जावा की छाया कठपुतलियों से देखा जा सकता है। श्री राम को समर्पित इस शानदार मंदिर को भारत की सॉफ्ट पावर के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के रूप में देखा जा सकता है। राम मंदिर का महत्व स्थानीय सीमाओं से परे वैश्विक क्षेत्र तक फैला हुआ है। यह मंदिर प्रेम, विश्वास, अंतर्राष्ट्रीय भाईचारे और मानवता के सभी सकारात्मक पहलुओं का प्रतीक बन जाएगा जो दुनिया भर के लोगों के साथ गूंजते हैं क्योंकि राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कहानियों को फिर से परिभाषित करते हैं। भारतीय संस्कृति की मूलभूत समावेशिता निःस्संदेह एक अधिक सहायक माहौल प्रदान करेगी। इतिहास की उथल-पुथल के बावजूद, अयोध्या की भावना बनी रही, राष्ट्रीय सीमाओं को पार करते हुए और दुनिया भर में गूंजती रही। भारत से परे, भगवान राम को नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया और अन्य देशों में पूजा जाता है।

हजारों सालों से, भारत की संस्कृति, रीति-रिवाज और सामाजिक आदर्श पूरे दक्षिण एशियाई उपमहाद्वीप के साथ साझा किए गए हैं। ये विशेषताएं, साथ ही क्षेत्रीय राजनीतिक गतिशीलता, राम मंदिर द्वारा फिर से परिभाषित की जा सकती हैं।

भारतीय सभ्यता के मौलिक गुण, समावेशिता और स्वीकृति, ने ऐतिहासिक रूप से दुनिया भर के विभिन्न देशों, धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं के बीच राजनीतिक खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे भारत एक पूरी तरह से अलग राष्ट्र बन गया है जहां धार्मिक बहुलवाद की गारंटी है और उसे प्रोत्साहित किया जाता है।

अयोध्या में श्री राम मंदिर सदियों के लचीलेपन और भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाता है, न कि सिर्फ विनाश की याद दिलाता है। रामलला के दर्शन का उद्देश्य हमारे समाज के मौलिक सिद्धांतों और मूल्यों को बनाए रखना, उनके महत्व पर जोर देना और आने वाली पीढ़ियों के लिए इन सिद्धांतों की एक स्थायी याद दिलाना है।

भगवान श्री राम आदर्श "मर्यादा पुरुषोत्तम" हैं, जो आध्यात्मिक गहराई और मार्शल वीरता का सामंजस्यपूर्ण संयोजन हैं, जो भारतीय लोकाचार की जीवंत ऊर्जा में ऊंचे खड़े हैं और भारतीय समाज, साहित्य, संगीत और गीतों में कल्पना किए गए आदर्श पुरुष का प्रतिनिधित्व करते हैं।

राम मंदिर के निर्माण से भारत में समावेश के एक नए युग की शुरूआत हुई है। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को इस जगह पर इकट्ठा होने और भारत की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसे साझा विरासत के प्रतीक में बदल दिया गया है।

राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह उन सामान्य आदर्शों की मार्मिक याद दिलाता है जो भारत के लोगों को एक साथ बांधते हैं। मंदिर की भव्यता श्री राम के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ-साथ पिछली कड़वाहट को पीछे छोड़कर एक समृद्ध भविष्य को अपनाने के साझा संकल्प को दर्शाती है।

अगर श्री राम को एक बेंचमार्क माना जाता है तो इसलिए नहीं कि वह सिर्फ एक दिव्य शक्ति हैं; बल्कि, इसलिए कि उन्होंने मानवीय क्षमता और दृढ़ता की उस हद को दिखाया जो चमत्कार और अजूबे पैदा कर सकती है। जन्म से इंसान होने के बावजूद, उन्हें बचपन से ही शांति और सुकून के कारण दिव्य शक्ति के रूप में पूजा जाता है। अपनी मजबूत हिंदू जड़ों के बावजूद, श्री राम मंदिर की कहानी में एक सार्वभौमिक सबक है।

भगवान राम का जीवन निष्पक्षता, कर्तव्य और सद्भाव का एक उदाहरण है- ऐसे मूल्य जो सभी संस्कृतियों और धर्मों से परे हैं। नतीजतन, यह मंदिर हिंदुओं के लिए एक पवित्र स्थान होने के साथ-साथ उन आदर्शों का प्रतीक भी है जो दुनिया भर के सभी लोगों को ऊपर उठाते हैं। यह विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को धर्म के सिद्धांतों पर विचार करने और न्याय, करुणा और ईमानदारी से भरे जीवन के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# नहीं थम रहा बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्या का दौर

**रमेश शर्मा**

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों और उनकी बर्बर हत्याओं का दौर रुक नहीं रहा। इसमें हिन्दु स्त्रियों के साथ सामूहिक बलात्कार का अध्याय भी जुड़ गया है। लेकिन भारत के अधिकांश वे राजनैतिक दल चुप हैं जिन्हें आतंकवादियों के भी मानवाधिकार की चिंता रहती है। पिछले सप्ताह काँग्रेस नेता जयराम रमेश और के वेणुगोपाल तो मीडिया से बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या का प्रश्न सुनकर ही भाग निकले।

यह वही बंगलादेश है जिसके निवासियों को कभी अपनी बांग्ला संस्कृति पर गर्व होता था और बांग्ला संस्कृति को सुरक्षित रखने केलिये संघर्ष किया था। उनके संघर्ष को सार्थक करने के लिये भारत ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी थी। 1971 का युद्ध भी झेला था। इसमें भारत के लगभग 3900 जवानों का बलिदान हुआ था और लगभग दस हजार सैनिक घायल हुए थे। लाखों करोड़ का वित्तीय भार पड़ा सो अलग। बंगलादेश यदि अस्तित्व में आया है तो भारत के कारण लेकिनवही बंगलादेश अब भारत के विरुद्ध षड्यंत्र रच रहा है और हिन्दुओं का जीना मुश्किल कर रहा है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन को डेढ़ साल होने आ गया है। सत्ता परिवर्तन के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हुये जो रुकने का नाम नहीं ले रहे बल्कि हमलों की क्रूरता बढ़ रही है। बांग्लादेश अब जिस राह पर है, उसमें तीन बातें बहुत स्पष्ट हैं। एक पाकिस्तान के प्रति प्रेम और एकजुटता, दूसरी भारत के प्रति घृणा और तीसरी हिन्दुओं की हत्याएँ। तीनों प्राथमिकताएँ पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई और कट्टरपंथी संगठन जमायत-ए-इस्लामी की हैं। जमायत-ए-इस्लामी अपनी कट्टरता के लिये पूरी दुनिया में कुख्यात है। कई देशों ने तो इस पर प्रतिबंध लगा रखा है। जबकि पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई को आतंकवाद की संरक्षक माना जाता है।

बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता परिवर्तन इन दोनों संस्थाओं की रणनीति थी। कहने के लिये वह छात्र आँदोलन था लेकिन परदे के पीछे यही दोनों संगठन थे। अब बंगलादेश में आईएसआई का कार्यालय खुल गया है। जमायत-ए-इस्लामी खुलकर चुनाव में भाग ले रही है। यह जमायत-ए-इस्लामी वही संस्था है जिसने 1971 में शेख मुजीबुरहमान के नेतृत्व चल रहे बांग्लादेश आंदोलन का विरोध किया था। जमायत-ए-इस्लामी पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बनाने के पक्ष में कतई नहीं थी। यह आईएसआई और जमायत-ए-इस्लामी की सक्रियता ही है कि अब बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच आने-जाने के लिये वीजा के कई प्रावधान सरल कर दिये गये हैं।

बांग्लादेश में अब भारत को खुलेआम धमकियाँ भी दी जाने लगीं हैं। बांग्लादेश नेशनल सिटीजन पार्टी के प्रमुख हसनत अब्दुल्लाह ने तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जिन्हें 'सेवन सिस्टर्स' कहा जाता है, को भारत से तोड़ने की धमकी भी दी है। इन राज्यों में अरुणांचल प्रदेश, मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड और त्रिपुरा माने जाते हैं। बांग्लादेश के एक अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी अब्दुल रहमान ने भी भारत के टुकड़े करने की धमकी दी है। इन धमकियों को साधारण नहीं समझा जा सकता। जिस प्रकार कट्टरपंथियों के ₹स्लिपर सेल₹ भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने का षड्यंत्र रच रहे हैं उससे हसनत अब्दुल्लाह और अब्दुल रहमान की धमकियों को हल्का नहीं लिया जा सकता। तीसरे, बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले और हत्याओं के बढ़ते आँकड़े हैं। हमलों और हत्याओं के आँकड़े बढ़ने के साथ उनमें क्रूरता भी बढ़ रही है। हिन्दुओं पर हमले और हत्याओं का यह क्रम सत्ता परिवर्तन के पहले दिन से ही आरंभ हो गया था।

बांग्लादेश में ऐसा कोई गाँव नहीं जहाँ हिन्दुओं के घरों पर हमला न हुआ हो। बांग्लादेश सरकार ने अब ऐसे समाचारों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। समाचार पत्र ही नहीं वे सोशल मीडिया एकाउंट भी लॉक किये जा रहे हैं जो हिन्दुओं पर हमले और उत्पीड़न के समाचार प्रसारित कर रहे हैं। फिर भी चोरी-छिपे जो समाचार आ रहे हैं वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं।

हिन्दुओं पर अत्याचार के लिये कट्टरपंथी नित नया पैंतरा अपना रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ घरों और मंदिरों पर हमले, चाकू या गोली मारकर हत्या का क्रम अब क्रूरता के साथ हत्या और जिन्दा जलाने की घटनाओं में बदल गया है। यह क्रूरता लगभग वैसी ही है जैसी सल्तनतकाल में हुआ करती थी। तब उसका उद्देश्य क्रूरता से हत्या करके हिन्दुओं को डराना था ताकि क्रूरता पूर्वक हत्याओं का यह दृश्य देखकर भयभीत हिन्दु धर्मांतरण कर लें। पिछले चौबीस दिनों में आठ हिन्दुओं की क्रूरता पूर्वक की गई हत्याओं में बर्बरता की वही झलक है। इन हत्याओं के अतिरिक्त एक हिन्दू स्त्री से बलात्कार और एक हिन्दू महिला अधिकारी को गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी देने की घटना भी सामने आई है। इन बड़ी घटनाओं के अतिरिक्त बारह गाँवों में हिन्दुओं के घरों पर हमला करने के समाचार भी आये।

हत्याओं और हिन्दुओं के उत्पीड़न का यह नया दौर कट्टरपंथी उस्मान हादी की हत्या के बाद पुनः आरंभ हुआ। उस्मान हादी पर 12 दिसंबर 2025 को दो बाइक सवार हमलावरों ने ढाका के बिजयनगर क्षेत्र में किया था। उसे गोली मारी गई थी। उसे उपचार के लिये सिंगापुर ले जाया गया। जहाँ 18 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। हादी की मौत से हिन्दुओं का कोई लेना-देना नहीं था। लेकिन उसकी मौत को बहाना बनाकर हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हिन्दुओं के घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान ही नहीं हिन्दुओं के संपादन में चल रहे समाचारपत्र कार्यालयों और साँस्कृतिक संस्थानों पर भी हमले हुये। इनमें ह्य'प्रोथोम आलो और 'डेली स्टार' समाचार पत्र और 'छायानात' और 'उदिची शिल्पी' जैसे साँस्कृतिक संस्थाओं के कार्यालय शामिल हैं।

जिस दिन हादी की मौत हुई उसी दिन 18 दिसम्बर को दीपू चंद्र दास नामक हिन्दु की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई। दीपूदास की हत्या सीधे चाकू मारकर अथवा गोली मारकर नहीं की गई। पहले सारे कपड़े उतारे गये, फिर पीटा गया। अधमरा करके पेड़ से बांधकर जिन्दा जलाया था। कट्टरपंथियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया ताकि हिन्दुओं में भय व्याप्त हो। दूसरी हत्या 24 दिसंबर की रात को राजबाड़ी जिले के पांगशा में अमृत मंडल की गई। उस पर ईशनिंदा का आरोप लगाया और हिंसक भीड़ ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया था। पुलिस अमृत मंडल को गंभीर अवस्था में पंगसा उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले गई। रात करीब 2 बजे मंडल का निधन हो गया। तीसरी हत्या 30 दिसंबर को ब्रजेन्द्र विश्वास की हुई। ब्रजेन्द्र को उसी स्थान पर ले जाया गया जहाँ दीपू दास की हत्या की गई थी। बृजेंद्र बिस्वास को गोली मारकर हत्या करने वाला उसी का साथी नौमान मियां था। चौथी हत्या 31 दिसम्बर को हिंदू बिजनेसमैन खोकन चंद्र दास की हुई। यह हत्या शरियतपुर जिले के दामुड्या के कोनेश्वर यूनियन में केउरभंगा बाजार के पास हुई थी। वह रात लगभग 9:30 बजे अपनी फार्मेसी की दुकान बंद करके लौट रहा था तभी कट्टरपंथियों ने उसे रोका। पहले मारपीट की फिर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। खोकन दास स्वयं को बचाने के लिये वहीं सड़क के किनारे तालाब में कूदा। आग देखकर और चीखें सुनकर भीड़ एकत्र हुई। दास को अस्पताल ले जाया गया जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। पाँचवीं हत्या पत्रकार राणा प्रताप बैरागी की हुई। यह हत्या जेस्सोर जिले के मोनिरामपुर में सोमवार 5 जनवरी को की गई। कट्टरपंथियों ने राणा प्रताप को आवाज लगाकर रोका और भरी दोपहर सरेआम गोली मार दी। छठी हत्या इसी दिन व्यवसायी मणि चक्रवर्ती की हुई। वे मणि चक्रवर्ती से पैसा वसूलना चाहते थे। इसी बीच 11 जनवरी को हिन्दु नेता और संगीतकार प्रोलय चाकी की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है। वे बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी के सीनियर नेता थे। आठवीं मौत समीर की हुई। समीर रामानंदपुर गांव का रहने वाला था और रिक्शा चलाता था। रात लगभग दो बजे दक्षिण करीमपुर मुहुरी बाड़ी के पास समीर की लहूलुहान लाश मिली।

# जब गले पड़े पुरस्कार का हो गया 'तिरस्कार'

**निर्मल रानी**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान,एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुये एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी 'सम्मान' ग्रहण करने से पहले यह जरूर देखना चाहिये कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना 'सम्मान' है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमकाने या स्वयं की प्रसिद्धि की खातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं। ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिये लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे गैरे नत्थू खैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुँच जाते हैं। यहाँ तक कि सम्मान हासिल करने के लिये तरह तरह की जुगाड़बाजियाँ भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं ।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को 'सावरकर' के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गयी परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। गौर तलब है कि केरल की 'हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी' नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025' का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस ) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसंबर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025' का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। ल्फ्छ्र इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है, और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस,उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुये इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से।


गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि 'मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर -जिम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा'। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा। थरूर पहले सावरकर पर किताब लिख चुके हैं और उनका कहना है कि सावरकर का अध्ययन जरूरी है, लेकिन आलोचनात्मक रूप से।

उधर HRDS इंडिया के आयोजकों ने इस विषय पर यह दावा किया था कि थरूर को इस पुरस्कार के बारे में पहले से जानकारी दी गई थी और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई थी। परन्तु थरूर ने संस्था के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। आखिरकार यह विवाद इतना बढ़ा कि विवाद के बाद न तो सम्मान प्राप्तकर्ता के रूप में शशि थरूर ने कार्यक्रम में शिरकत की ना ही सम्मान देने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में पधारे। परन्तु इस घटना के बाद सावरकर के नाम को लेकर एक बार फिर उनके विवादित व्यक्तित्व को लेकर बहस जरूर छिड़ गयी। गौरतलब है कि संघ व भाजपा सावरकर को 'वीर सावरकर' कहकर बुलाती है और एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्हें सम्मान देती है। जबकि कांग्रेस उन्हें ब्रिटिश हुकूमत से मुआफी मांगने वाला व्यक्ति मानती है। निश्चित रूप से शशि थरूर का सावरकर सम्मान लेने से इंकार करना न केवल कांग्रेस में उनकी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि वैचारिक रूप से सावरकर की हिंदूवादी राजनीति को भी खारिज करता है।

इस घटना ने संघ व भाजपा परिवार की उस 'चतुराई' को भी एक बार फिर उजागर कर दिया है जिसके तहत वह कांग्रेस अथवा अन्य धर्मनिरपेक्ष व उदारवादी नेताओं को किसी न किसी बहाने अपने साथ खड़ा हुआ दिखाने की कोशिश करती रहती है। साथ ही ऐसा कर उन्हें कांग्रेस में भी वैचारिक रूप से असहज करने का प्रयास करती है। हालांकि संघ व भाजपा की इस नीति से यह सन्देश भी जाता है कि उनके पास इस स्तर के अपनी विचारधारा रखने वाले नेताओं की भी कमी है।

## दैनिक पंचांग

15 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.45 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कुंभ | 08.31 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.04 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.15 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.13 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.26 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.54 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 00.05 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.20 ब.से |
| | | धनु | 04.36 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 15 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 20.17 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 05.48 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** वृद्धि 20.38 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 07.07 बजे तदनन्तर तैतिल 20.17 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रांति** दक्षिण 21° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872590
**जूलियन दिन** 2461055.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रजब **तारीख** 25
**विशेष** माघ बिहू।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभस्य श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### इग्नू में जनवरी सत्र का नामांकन 31 तक होगा

**साहिबगंज:** इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय, देवघर के निदेर्शानुसार, इग्नू अध्ययन केंद्र-3605, साहिबगंज महाविद्यालय के समन्वयक डॉ ध्रुव ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए 31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। ध्रुव ज्योति सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं पीजी पाठ्यक्रम मे एम.ए. अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास के साथ यूजी पाठ्यक्रम मे बी.ए मे अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, मनोविज्ञान बी.कॉम सामान्य, बी.एससी सामान्य बी.सीए आदि डिप्लोमा-रूरल डेवलमेंट, डीईसीई, डीनएचई सर्टिफिकेट कोर्स आदि जनवरी 2026 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया भी 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन के माध्यम से जारी है। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए छात्र-छात्राए साहिबगंज महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 से संपर्क कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत कदमा स्थित सड़क किनारे दो युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। बरहेट वापस लौटने के दौरान झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष की नजर पड़ी और निजी वाहन से इलाज के लिए बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हडवाडीह गांव के सनी हांसदा व अविनाश मरांडी के रूप में पहचान हुई हैं। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ चंदन कुमार की देखरेख में इलाज किया गया। जहां प्रखंड अध्यक्ष ने घायल के परिजनों को सूचना से अवगत करा कर हर संभव मदद किया। मौके पर समसुल अंसारी, समदा सोरेन, संजय सोरेन, नागराज साह सहित अन्य मौजूद थे।

### हजारीबाग में बिंदेश्वरी दुबे की 102वीं जयंती मनाई गई

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वतंत्रता सेनानी सह सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिन्देश्वरी दुबे की 102 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि बिन्देश्वरी दुबे एक भारतीय राजनेता, प्रशासक, स्वतंत्रता सेनानी एंव श्रमिक नेता थे जो संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री तथा कानून, न्याय, श्रम एंव रोजगार विभाग के केन्द्रीय मंत्री रहे । इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भी रहे । वे सातवीं लोकसभा के सदस्य तथा राज्यसभा के सदस्य के साथ साथ छेः बार विधानसभा के सदस्य रहे । कई बार संयुक्त बिहार तथा झारखंड सरकार के कई महत्वपूर्ण विभाग के मंत्री रहे । इन्हेंने देश की कोलियरीयों के राष्ट्रीयकरण में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी विरेन्द्र कुमार सिंह प्रदेश सचिव बिनोद सिंह युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद जाविर सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह नगर अध्यक्ष परवेज अहमद जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सलीम रजा, मिथिलेश दुबे, जिला महासचिव दिलीप कुमार रवि, बाबर अंसारी, रघु जायसवाल, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, एनए चौधरी, निसार अहमद भोला, सैयद अशरफ अली, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, चन्द्र शेखर आजाद, उदय पाण्डेय, अर्जुन नायक, गिरजा शंकर, बालेश्वर सिंह, विवेक कुमार, मनोज पासवान, संतोष रजवार, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच की आमसभा में नए पदाधिकारियों का किया गया चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच के चौथे वार्षिक आमसभा का आयोजन बुधवार को मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि आमसभा की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष डॉ ए के बेरलिया ने की। अपने संबोधन में डॉ बेरलिया ने संस्था द्वारा किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष कुल 35 विद्यार्थियों और युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया है। इनमें सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के अलावा मेडिकल, बीडीएस, सीए, जेईई नीट यूजी के अलावे अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता शामिल थे। आमसभा में सचिव प्रतिवेदन प्रभात कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। आमसभा के दौरान संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल के निर्देशन में नए सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर डॉ ए के बेरलिया, उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, मानद सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया और कोषाध्यक्ष सुरेश बौंदिया को मनोनित किया गया। आमसभा में धन्यवाद ज्ञापन माणिक चंद जैन ने किया। मौके पर रतन जैन, निशा जैन, नरेश अग्रवाल सहित कई सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर डॉ बेरलिया ने कहा कि मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि मंच आगे भी इस दिशा में काम करता रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित करता रहेगा।

## हर्षोल्लास के साथ जिले वासियों ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व, गंगा में लगाया डुबकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ शहर सहित प्रखंड क्षेत्रों में बुधवार को मनाया गया। मकर संक्रांति को लेकर शहर के मुक्तेश्वर बिजली घाट, शकुंतला सहाय घाट, पुरानी साहिबगंज घाट, शीतला मंदिर घाट, आदि घाटों पर शहर, प्रखंड, व बरहरवा, बरहेट, पाकुड़, दुमका, बोरियों, आदि शहर सहित प्रखंड से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने निजी वाहन एवं अन्य यातायात के संसाधनों से पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही विभिन्न मंदिरों में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मान्यता के अनुसार दान पुन किया। हालांकि ठंड के कारण गंगा घाटों पर भीड़ कम देखा गया। मकर संक्रांति को लेकर सुबह से ही बाजार में काफी चहल-पहल देखी गई।लोगों ने चुरा, दही, लाइ, मिठाई, तिलकुट, तिलवा, घेवर, आदि की जमकर खरीदारी किया। साथ ही शाम के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में मान्यता के अनुसार खिचड़ी, पिट्ठा आदि अन्य पकवान बनाकर कर भगवान को भोग लगाया। इधर बच्चों के द्वारा जमकर पतंग उड़ाते देखा गया।

## हिट एंड रन, राहवीर योजना एवं गुड समारिटन पॉलिसी से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के 14वें दिन साहिबगंज जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों हेतु हिट एंड रन, राहवीर योजना एवं गुड समारिटन पॉलिसी से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें पुलिस पदाधिकारियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी, प्रक्रियागत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों में त्रुटियों का निवारण करते हुए मुआवजा भुगतान हेतु आवेदनों को अग्रसारित किया गया। कार्यशाला में गुड समारिटन पॉलिसी के उद्देश्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, जिसके तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान कर मृत्यु दर में कमी लाने का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त राहवीर योजना एवं हिट एंड रन योजना से संबंधित जागरूकता पम्पलेट, बुकलेट एवं हैंडबिल का वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एम.भी.आई. कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित पुलिस बल के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## ट्रेन डिरेल करने की मकसद से ट्रैक पर लोहा रखने वाले तीन आरोपियों को रेल पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** हावड़ा डिवीजन के रामपुरहाट गुमानी रेलखंड में तिलभिट्टा कोटालपोखर के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहा रखकर डिरेल करने का मामले में रेल पुलिस को सफलता मिली है। मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों से कड़ी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि आरपीएफ निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने की।

**10 जनवरी को ट्रेन डिरेल करने की रची थी साजिश**

आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि बीते 10 जनवरी की रात लगभग 10 से 10.30 बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोटालपोखर तिलभिट्टा स्टेशन के बीच पिलर संख्या 156/4 के निकट लगभग 5 फिट की कटिंग रेलवे लाइन को डाउन पटरी में रख दिया गया था, जिसके बाद वह मालगाड़ी से टकरा गई। जिस कारण आधा दर्जन से अधिक कंक्रीट स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ड्राइवर द्वारा इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई थी।

**तीनों आरोपी को भेजा न्यायिक हिरासत में**

जांच व छापेमारी के दौरान सदर प्रखंड के रानीपुर गांव के यार मोहम्मद शेख, संग्रामपुर गांव के राहुल शेख और कुमारपुर गांव के नाजमी शेख को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में तीनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि आरपीएफ मामले की जांच आगे जारी रखेगी और यदि इस मामले में अन्य और किसी का नाम सामने आएगा तो उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया जायेगा। वहीं रेलवे ट्रैक में कटिंग लोहे की पटरी रखने का मकसद क्या है, इस पर आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि इसके बारे में गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने अभी तक खास कुछ नहीं बताया है।

## आदित्यपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत "रफ़्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ" अभियान के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावाँ की उपस्थिति में आदित्यपुर क्षेत्र अंतर्गत ऑटो क्लस्टर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा टीम द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को ओवरस्पीडिंग न करने की अपील की गई। साथ ही, ओवरस्पीडिंग के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए वाहन चालकों के बीच पैम्फलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने हेतु भी जागरूक किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा गम्हरिया चौक, लाल बिडिलंग एवं गम्हरिया बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेश प्रसारित किए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट की उपयोगिता तथा ओवरस्पीडिंग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु शपथ भी दिलाई गई।

# हिंद आईटीआई के छात्रों का औद्योगिक प्लांट में तकनीकी प्रशिक्षण, मशीनों के बीच सीखा उद्योग का असली पाठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** तकनीकी शिक्षा को नई ऊंचाई देने की दिशा में हिंद आईटीआई इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने स्पंज आयरन कंपनी के अत्याधुनिक औद्योगिक प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कर उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला साबित हुआ, जहाँ किताबों का ज्ञान प्रत्यक्ष अनुभव में तब्दील हुआ। प्लांट भ्रमण के दौरान अनुभवी इंजीनियरों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने छात्रों को औद्योगिक सुरक्षा नियमों, मशीन संचालन और उत्पादन प्रक्रिया की बारीक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भारी मशीनरी, एसिड फाइनल सेक्शन, कंट्रोल रूम, उत्पादन इकाई सहित विभिन्न आधुनिक संयंत्रों का निरीक्षण किया और जाना कि किस प्रकार कच्चा माल तैयार उत्पाद में परिवर्तित होता है। मशीनों की गूंज, कंट्रोल रूम की निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की सख्त पालना ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। इस प्रत्यक्ष अनुभव से विद्यार्थियों में उद्योगों के प्रति समझ और आत्मविश्वास दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। इस अवसर पर हिंद आईटीआई के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी शिक्षा तभी सार्थक है जब छात्र उद्योग की वास्तविक कार्यशैली से रूबरू हों। ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों को रोजगारोन्मुख बनाते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। कार्यक्रम के समापन पर हिंद आईटीआई के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन एवं सभी विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सहयोग और मार्गदर्शन के लिए स्पंज आयरन कंपनी के प्लांट प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीराम चौकी के पास रास्ते में एक व्यक्ति को मारी गोली, इलाजरत



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी के पास मंगलवार की देर शाम एक व्यक्ति को घेर कर गोली मार दिया। गोली लगने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर परिजनों के सहयोग से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल व्यक्ति का इलाज प्रारंभ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी 40 वर्षीय मो. बाबर हुसैन है। घायल बाबर हुसैन ने बताया कि वे काम कर अपना घर लौट रहा था, इसी दौरान श्रीराम चौकी के पास गांव के मुन्ना का पुत्र जामिल व साहिल मिल कर हमें घेर लिया,जबकि सामने से गोली जामिल ने चला दी। गोली युवक के दाया हाथ में लग कर निकल गई। इधर चिकित्सक ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि गोली व्यक्ति के हाथ को छू कर निकल गई है। वही घायल व्यक्ति को एक्स-रे कराने के लिए भेज दिया गया। एक्स-रे रिपोर्ट के बाद ही वस्तु स्थिति का पता चल सका कि गोली हाथ को छू कर निकल गया। इधर सूचना मिलने पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह व नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी लेने में जुटी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने एक महिला यात्री और एक बच्चे की जान बचाई




**साहिबगंज:** मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और मालदा के आरपीएफ के संभागीय सुरक्षा आयुक्त आशीष कुमार कुल्लू के समग्र पर्यवेक्षण में, मालदा संभागीय रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन जारी रखे हुए है। जहां सराहनीय सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए, साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज ने 13.01.2026 (मंगलवार) को एक महिला यात्री और उसके बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित की।लगभग 04:45 बजे, प्लेटफार्म नंबर 03 पर, ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल अमित कुमार ने एक महिला यात्री को अपने बच्चे के साथ चलती हुई ट्रेन नंबर 63074 साहिबगंज-रामपुरहाट पैसेंजर में चढ़ने की कोशिश करते हुए देखा। इस प्रयास के दौरान, यात्री और उसका बच्चा दोनों अपना संतुलन खो बैठे और असुरक्षित स्थिति में आ गए। कांस्टेबल अमित कुमार ने तुरंत और सूझबूझ से काम लेते हुए मौके पर पहुंचकर महिला यात्री और उसके बच्चे को चलती ट्रेन से सुरक्षित उतार लिया, जिससे एक अप्रिय घटना टल गई। कुछ मिनटों के बाद ट्रेन रुक गई, जिसके बाद महिला यात्री अपने बच्चे के साथ सुरक्षित रूप से ट्रेन में सवार हो गई और अपनी यात्रा जारी रखी। कांस्टेबल अमित कुमार की त्वरित कार्रवाई और कर्तव्यनिष्ठा ने न केवल एक अप्रिय घटना को टाल दिया बल्कि दो यात्रियों की जान भी बचाई। महिला यात्री ने समय पर और जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने के लिए आरपीएफ कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। मालदा डिवीजन का रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के अपने मिशन के प्रति दृढ़ संकल्पित है।

### दिव्यांग बच्चों के बीच गर्म वस्त्र और खाद्य सामग्री का किया वितरण



**साहिबगंज:** स्थानीय दिव्यांग विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के बीच साहिबगंज व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योति प्रकाश ओझा द्वारा अपने भाई बिट्टू के स्मृति में गर्म कोट, ट्रैकशूट का वितरण किया गया।ज्योति प्रकाश ओझा ने बताया कि दिव्यांग और अनाथ बच्चों की जरूरत को पूरा करना समाज का दायित्व बनता है। ठंड को देखते हुए सभी बच्चों के लिए ट्रैकशूट और कोर्ट प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बच्चे सुरक्षित रहे शिक्षित बने। मौके पर कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी, एकता राय, महेश तिवारी सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### दक्षिण सरफराजगंज पंचायत में पूर्व पंचायत समिति ने किया अग्निकांड पीड़ितों परिवारों को चूड़ा व तिलकुट का वितरण



**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिणी सरफराजगंज पंचायत में बुधवार को पूर्व पंचायत समिति सदस्य जयकुमार मंडल ने मकर संक्रान्ति के अवसर से अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच दही चूड़ा व तिलकुट का वितरण किया। उन्होंनें गोखुल मंडल, वीरेन मंडल, भीरू मंडल, हीरू मंडल, निमोला वेवा, उर्मिला देवी, दुखनी देवी, संतोष मंडल, कार्तिक मंडल, प्रभु मंडल, शकुंतला देवी, सहित एक दर्जन अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच दही चूड़ा व तिलकुट सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अग्नि पीड़ित परिवार के साथ है। हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। बता दें कि पिछले बुधवार को राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिणी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत भट्ठाटोला गांव में बुधवार देर रात आग लगने से करीब एक दर्जन घर जलकर राख हो गया।वहीं घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक घर घटना में आंशिक रूप से जल गया है। घटना में नगदी सहित लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित के अनुसार सैयद हाजी टोला (भट्ठाटोला) गांव में रात करीब 9:30 बजे रमेश मंडल के घर से अचानक आग की चिंगारी उठी और आग पूरी घर में फैल गई।




## भारत कोकिंग कोल का आईपीओ 143 गुना सब्सक्राइब, निवेशकों को अलॉटमेंट का इन्तजार

नई दिल्ली, ।

कोल इंडिया की सब्सिडायरी कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के 1,078.68 करोड़ रुपए का आईपीओ का अलॉटमेंट बुधवार को फाइनल हो सकता है। इश्यू अप्लाई करने के लिए 9 जनवरी को खुला था और 13 नवंबर को बंद हो गया था। बोली लगाने के आखिरी दिन यह आईपीओ 143 गुना सब्सक्राइब हुआ। सब्सक्रिप्शन का प्रोसेस पूरा होने के बाद अब निवेशक अलॉटमेंट का इन्तजार कर रहे हैं। अलॉटमेंट 14 नवंबर को फाइनल होने की संभावना है। भारत कोकिंग आईपीओ को निवेशकों से तगड़ा रिस्पांस मिला है। आईपीओ को कुल 143 गुना सब्सक्राइब किया गया। एनएसई आंकड़ों के मुताबिक इश्यू को 34,69,46,500 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 49,90,71,10,200 शेयरों के लिए बोलियां मिली। सबसे ज्यादा बोलियां क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल निवेशकों की तरफ से देखने को मिली जिन्होंने इश्यू को कुल 310.81 गुना अप्लाई किया। इसके अलावा नॉन इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने 240.49 गुना और क्वालिफाइड निवेशकों ने 49.37 गुना अप्लाई किया। भारत कोकिंग आईपीओ के शेयर ग्रे मार्केट में मजबूत प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। ग्रे मार्केट में भारत कोकिंग कोल के शेयर बुधवार को 36.4 रुपए के भाव पर ट्रेड कर रहे थे। यह अपर प्राइस बैंड 23 रुपए से 13.4 रुपए या करीब 58.26 फीसदी ज्यादा है। इससे शेयर की लिस्टिंग को लेकर बाजार में अच्छी उम्मीदें दिखती हैं।

## इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स 60 को ग्लोबल स्तर पर होगी लॉन्च




नई दिल्ली ।

वोल्वो कंपनी आगामी 21 जनवरी को अपनी नई मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स 60 को ग्लोबल स्तर पर लॉन्च करेगी । कंपनी के मुताबिक, इएक्स60 को नए इलेक्ट्रिक-फोकस्ड आर्किटेक्चर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी के साथ तैयार किया गया है। यह गाड़ी मौजूदा एक्ससी60 की जगह लेगी और वोल्वो के पूरी तरह इलेक्ट्रिक ब्रांड बनने की रणनीति का अहम हिस्सा होगी। वोल्वो इएक्स60 में 800-वोल्ट का हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिकल सिस्टम दिया गया है, जो मौजूदा 400-वोल्ट सिस्टम की तुलना में ज्यादा एफिशिएंट माना जाता है। इस तकनीक से चार्जिंग के दौरान गर्मी कम पैदा होती है और ऊर्जा की बचत होती है। ऑल-व्हील-ड्राइव वेरिएंट में यह एसयूवी यूरोपियन डब्ल्यूएलटीपी टेस्ट साइकिल के अनुसार सिंगल चार्ज पर करीब 810 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है। वहीं, नॉर्थ अमेरिकन मार्केट में ईपीए स्टैंडर्ड के तहत इसकी अनुमानित रेंज करीब 644 किलोमीटर बताई जा रही है। चार्जिंग स्पीड ईएक्स60 की बड़ी खासियत मानी जा रही है। कंपनी के अनुसार, 400 केडब्ल्यू डीसी फास्ट चार्जर से कनेक्ट होने पर यह इलेक्ट्रिक एसयूवी सिर्फ 10 मिनट में करीब 340 किलोमीटर तक की रेंज जोड़ सकती है। इसमें सेल-टू-बॉडी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे बैटरी सीधे चेसिस का हिस्सा बन जाती है। इससे गाड़ी की मजबूती, सेफ्टी और हैंडलिंग में सुधार होता है। इसके अलावा, वोल्वो पहली बार मेगा-कास्टिंग तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, जिससे वजन कम होगा और मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस ज्यादा सरल बनेगा। वोल्वो ने इस हाई-परफॉर्मेंस बैटरी सिस्टम के लिए 10 साल की बैटरी वारंटी देने की भी घोषणा की है। ईएक्स60 नए एसपीए3 प्लेटफॉर्म पर आधारित पहली कार होगी, जिसे खासतौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। घरेलू बाजार में कच्चे चे तेल की कीमतों में तेजी आने लगी है।

इससे बुधवार सुबह घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव आया है। कच्चा तेल महंगा होने से आज कई शहरों में तेल की कीमतों में तेजी रही है जबकि कुछ जगह गिरावट आयी है। नोएडा में पेट्रोल 94.90 रुपये और डीजल 88.01 रुपये प्रति लीटर हो गया है.

वहीं उत्तराखंड में भी तेल की कीमतों में कमी आई है। राजधानी देहरादून में पेट्रोल 26 पैसे नीचे आकर 93.43 रुपये प्रति लीटर और डीजल 31 पैसे सस्ता होकर 88.33 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे उछलकर 105.58 रुपये लीटर हो गया जबकि डीजल 33 पैसे ऊपर आकर 91.82 रुपये लीटर पहुंच गया।

चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर पर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है।




इन शहरों में बदल गए रेट

- देहरादून में पेट्रोल 93.43 रुपये और डीजल 88.33 रुपये प्रति लीटर हो गया है.
- पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है.

## रुपया गिरावट पर बंद


मुंबई ।



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 6 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.30 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 90.24 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर की मजबूती, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के कारण भी रुपया नीचे आया। गत दिवस अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.24 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सत्र में इसमें हल्की मजबूती जरूर देखने को मिली, लेकिन यह 90.22 के स्तर तक ही सीमित रही, जो पिछले बंद भाव की तुलना में पांच पैसे की गिरावट को दिखाता है। इससे पहले सोमवार को रुपया 90.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 98.73 पर बना रहा।

## सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल

नई दिल्ली ।



घरेलू बाजार में बुधवार को सोने ओर चांदी की तेज शुरुआत हुई। आज सुबह एमसीएक्स पर सोना 1,43,088 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए स्तर पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 4.15 फीसदी बढ़कर 2,86,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंची है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दोनों की कीमतों में उछाल आया है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 6,000 रुपए ऊपर आकर 2,71,000 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि सोना 1,45,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने शीर्ष स्तर पर जा पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है। इसकी कीमतें 6,000 रुपए यानी 2.3 प्रतिशत उछलकर 2,71,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई हैं। वहीं सोमवार को चांदी 15,000 रुपए यानी छह प्रतिशत की जबर्दस्त उछाल के साथ ही 2,65,000 रुपए प्रति किग्रा के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं यह शुक्रवार को 2,50,000 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। चांदी पिछले तीन कारोबारी सत्रों में कुल 21,000 रुपए यानी 8.4 फीसदी ऊपर आयी हैं। साल 2026 में अब तक चांदी कुल 32,000 रुपए करीब 13.4 फीसदी की तेज बढ़त दर्ज की है। यह 31 दिसंबर, 2025 को 2,39,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी।

# एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव, अब 80 फीसदी निकाल सकेंगे रकम

### अब खाताधारकों को निकासी-एग्जिट के मामले में मिलेगा ज्यादा लचीलापन

नई दिल्ली, ।

पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नाबालिगों के लिए शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना के नियमों में बदलाव किया है। इन संशोधनों का उद्देश्य योजना को और सरल और आकर्षक बनाना है, ताकि अभिभावक अपने बच्चों के नाम पर इस योजना के तहत निवेश करने के लिए आगे आएं। नए नियमों के मुताबिक अब खाताधारकों को निकासी और एग्जिट के मामले में पहले की तुलना में ज्यादा लचीलापन मिलेगा।

संशोधित प्रावधानों के तहत एनपीएस वात्सल्य खाते से खाता खोलने के तीन साल बाद आंशिक निकासी की अनुमति दी गई है। शिक्षा, चिकित्सा उपचार और निर्धारित विकलांगता जैसी जरूरतों के लिए स्वयं के योगदान का अधिकतम 25 फीसदी तक निकाला जा सकेगा। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह आंशिक निकासी 18 साल की आयु से पहले दो बार और 18 से 21 वर्ष की आयु के बीच दो बार की जा सकती है, जो तय शर्तों के अधीन होगी। पहले नियमों में 18 वर्ष की उम्र तक अधिकतम तीन बार ही आंशिक निकासी की अनुमति थी।

एग्जिट नियमों में किए गए बदलाव अहम माने जा रहे हैं। अब खाताधारकों के पास यह विकल्प होगा कि वे अपनी पूरी राशि एनपीएस टियर-1 खाते में ट्रांसफर करें या कुल जमा राशि का 80 फीसदी तक एकमुश्त निकाल लें। शेष न्यूनतम 20 फीसदी राशि से पेंशन के लिए एन्युटी खरीदना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा यदि खाते में कुल जमा राशि आठ लाख रुपए या उससे कम है, तो पूरी राशि निकालने की अनुमति दी गई है। पहले के नियमों में कम से कम 80 फीसदी रकम से एन्युटी खरीदना जरूरी था और केवल शेष राशि ही एकमुश्त मिलती थी।




एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत सितंबर 2024 में की गई थी। यह योजना एनपीएस का ही एक हिस्सा है, लेकिन इसमें खाता केवल 18 साल से कम उम्र के बच्चों के नाम पर खोला जाता है। खाते का संचालन माता-पिता या अभिभावक करते हैं, जबकि लाभार्थी केवल बच्चा होता है। इस योजना का मकसद बच्चों के लिए लंबे समय में रिटायरमेंट फंड तैयार करना है, ताकि कंपाउंडिंग का लाभ मिल सके और छोटी बचत भी बड़े फंड में बदल सके।

इस योजना में न्यूनतम 1000 रुपए से निवेश शुरू किया जा सकता है और अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। एनआरआई भी अपने बच्चों के नाम पर यह खाता खुलवा सकते हैं। खाता एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पोस्ट ऑफिस या एनपीएस के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए खोला जा सकता है।

# ताइवान ने क्यों जारी किया वनप्लस कंपनी के सीईओ के खिलाफ अरेस्ट वारंट

ताइवान ।

मोबाइल कंपनी वनप्लस इनदिनों बड़ी परेशानी में है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के सीईओ पीट लाउ के खिलाफ ताइवान ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। लाउ पर आरोप है कि उन्होंने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन कर ताइवान के मजदूरों को अवैध रूप से नौकरी पर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार शिलिन डिस्ट्रिक्ट प्रोसिक्यूटर ऑफिस ने इस बात की पुष्टि की हैं कि 70 से अधिक ताइवानी इंजीनियरों की अवैध भर्ती के आरोपों की पूरी जांच के लिए वनप्लस सीईओ लाउ की तलाश हो रही है। प्रोसिक्यूटर्स (अभियोजकों) के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में लाउ की कथित रूप से सहायता करने वाले दो ताइवानी नागरिकों पर पहले ही आरोप तय किए जा चुके हैं। मामला ताइवान के क्रॉस-स्ट्रेट एक्ट को अनदेखा करने का कथित प्रयास है, जो ताइवान और मेनलैंड चीन के बीच इकोनॉमिक और कारोबारी संबंधों को नियंत्रित करता है। इस अधिनियम के तहत चीनी कंपनियों को स्थानीय वर्कर्स को काम पर रखने या ताइवान में कुछ व्यावसायिक गतिविधियां करने से पहले ताइवानी सरकार से जरूरी अप्रूवल लेना अनिवार्य है।



अभियोजकों का दावा है कि वनप्लस ने हॉन्गकॉन्ग में एक अलग नाम से एक फर्जी कंपनी शुरू की, जिसका इस्तेमाल 2015 में ताइवान में एक अनधिकृत शाखा स्थापित करने के लिए किया गया। आरोप है कि यह इकाई बिना नियामक की मंजूरी के ऑपरेट हुई और वनप्लस स्मार्टफोन के लिए रिसर्च और डिवेलपमेंट का काम करती थी। जांचकर्ता ताइवानी अधिकारियों का तर्क है कि यह तामझाम जानबूझकर कंपनी के मेनलैंड चाइना ओनरशिप को छिपाने और कानूनी जांच से बचने के लिए हुआ था।

## अलग तरह का डिवाइस पेश करने की तैयारी में ऐपल

नई दिल्ली ।

टेक दिग्गज कंपनी ऐपल किसी पारंपरिक फोल्डेबल स्मार्टफोन की बजाय एक अलग तरह का डिवाइस पेश करने की तैयारी में है। आईफोन फोल्ड फोन से ज्यादा फोल्ड होने वाले आईपेड जैसा अनुभव दे सकता है। अब तक बाजार में मौजूद फोल्डेबल स्मार्टफोन, जैसे सैमसंग गैलेक्सी झेड फोल्ड और गूगल पिक्सल फोल्ड, बंद होने पर सामान्य फोन जैसे दिखते हैं और खोलने पर बड़ी स्क्रीन वाले फोन में बदल जाते हैं। हालांकि, आईफोन फोल्ड को लेकर दावा है कि इसका डिजाइन इससे काफी अलग होगा। लीक के मुताबिक, यह डिवाइस फोल्ड होने पर लंबा नहीं बल्कि चौड़ा और कॉम्पैक्ट होगा। जब आईफोन फोल्ड को पूरी तरह खोला जाएगा, तो इसका आकार और स्क्रीन अनुपात आईपेड मिनी के काफी करीब हो सकता है। इसी वजह से टेक एक्सपर्ट इसे ÷फोन जो खुलता है÷ के बजाय ÷आईपेड जो फोल्ड होकर बंद होता है÷ के रूप में देख रहे हैं। इस चर्चा को तब और मजबूती मिली, जब टेक एक्सपर्ट स्टीफन हैकेट ने लीक के आधार पर इसका 3डी-प्रिंटेड मॉडल तैयार किया। इस मॉडल को देखकर कई विशेषज्ञों ने सवाल उठाया कि यह डिवाइस फोन की कैटेगरी में आएगा या टैबलेट की। अगर ये लीक सही साबित होती हैं, तो ऐपल स्मार्टफोन और टैबलेट के बीच की सीमाओं को काफी हद तक खत्म कर सकता है।

# स्वास्थ्य सुरक्षा को कर्ज से जोड़ना दान नहीं, वित्तीय विकास का तरीका है नागेश्वरन

नई दिल्ली, ।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि कर्जदाताओं व कर्ज लेने वालों दोनों की रक्षा के लिए समावेशी फाइनैंस और स्वास्थ्य देखभाल बीमा व सामाजिक सुरक्षा के एक व्यापक इकोसिस्टम में शामिल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा को कर्ज से जोड़ना दान नहीं है, बल्कि वित्तीय विकास का तरीका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीईए ने कहा कि लोगों के पुनर्भुगतान में पिछड़ने का एक मुख्य कारण आलस्य या गैर जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी झटकों जैसी अप्रत्याशित घटनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से डिजाइन की गई ऋण व्यवस्था भी अपने दम पर कुछ नहीं कर सकती। जब बीमारी हमला करती है तो उभरता कारोबार भी लड़खड़ा जाता है। नागेश्वरन ने मुख्यधारा के बैंकों से अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण की प्रक्रिया का दर्शक बनने के बजाय बल्कि नए उधारकर्ताओं के नए तरीकों को सक्रिय रूप से अपने मूल पोर्टफोलियो में शामिल करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गली में सड़क पर सामान बेचने वाले भी अनुशासित हो सकते हैं और बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह है कि क्या औपचारिक बैंकिंग प्रणाली वास्तविकता को पहचानने और उन्हें ओवरड्राफ्ट, बीमा और कार्यशील पूंजी की सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को हमेशा के लिए सूक्ष्म उधारकर्ता नहीं रहना चाहिए और उसका व्यवसाय बढ़ने पर उसके पास ज्यादा वित्तीय विकल्प होने चाहिए।

## 52 सप्ताह के हाई पर निजी बैंक का शेयर..........ब्रोकरेज फर्म ने खरीदी की सलाह दी

मुंबई ।

निजी सेक्टर बैंक एक्सिस बैंक के शेयर बुधवार (14 जनवरी) को इंट्रा-डे में चार प्रतिशत के करीब चढ़कर 1,308.40 रुपये के 52 सप्ताह के हाई पर पहुंच गए। बैंक के शेयरों में यह तेजी वित्त वर्ष 2025-26 के दूसरे हिस्से में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदों से आई है। बैंक के शेयर अब अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 1,339.55 रुपये के करीब पहुंच गए हैं, जो 12 जुलाई 2024 को बना था। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने एक्सिस बैंक पर खरीदारी की सलाह को बरकरार रखकर टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,420 रुपये किया है। यह स्टॉक के पिछले बंद भाव से 12 प्रतिशत ज्यादा है। एक्सिस बैंक के शेयर मंगलवार को 1261 रुपये पर बंद हुए। ब्रोकरेज ने रिपोर्ट में कहा कि कारोबार में लगातार मजबूती, मुनाफे पर सीमित दबाव और एक बार के प्रावधानों का सामान्य होने जैसे कारणों से वित्त वर्ष 2026 के दूसरे हिस्से में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। ब्रोकरेज ने कहा कि बैंक को उम्मीद है कि मुनाफे का दबाव अक्टूबर से दिसंबर 2025 की तिमाही में सबसे निचले स्तर पर आएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि आगे ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। कैश रिजर्व रेश्यो से राहत और जमा लागत के सामान्य होने से भी मदद मिलेगी। सितंबर 2025 की तिमाही में बैंक की ऋण लागत तिमाही आधार पर 65 आधार अंक घटकर 73 आधार अंक रह गई। इससे संकेत मिलता है कि पहली तिमाही में किए गए तकनीकी प्रावधानों का असर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है।




एक्सिस बैंक के शेयर का प्रदर्शन एक माह में करीब सपाट रहा है। तीन और छह महीने में शेयर 10 प्रतिशत चढ़ा है। एक साल में स्टॉक ने 23 प्रतिशत, दो साल में 15 फीसदी और तीन साल में 38.72 फीसदी का रिटर्न दिया है।

## भारत का पूर्वी एशिया के बाजारों में यूपीआई का विस्तार करने पर विशेष जोर

### आज भारत में करीब 50 फीसदी डिजिटल लेनदेन हो रहा है



नई दिल्ली, ।

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा है कि सरकार स्वदेशी डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। पूर्वी एशिया के बाजारों में इसका विस्तार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के कारण आज भारत में करीब 50 फीसदी डिजिटल लेनदेन हो रहा है। हमने कुछ देशों में विस्तार किया है और अब इसे कई अन्य देशों, खासकर पूर्वी एशिया में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टें के मुताबिक नागराजू ने कहा कि यूपीआई पहले ही भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरिशस, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), श्रीलंका और फ्रांस समेत आठ देशों में चल रहा है। इससे भारत के यात्रियों को इस प्लेटफॉर्म के जरिए भुगतान करने की सुविधा मिल रही है। नागराजू ने छोटी और सूक्ष्म इकाइयों को मध्यम उद्यमों में बदलने की जरुरत पर जोर दिया। देश में कई करोड़ इकाइयों की उपस्थिति के बावजूद सूक्ष्म इकाइयों का मध्यम और बड़े उद्यमों में रूपांतरण नहीं हो रहा है। दरअसल देश में सूक्ष्म इकाइयां मझोले और बड़े उद्योगों में परिवर्तित नहीं हो रही हैं, जबकि कई करोड़ इकाइयां मौजूद हैं। मुझे लगता है कि ऐसा तभी होगा, जब सूक्ष्म उद्यमों को समर्थन, बाजार तक पहुंच और उत्पादकता का लाभ मिले।

## दिसंबर में थोक महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, खाने-पीने की चीजों के दाम

नई दिल्ली, ।



दिसंबर 2025 में देश की थोक महंगाई दर (डब्लयूपीआई) बढ़कर 0.83 फीसदी हुई है। यह लगातार दूसरा माह है, जब थोक महंगाई में बढ़त दर्ज हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की चीजों, गैर-खाद्य वस्तुओं और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के दाम बढ़ने से बढ़ोतरी हुई है। बीते दो महीनों में थोक महंगाई ने नकारात्मक रुख दिखाया था। अक्टूबर 2025 में थोक महंगाई -1.21 फीसदी और नवंबर में -0.32 फीसदी रही थी। वहीं दिसंबर 2024 में थोक महंगाई दर 2.57 फीसदी थी।

उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, दिसंबर 2025 में थोक महंगाई सकारात्मक होने की मुख्य वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कीमतों का बढ़ना है। खास तौर पर मशीनरी, उपकरण, खाद्य उत्पाद, कपड़ा, खनिज और अन्य निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के दाम बढ़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य पदार्थों में गिरावट (डिफ्लेशन) घटकर 0.43 फीसदी रह गई, जबकि नवंबर में यह 4.16 फीसदी थी। सब्जियों के दामों में भी गिरावट कम हुई। दिसंबर में सब्जियों की कीमतों में 3.50 फीसदी की गिरावट रही, जबकि नवंबर में यह गिरावट 20.23 फीसदी तक थी।

दिसंबर 2025 में मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की थोक महंगाई बढ़कर 1.82 फीसदी हुई, जो नवंबर में 1.33 फीसदी थी। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं में महंगाई बढ़कर 2.95 फीसदी रही, जो नवंबर में 2.27 फीसदी थी। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली सेक्टर में थोक महंगाई नकारात्मक बनी हुई है। दिसंबर में सेक्टर में 2.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो नवंबर के करीब बराबर है। इसके पहले जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खुदरा महंगाई (सीपीआई) भी बढ़कर 1.33 फीसदी हो गई थी, जो नवंबर में 0.71 फीसदी थी।

महंगाई दर में नरमी को देखकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.25 फीसदी की ब्याज दर कटौती की है। पिछले महीने आरबीआई ने पॉलिसी रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर 5.25 फीसदी किया था। आरबीआई ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय ÷गोल्डीलॉक्स फेज÷ में है, जहां विकास तेज है और महंगाई कम है।

# कनकनी ऐसी कि खून जमा दे, ओढ़ने को कंबल नहीं

## रातभर कांप रहे लोग, बोले-40 साल में ऐसी सर्दी नहीं





**पटना।** बिहार में 40 साल बाद भीषण ठंड पड़ रही है। पछुआ हवा के चलते रात में हड्डी भेद देने और खून जमा देने वाली ठंड महसूस हो रही है। हजारों लोग ऐसे में भी खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। ओढ़ने को कंबल नहीं, जलाने को लकड़ी नहीं। कोई चट्टी का बोरा ओढ़े हुए है तो कोई प्लास्टिक। इसके नीचे फटे-पुराने चद्दरों से किसी तरह जान बचाने की कोशिश। घुटने छाती से लगाकर सोते हैं ताकि गर्मी बनी रहे, लेकिन रात कांपते हुए कटती है। आधी रात में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। लोगों ने कहा कि ऐसी सर्दी कभी नहीं देखी। रविवार रात हमने गया शहर के प्रमुख इलाकों में घूमकर बेघर लोगों की स्थिति देखी। सबसे पहले हम डीएम ऑफिस पहुंचे। परिसर के बाहर रैन बसेरा का बोर्ड लगा दिखा। पास गए तो देखा कि रैन बसेरा के गेट पर ताला लगा है। आसपास के लोगों से पूछा तो पता चला कि यहां अब रैन बसेरा नहीं है। रैन बसेरा का ऑफिस है। दिन में खुलता है। इसके बाद रात करीब 10 बजे हम गांधी मैदान पहुंचे। यहां 4 रैन बसेरा हैं। देखा कि रैन बसेरा संख्या 2 में 12 बेड लगे हैं। बेड पर एक आदमी सत्येंद्र यादव लेटे हैं। रैन बसेरा की देखरेख करने वाले छोटू ने बताया, आज 7 लोगों ने बुक कराया है। 6 लोग बाहर आग ताप रहे हैं। यहां कंबल की कमी है। एक आदमी को 1 कंबल दे पाता हूं। सत्येंद्र यादव ने बताया, शेरघाटी का रहने वाला हूं। यहां गाड़ी चलाता हूं। 1 कंबल से ठंड नहीं जाती। रात को काफी ठंड लगती है। 40 साल में ऐसी सर्दी कभी नहीं देखी। इसके बाद हम रैन बसेरा संख्या 3 पहुंचे। देखा कि सभी बेड फुल हैं। देखरेख करने वाले प्रकाश ने कहा, एक आदमी को दो कंबल देने का आदेश है। हमारे पास पर्याप्त कंबल हैं। सभी को 2-2 कंबल दिए हैं। कंबल लपेट कर रात गुजारने को मजबूर थे लोग इसके बाद हम गयाजी रेलवे स्टेशन पहुंचे। देखा कि टिकट काउंटर के बाहर खुले आसमान के नीचे एक महिला और एक पुरुष सोए हैं। एक ने कंबल ओढ़ा था, दूसरे ने बोरा। गद्दर नाम के युवक ने कहा, समस्तीपुर से आया हूं। काम करने मानिकपुर जाना है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर हमें 3 लड़के कंबल में लिपटे मिले। केबिन नाम के लड़के ने बताया, खुले में सोना हमारी मजबूरी है। घर नहीं है। पिता नहीं हैं। मां दिमाग से हल्की हैं। ठंड लगती है, लेकिन क्या करें। कैमरा बंद होते ही उसने कहा, साहब कंबल है क्या? एक कंबल दिला दीजिए। बहुत ठंड लगती है। इसके बाद हमारी नजर स्टेशन पर एक पेड़ के नीचे बैठे बुजुर्ग पर पड़ी। वे ठंड से कांप रहे थे। हमने पूछा कि यहां सोते हैं क्या बाबा? इस पर वह कुछ नहीं बोले। पास मौजूद दुकानदार ने बताया, ये भीख मांगते हैं। रात में यहीं सोते हैं। इसके बाद हम बाटा मोड़ चौराहा पहुंचे। यहां एक मंदिर की ओट में अलाव के पास कुछ लोग सोए मिले। इसके बाद हम रेलवे स्टेशन के दूसरे गेट के पास पहुंचे। यहां दुकान के बाहर कुछ लोग सोए मिले। रिक्शा चालक राजेंद्र चौधरी ने कहा, कोंच का रहने वाला हूं। रिक्शा चलाता हूं। रात में दुकान के बाहर सोता हूं। कमाई इतनी नहीं कि किराया का कमरा ले सकूं। कंबल नहीं, बोरा ओढ़कर किसी तरह गुजारा करता हूं। कांपते हुए रात कटती है।यहां, शेरघाटी के श्याम मांझी एक पतला सा कंबल ओढ़े कांपते मिले। बोले, ह्यठंड लगती है, लेकिन क्या करें। हमारी मजबूरी है। बर्दाश्त नहीं होता तो उठ कर बैठ जाते हैं। थोड़ी देर चलते है ताकि शरीर में गर्मी आए फिर सोते हैं।ह्लसमस्तीपुर में लोग किस तरह ठंड में जी रहे हैं। यह जानने के लिए रात में हम झुग्गी बस्ती, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अस्पताल गए। रात 9 बजे बहादुरपुर में एक झुग्गी के बाहर खुले आसमान के नीचे राहुल कुमार बैठे मिले। पास में उनकी पत्नी राघनी देवी मिट्टी के चूल्हे पर खाना पका रही थीं। दोनों के 5 बच्चे जाग रहे थे। राहुल ने कहा, बैलून बेचता हूं। हमारे पास ओढ़ने के लिए कंबल नहीं है। चट्टी के बोरे ओढ़कर किसी तरह रात काटता हूं। पत्नी जलावन चुनती है तो खाना बनता है। नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन ठंड में देखने नहीं आते। इस झुग्गी में करीब हजार लोग हैं। सबकी कमोबेश यही स्थिति है। रात के 11 बजे हम कपूरी बस स्टैंड में बनाए गए आश्रय स्थल पहुंचे। देखा कि 30 चौकी पर बिछावन की व्यवस्था की गई है। चार लोग बेड पर लेटकर मोबाइल देख रहे थे। पूछने पर बताया कि सभी बस ड्राइवर हैं। आश्रय स्थल के केयर टेकर मिथिलेश कुमार ने कहा, यहां सभी बेड पर कंबल और मच्छरदानी की व्यवस्था की गई है। नगर निगम की ओर से रोज 5 लोगों को मुफ्त में खाना की व्यवस्था होती है। इसके बाद कोई आता है तो उसे खाने की व्यवस्था खुद करनी होती है। आज रजिस्टर में 15 लोगों ने बुक कराया है। लोग सामान रख कर कहीं गए हैं। अंदर अलाव की भी व्यवस्था की गई है। रात करीब 12 बजे हम समस्तीपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचे। एक कंबल में अपनी पत्नी और छोटी बच्ची के साथ सो रहे युवक ने बताया, ह्यमेरा नाम उदय महतो है। नेपाल घर है। गुवाहाटी जाना है। सुबह में ट्रेन है। वेटिंग रूम में कमरे का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिला। रात करीब 3 बजे हम समस्तीपुर सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। अभिषेक कुमार ने बताया, ह्यअपनी मां का इलाज कराने आया हूं। अस्पताल के कर्मी ने बेड पर बिछाने के लिए एक चादर दिया है। कंबल नहीं मिला।

## भोजपुर में बुजुर्ग की बेहरमी से की पिटाई



**भोजपुर।** जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दबंगों ने एक बुजुर्ग की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। जख्मी बुजुर्ग की पहचान कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी स्व. शिवाजी सिंह के 60 वर्षीय बेटे रामायण सिंह के रूप में की गई है। पीड़ित रामायण सिंह ने बताया कि करीब 1 साल पहले गांव के ही संपत सिंह के बेटों ने उनकी भतीजी के साथ बदतमीजी की थी। मामले को लेकर उन्होंने स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। उसी समय से आरोपित पक्ष उनसे रंजिश रख रहा था।रामायण सिंह ने बताया कि शाम वह गांव में स्थित खटाल से दूध लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपितों ने रास्ते में उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह सड़क पर गिर पड़े, जिसके बाद भी आरोपित उन्हें पीटते रहे। शोरगुल सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बताया बुजुर्ग के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पीड़ित रामायण सिंह ने गांव के ही संपत सिंह, विकास सिंह, शिवाजी सिंह समेत पांच लोगों पर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कृष्णगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इधर, पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रत्नेश सादा के दही-चूड़ा भोज में पहुंचे सीएम नीतीश





**पटना।** आज मकर संक्रांति के अवसर पर बिहार में दही-चूड़ा भोज के साथ सियासत भी दिख रही है। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रत्नेश सदा के आवास पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया है। यह पूरा कार्यक्रम जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की ओर से आयोजित किया जा रहा है, जिसे राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। आज सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस भोज में शामिल हुए। उनके साथ राज्यपाल सहित जेडीयू और NDA के कई वरिष्ठ नेता और मंत्री भी भोज में शामिल होने पहुंच रहे हैं।जेडीयू में आरसीपी सिंह की संभावित वापसी को लेकर चल रही चचाओं पर फुलवारी शरीफ से विधायक श्याम रजक ने बड़ा बयान दिया है। उनके इस बयान के बाद जेडीयू की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मकर संक्रांति के अवसर पर रत्नेश सदा के घर पर दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया है। इस मौके पर रत्नेश सदा ने प्रदेश की जनता और मीडिया कर्मियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, 'पिछले 3 साल से हम दही चूड़ा भोज का आयोजन कर रहे हैं। 2 बार हमने निजी तौर पर आयोजन किया। खरमास खत्म होने के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार और उनके मंत्री बनाने के सवाल पर रत्नेश सदा ने कहा, 'हम कबीर और नीतीश जी के अनुयायी हैं। कबीर की वाणी है- बिन मांगे मोती मिले, मांगे मिले न भीख। माननीय मुख्यमंत्री ने 2023 में हमको अकेले मंत्री पद का शपथ दिलवाया था। माननीय नीतीश जी ने हमको इतना बड़ा बनाया है कि देश में हमारा नाम चलता है। वढरउ में भी पूछा जाता है कि देश में ऐसे कौन से मंत्री हैं, जिन्होंने अकेले मंत्री पद की शपथ लिया है। अब मंत्री बने तो अच्छा, नहीं बने तो भी अच्छा।' पटना बीजेपी दफ्तर में दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्जवलित कर भोज कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने आगे कहा, 'देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष हम सभी को अपने मार्गदर्शन में आगे बढ़ा रहे हैं। इस पर बीजेपी का हर युवा कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। ये लोकतंत्रिय पध्दति सिर्फ बीजेपी में ही दिखाई पड़ता है। परिवारवाद को यह तमाचा है कि बीजेपी देश की जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता को शिखर तक पहुंचा देता है। यह हर मां भारती की संतानों के लिए गर्व का विषय है।' बीजेपी दफ्तर पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा, 'तेजस्वी यादव जी विपक्ष की भूमिका निभाएं। विपक्ष के नेता के संवैधानिक पद पर बैठे हैं, तो उनको जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभानी चाहिए। थोड़ा विदेश का दौरा कम करना चाहिए। सदन की कार्यवाही में भी शामिल होना चाहिए।' तेजप्रताप के भोज में पहुंचे लालू यादव-राज्यपाल तेजप्रताप के आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज पर सभी की नजरें टिकी हैं। तेजप्रताप के भोज में लालू यादव, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बड़े मामा प्रभुनाथ यादव और चेतन आनंद भी पहुंचे हैं। इस भोज में पहुंचे लालू यादव ने कहा कि वो तेजप्रताप से नाराज नहीं है। वो परिवार के साथ ही रहें। तेजप्रताप के बीजेपी में जाने के सवाल पर कहा कि, बेटे को हमेशा आशीर्वाद रहेगा।

# 2 लाख सरकारी नौकरी, पे कमीशन का ऐलान संभव

## महिलाओं को 2-2 लाख देने का होगा इंतजाम, बिहार के सबसे बड़े बजट में क्या-क्या होगा खास






**पटना।** बिहार सरकार का 2026-27 का बजट 3 फरवरी को आने की उम्मीद है। करीब 4 लाख करोड़ रुपए का यह बजट आकार में अब तक का सबसे बड़ा हो सकता है। पिछले बजट से 83 हजार करोड़ रुपए अधिक संभव है। प्रचंड बहुमत से सरकार में लौटे नीतीश कुमार ने अपने पहले पहले बजट में युवाओं और महिलाओं पर खास फोकस किया है। इसमें 2 लाख सरकारी नौकरी और आठवें पे कमीशन का ऐलान हो सकता है। महिलाओं को 2-2 लाख रुपए देने का इंतजाम होगा।नौकरी/रोजगार: बिहार सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा नौकरी और रोजगार पर पैसा खर्च करेगी। सरकार का लक्ष्य अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी/रोजगार देना है। बजट में इसका असर दिखेगा। नए साल में 2.64 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सकती है। सबसे अधिक भर्ती शिक्षा, गृह और स्वास्थ्य विभाग में होगी। 1,42,041 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग में 46,000 पदों पर बहाली होगी। 36 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती होगी। सरकार स्कूली शिक्षा और साक्षरता के लिए खर्च बढ़ाने जा रही है। इस मद में रिकॉर्ड आवंटन हो सकता है। तकनीकी शिक्षा आदि पर जोर रहेगा। क्लास 6 से कंप्यूटर की पढ़ाई अनिवार्य करने की तैयारी है। इसके लिए पैसे का इंतजाम किया जाएगा। पिछले बजट में भी शिक्षा विभाग को बजट का सबसे बड़ा हिस्सा (19.24%) मिला था। बच्चों को पढ़ाने के लिए 60,946 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई थी।बजट में सरकारी कर्मियों के लिए 8 वें वेतन आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने की गुड न्यूज मिल सकती है। बिहार में सातवें वेतन आयोग की अनुशंसाएं 1 अप्रैल 2017 को प्रभावी हुई थीं। केंद्रीय कर्मियों के लिए 1 जनवरी 2026 से आठवें वेतन आयोग की अनुशंसाएं प्रभावी हो गई हैं।जीविका दीदियों को 2-2 लाख: चुनाव से पहले बिहार सरकार मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लेकर आई। करीब डेढ़ करोड़ जीविका दीदियों को 10-10 हजार रुपए दिए गए। अब कारोबार शुरू करने वाली महिलाओं को 2-2 लाख रुपए देने हैं। बजट में इसके लिए फंड की व्यवस्था होगी। बिहार की सभी जीविका दीदियों को 2-2 लाख रुपए देना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए 2.8 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाने होंगे। इसे देखते हुए कारोबार शुरू करने की शर्त रखी गई है। पिंक बस सेवाओं का विस्तार: यात्रा करने में महिलाओं को सुविधा हो इसके लिए सरकार पिंक बस सेवाओं का विस्तार करने जा रही है। इस बस में सिर्फ महिलाएं यात्रा करती हैं। अभी पटना समेत 5 जिलों में पिंक बस चल रहे हैं। इसे सभी जिलों तक ले जाने की योजना है। ये बसें महिलाएं चलाएंगी। 4- बुजुर्गों के लिए क्या चुनाव से पहले सरकार ने विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रति माह की थी। बजट में इसके लिए फंड की व्यवस्था होगी। बुजुर्गों को घर पर ही इलाज मिल सके, इसके लिए भी व्यवस्था किए जाने की उम्मीद है।सड़क पुल-पुलिया का निमार्ण: सरकार ने किसी भी जिले से पटना आने में लगने वाले समय को 4 घंटे करने का लक्ष्य रखा है। इसे 2027 तक पूरा करना है। इसके लिए सड़क, पुल और पुलिया जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश बढ़ाया जाएगा। बड़े शहरों में रिंग रोड, बाइपास, फ्लाईओवर आदि पर खर्च बढ़ेंगे। बिहार सरकार 5 नए एक्सप्रेस वे बनाने पर काम कर रही है। इसे मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे मॉडल पर तैयार किया जाएगा। इन सड़कों का निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से होगा। रोड बनाने वाली कंपनी टोल वसूलकर लागत निकालेगी। इसके बाद सड़क सरकार को देगी। बिहार में अभी केंद्र सरकार के स्तर पर चार एक्सप्रेस-वे का निर्माण चल रहा है। ये हैं पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस वे, गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे, रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेस और वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस। एयरपोर्ट: मुंगेर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, बीरपुर (सुपौल) और वाल्मीकि नगर में एयरपोर्ट बनाए जाने हैं। गया एयरपोर्ट का विस्तार होगा। बिहार में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने सिविल एविएशन डिपार्टमेंट बनाया है।

लग सकते हैं ये दो बड़े झटके

1- जमीन खरीदना होगा महंगा

बिहार सरकार जमीन का सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसे 3-4 गुना तक बढ़ाया जा सकता है। इससे जमीन खरीदने की लागत बढ़ेगी। शुल्क के रूप में सरकार को ज्यादा आमदनी होगी। सरकार ग्रामीण इलाकों में 12 साल तो शहरी इलाकों में 9 साल बाद सर्किल रेट बढ़ाने वाली है। 2- बढ़ सकती है बिजली की दरें बिजली की दरें 35 पैसा प्रति यूनिट बढ़ाई जा सकती है। अभी इसके लिए बिजली कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है। विद्युत विनियामक आयोग द्वारा इसपर जनसुनवाई की जाएगी। इसके बाद फैसला होगा।बिहार सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.16 लाख करोड़ रुपए का मूल बजट पेश किया था। इसके बाद 57,946 करोड़ रुपए का पहला और 91,717.11 करोड़ रुपए का दूसरा सप्लीमेंट्री बजट पेश किया। तीनों को जोड़ दें तो कुल आंकड़ा 4.66 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच जाता है। साल दर साल बजट आकार में 2016-2025 तक हुई वृद्धि को देखें तो यह औसतन करीब 10 फीसदी रहा है। 2016 में सबसे अधिक 19% वृद्धि हुई थी। सबसे कम 3 फीसदी वृद्धि 2021-22 में हुई थी। वित्त वर्ष 2026-27 में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।ऑनलाइन बन रहा बजट 2026-27 बिहार सरकार हाइटेक हो गई है। 2026-27 का बजट ऑनलाइन बनाया जा रहा है। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी विभाग के अधिकारियों को चार दिन की ट्रेनिंग दी थी।

## संक्षिप्त डायरी

### बाइक सवार फौजी ने पैदल राहगीर को मारी टक्कर



**आरा।** बक्सर फोरलेन गजराजगंज ओपी के विशुनपुरा गांव के पास बुलेट सवार फौजी ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोग और डायल-112 पुलिस की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों में बहरोनपुर थाना क्षेत्र के चमरपुर गांव निवासी रमेश सिंह के 21 वर्षीय बेटे अंकित सिंह और गजराजगंज ओपी के विशुनपुर गांव निवासी स्व. बिमलेश तिवारी के 23 वर्षीय बेटे दीपू तिवारी है। अंकित सिंह पंजाब के जलंधर में आर्मी में जवान हैं। इधर, जख्मी दीपू के परिजन रमेश ने बताया कि वो अपने दोस्त के साथ चाय पीने जा रहा था। इसी बीच बुलेट सवार ने काफी स्पीड से आकर दीपू को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी डायल-112 पुलिस को दी। बताया जाता है कि बुलेट सवार जवान आरा से अपने गांव की ओर जा रहा था। चिकित्सक ने बताया कि अंकित सिंह के सिर में काफी गंभीर चोट आई है। जबकि दीपू के सिर और पैर में चोटें हैं। दोनों युवकों की हालत गंभीर है। इसीलिए दोनों की इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के पटना रेफर कर दिया गया है

### भोजपुर में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**भोजपुर।** में आरा-छपरा फोरलेन पर बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के पास ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी स्व.डिग्री महतो के 48 वर्षीय बेटे मनोज कुमार हैं। वह पटना जिला के बिहटा स्थित बिस्कुट फैक्ट्री में काम करते थे। मृतक के भाई सुनील कुमार ने बताया कि वह बिहटा स्थित बिस्कुट फैक्ट्री से बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान इंग्लिशपुर गांव के पास ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह मौजूद लोगों ने सूचना बबुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस वहां पहुंची और इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में मां गेदना देवी, पत्नी अर्चना देवी और दो बेटियां अंशु कुमारी, स्वाती कुमारी और एक बेटा आर्यन कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में मातम का माहौल है। घटना के बाद मृतक की मां गेदना देवी, पत्नी अर्चना देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नालंदा से अपहरण हुई युवती चेन्नई में मिली



**नालंदा।** के बेन थाना क्षेत्र में 14 दिसंबर 2025 को अपहरण हुई युवती को चेन्नई से सकुशल बरामद कर बरामद कर लिया गया, साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने इसकी जानकारी बुधवार को दी।कैसे हुई थी घटना ?17 दिसंबर 2025 को बेन थाने में दिये गए आवेदन के अनुसार, 14 दिसंबर 2025 की सुबह को युवती किसी काम से घर निकली थी, उसके बाद शाम तक वह घर नहीं आई। परिजन के द्वारा खोजबीन करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो 17 दिसंबर 2025 को थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। उसके बाद से ही पुलिस लड़की की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही थी। चेन्नई में होने की मिली सूचना थाना अध्यक्ष रवि राजकुमार ने बताया की हमे 1 जनवरी 2026 को सूचना मिली थी कि लड़का और लड़की चेन्नई में हैं उसके बाद पुलिस चेन्नई पहुंची। और आरोपी लड़के को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस के अनुसार, युवती की मेडिकल जांच और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है।आरोपी की पहचान गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेन थाना क्षेत्र के बेन गांव निवासी देवनंदन प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। अभियुक्त को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### नालंदा में क्षतिग्रस्त बांधों की मरम्मत के निर्देश



**नालंदा।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए हैं। आगामी बाढ़ सीजन 2026 से पहले क्षतिग्रस्त बांधों की मरम्मत और कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि नालंदा जिले के एकंगरसराय, हिलसा और करायपरशुराय प्रखंडों से होकर बहने वाली लोकाईन, भुतही और महत्माईन नदियों ने बीते वर्ष भारी तबाही मचाई थी2025 की बाढ़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 23 अगस्त 2025 को उदेरास्थान बराज से 1.26 लाख क्यूसेक जलश्राव छोड़ा गया, जो अब तक का सर्वाधिक प्रवाह रहा। इससे पहले साल 2017 में 0.95 लाख क्यूसेक का अधिकतम जलश्राव दर्ज किया गया था। जुलाई 2025 में भी 1.15 लाख क्यूसेक जल प्रवाह रहा था।जलश्राव के कारण जमींदारी बांध और लघु बांध कई स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। केशोपुर वाला, केशोपुर झरहा, केशोपुर मिल्की, मिल्की नल, मिल्की खंधा, गुलरिया बिगहा, घाना बिगहा, मुर्गियाचक, छितर बिगहा, निरियापर, वनभाड़ा, पेंदापुर, बेलदरिया बिगहा, कोरथु और धुरी बिगहा जैसे कई गांवों के पास के बांध गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे।

## रहस्यों से भरा है उत्तराखंड का ये खूबसूरत हिल स्टेशन, कहा जाता है परियों का देश

उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है और इस राज्य में घूमने के लिए एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन जगहें हैं। इस राज्य की खूबसूरती को पास से देखने के लिए न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी टूरिस्ट्स की अच्छी खासी तादाद आती है। लेकिन कई बार हम सभी इस खूबसूरत जगहों के पीछे छिपे रहस्यों को जानकर हैरान रह जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी शहर के शोर-शराबे से दूर किसी शांत वातावरण में सुकून के दो पल बिताना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत होने के साथ-साथ रहस्यमयी भी है।

### जन्नत से की जाती है तुलना



उत्तराखंड में स्थित इस छोटे से हिल स्टेशन की खूबसूरती की तुलना स्वर्ग से की जाती है। इस हिल स्टेशन का नाम खैट पर्वत है। खैट पर्वत को परियों का देश भी माना जाता है। ऐसे में आप भी बेहद कम बजट में उत्तराखंड के गढ़वाल जिले में स्थित थात गांव के इस हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने के लिए आ सकते हैं।

### रहस्यों के लिए भी फेमस है ये जगह

यहां पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मानें, तो इस जगह पर परियां दिखती हैं। बताया जाता है कि इस जगह पर नजर आने वाली परियां थात गांव की रक्षा भी करती हैं। तो वहीं कुछ लोग इन परियों को योगिनियां और वनदेवियां भी कहते हैं। वहीं इस गांव के पास स्थित खैटखाल मंदिर को भी बेहद रहस्यमयी माना जाता है।

### यहां जून में लगता है मेला

आपको बता दें कि इस गांव में जून के महीने में मेले का आयोजन किया जाता है। हरियाली से घिरा ये गांव आपका तनाव दूर करने में सहायक हो सकती है। वहीं अगर आप चाहें तो यहां पर कैंपिंग भी कर सकते हैं। हालांकि इस बेहद खूबसूरत गांव में शाम को 7 बजे के बाद कैंप से बाहर निकलने की परमिशन नहीं है। इसके अलावा यहां पर म्यूजिक बजाने पर भी रोक है, माना जाता है कि परियों को शोर-शराबा पसंद नहीं है।



# कला, स्थापत्य और भारतीय संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है सांची

**सांची का इतिहास बहुत ही प्राचीन है और यह बौद्ध धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है। यहाँ स्थित सांची स्तूप को सम्राट अशोक ने तीसरी शताबदी ईसा पूर्व में बनवाया था। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म को प्रचारित करने के लिए सांची को एक प्रमुख स्थल के रूप में विकसित किया था।**

भारत का इतिहास और संस्कृति विश्वभर में प्रसिद्ध है, और इस सांस्कृतिक धरोहर का एक अद्वितीय उदाहरण मध्यप्रदेश के सांची में देखने को मिलता है। सांची एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी प्राचीन स्तूपों, मठों, और बौद्ध अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है और यहाँ के ऐतिहासिक स्मारक भारतीय स्थापत्य कला और संस्कृति के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सांची को यूनेस्को द्वारा 1989 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई थी, जो इसे और भी खास बनाता है।

सांची का इतिहास

सांची का इतिहास बहुत ही प्राचीन है और यह बौद्ध धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है। यहाँ स्थित सांची स्तूप को सम्राट अशोक ने तीसरी शताबदी ईसा पूर्व में बनवाया था। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म को प्रचारित करने के लिए सांची को एक प्रमुख स्थल के रूप में विकसित किया था। इसके अलावा, यहाँ के अन्य स्तूप, मठ, और विहार भी बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार से जुड़े हुए हैं। सांची का इतिहास भारत के प्राचीन धर्म और संस्कृति को दर्शाता है, और यहाँ के स्मारक बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण केंद्र माने जाते हैं।

सांची के प्रमुख आकर्षण

सांची स्तूप

- सांची का प्रमुख आकर्षण सांची स्तूप है, जिसे सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल के दौरान बनवाया था। यह स्तूप बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है और इसे विश्वभर से श्रद्धालु और पर्यटक देखने आते हैं। स्तूप की दीवारों पर बौद्ध धर्म से संबंधित चित्रण और उकेरे गए दृश्य अत्यंत प्रसिद्ध हैं। यह स्तूप बुद्ध की जीवन गाथाओं को चित्रित करता है और इसे भारतीय स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है।

विक्रमादित्य का स्तूप

यह स्तूप सांची के प्रमुख स्तूपों में से एक है और इसमें बुद्ध के अवशेष रखे गए थे। इसे विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है। यह स्तूप संरचनात्मक रूप से बहुत आकर्षक है और यहाँ की दीवारों पर बौद्ध धर्म के प्रतीकों और चित्रों को देखा जा सकता है।

अशोक स्तंभ

सांची में सम्राट अशोक द्वारा स्थापित एक विशाल स्तंभ स्थित है, जो बौद्ध धर्म के प्रचार और सम्राट अशोक के धार्मिक योगदान को दर्शाता है। इस स्तंभ पर अशोक के शिलालेख उकेरे गए हैं, जो उस समय के शासन और बौद्ध धर्म के प्रति उनके समर्पण को व्यक्त करते हैं।

विहार और मठ

सांची में कई मठ और विहार भी हैं, जो प्राचीन बौद्ध साधकों और भिक्षुओं के रहने के स्थल रहे हैं। इन मठों और विहारों का स्थापत्य और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। यहाँ पर बौद्ध धर्म के अनुयायी ध्यान और साधना करते थे।



सांची संग्रहालय

सांची संग्रहालय बौद्ध कला और संस्कृति का एक प्रमुख स्थल है। इस संग्रहालय में सांची से प्राप्त प्राचीन मूर्तियाँ, स्तूपों के अवशेष, शिलालेख और अन्य धार्मिक वस्तुएं प्रदर्शित की जाती हैं। यहाँ आकर पर्यटक सांची के ऐतिहासिक महत्व को गहरे से समझ सकते हैं।

उदयगिरी गुफाएँ

सांची से कुछ किलोमीटर दूर स्थित उदयगिरी गुफाएँ प्राचीन हिन्दू और बौद्ध कला के अद्भुत उदाहरण हैं। ये गुफाएँ भगवान विष्णु, शिव और बुद्ध के अद्वितीय चित्रण से सुसज्जित हैं।

सांची का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

सांची का धार्मिक महत्व विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यधिक है। सम्राट अशोक द्वारा स्थापित स्तूप और अन्य स्मारक बौद्ध धर्म के आस्था और अनुशासन के प्रतीक माने जाते हैं। सांची न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह भारतीय कला, स्थापत्य, और संस्कृति का भी प्रमुख केंद्र है। यहाँ की वास्तुकला और मूर्तियों में उस समय की सामाजिक और धार्मिक जीवनशैली का चित्रण किया गया है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति के अध्ययन में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सांची कैसे पहुंचें?

वायु मार्ग- सांची का नजदीकी हवाई अड्डा भोपाल में स्थित है, जो लगभग 46 किलोमीटर दूर है। भोपाल से सांची तक टैक्सी या बस द्वारा आसानी से पहुँच सकते हैं।

रेल मार्ग- सांची का नजदीकी रेलवे स्टेशन सांची रेलवे स्टेशन है, जो यहाँ से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल, दिल्ली, मुंबई और अन्य प्रमुख शहरों से सांची के लिए ट्रेन सेवाएँ उपलब्ध हैं।



सड़क मार्ग- सांची प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। भोपाल, गुना, और उज्जैन जैसे शहरों से सांची के लिए नियमित बस सेवाएँ और टैक्सी उपलब्ध हैं।

सांची का मौसम

सांची का मौसम पूरे साल अच्छा रहता है, लेकिन सबसे आदर्श समय यहाँ यात्रा करने के लिए सर्दियों (नवंबर से फरवरी) का होता है। इस समय का मौसम ठंडा और सुखद होता है, जो यात्रा के लिए उपयुक्त है। गर्मियों में तापमान थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन नर्म मौसम और वायु की ठंडक यहां की यात्रा को सुखद बना देती है।

सांची भारतीय इतिहास, संस्कृति और बौद्ध धर्म का अद्भुत संगम है। यहाँ के स्तूप, मठ, और संग्रहालय न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक तीर्थ स्थल हैं, बल्कि कला, स्थापत्य और भारतीय संस्कृति के प्रेमियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्थल हैं। सांची की यात्रा से आपको न केवल धार्मिक शांति और मानसिक संतुलन मिलेगा, बल्कि भारतीय प्राचीन कला और संस्कृति का भी अनमोल अनुभव होगा। अगर आप ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों में रुचि रखते हैं, तो सांची एक आदर्श गंतव्य है।



# शिमला और कश्मीर से कम खूबसूरत नहीं ये ऑफबीट हिल स्टेशन, पर्यटकों की नहीं मिलेगी भीड़

घूमने के शौकीन लोग अक्सर छुट्टियां मिलते ही घूमने का प्लान बना लेते हैं। अक्सर घूमने का प्लान आते ही लोगों के मन में सबसे पहले हिल स्टेशनों के ऑप्शन पर ध्यान जाता है। हिल स्टेशन पर जाना अधिकतर लोगों को इसलिए भी पसंद होता है कि वह शहर की भीड़भाड़ से दूर सुकून के कुछ पल बिता सकें। लेकिन कई फेमस हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की भारी भीड़ पहुंचती है। अगर आप भी शिमला-मनाली, मसूरी और धर्मशाला आदि हिल स्टेशनों पर जाना चाहते हैं, तो यहां बहुत ज्यादा ट्रैफिक और भीड़ होती है। हालांकि कुछ हिल स्टेशन ऐसे भी हैं, जो कश्मीर, शिमला या मनाली से कम नहीं और लोग इनके बारे में अधिक जानते भी नहीं। ऐसे में अगर आप भी किसी ऐसे हिल स्टेशन पर जाना चाहते हैं, जहां पर पर्यटकों की भीड़ कम होती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पर्यटकों की ज्यादा भीड़ नहीं पहुंचती है। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिले की सैंज घाटी में एक बेहद खूबसूरत गांव है। इस गांव का नाम शांघड़ है। बता दें कि इस गांव के नजारे स्विट्जरलैंड की तरह हैं। इसी वजह से इस गांव को कुल्लू का खज्जियार या भारत का दूसरा मिनी स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है।

### शांघड़

यहां के मैदान में हरे-भरे पेड़ और अद्भुत चीड़ के पेड़ों और रंग-बिरंगे छोटे घरों का नजारा बिलकुल विदेशी पर्यटन जैसे लगता है। शांघड़ में आप शंगचुल महादेव मंदिर, शांघड़ मीडोज, बरशानगढ़ झरना और रैला गांव में लकड़ी से बना टावर मंदिर है। इस जगह पर आप मन की शांति और सुंदर दृश्यों का नजारा देख सकते हैं।

### ऐसे पहुंचे

शांघड़ जाने के लिए आप अपने शहर से अंबाला, चंडीगढ़ या जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। फिर सड़क मार्ग से मनाली जाएं। इसके बाद शांघड़ पहुंचने के लिए मनाली से सैंज का सफर स्थानीय बस से कर सकते हैं। इसके अलावा आप कुल्लू हवाई अड्डा पहुंचकर भंतर से सैंज के लिए टैक्सी या बस पकड़ सकते हैं।

### कनातल

यदि आप छिपे हुए खूबसूरत हिल स्टेशनों की तलाश में हैं, तो उत्तराखंड के कनातल हिल स्टेशन पर जा सकते हैं। कनातल में सीमित सैलानी आते हैं और प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के लिए और भीड़-भाड़ से दूर सुकून के दो पल बिताने के लिए यहां पहुंच सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग और ट्रैकिंग कर सकते हैं। यह हिल स्टेशन देहरादून से 78किमी की दूरी पर है। मसूरी से कनातल 38 किमी और चंबा से 12 किमी दूर यहां पर पहुंचना बहुत आसान है।

### ऐसे पहुंचें

कनातल हिल स्टेशन की सैर के लिए देहरादून रेलवे स्टेशन से आगे बस का सफर कर सकते हैं। अगर आप मसूरी या चंबा में हैं, तो आप भी टैक्सी या स्थानीय बस से कनातल की सैर कर सकती हैं।

### कलगा गांव

ट्रैकिंग के शौकीन लोगों को कलगा गांव जाना चाहिए। यहां पर कलगा-बुनबुनी-खीरगंगा ट्रैक बेहतर ऑप्शन हो सकता है। बता दें कि इस 28 किमी लंबे ट्रैक को पूरा करने में 3 दिन का समय लग सकता है। यह गांव और ट्रैक हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पार्वती घाटी में पुलगा डैम के पास स्थित है। ट्रैकिंग के अलावा आप यहां पर पहाड़ी की चोटी से मणिकर्ण घाटी का अद्भुत नजारा दिखता है। तो वहीं सूर्यास्त के बाद यहां का नजारा काफी मनमोहक होता है।

### ऐसे पहुंचे कलगा

कुल्लू जिले के भुंतर तक सड़ और हवाई मार्ग से जा सकते हैं। यहां से हवाई अड्डे से 25 किमी की दूरी पर मणिकर्ण है। जहां के लिए बहुत आसानी बस या टैक्सी मिल जाती है। मणिकर्ण से महज 10 किमी की दूर कलगा गांव है। जहां से ट्रैक शुरू होता है।

# विराट कोहली की बादशाहत फिर कायम, आईसीसी रैंकिंग में एक बार फिर बने नंबर 1

**राजकोट (एजेंसी)।** वनडे क्रिकेट में विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने उन्हें जुलाई 2021 के बाद पहली बार आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। कोहली ने रविवार को वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत की जीत की नींव रखते हुए 91 गेंदों पर 93 रनों की तूफानी पारी खेली और अपने साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर पुनः कब्जा जमा लिया।

जुलाई 2021 के बाद यह पहली बार है जब दिग्गज क्रिकेटर ने वनडे रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। कोहली पहली बार अक्टूबर 2013 में शीर्ष पर पहुंचे थे और आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, अब यह उनका 11वां कार्यकाल है। अब तक, उन्होंने शीर्ष पर कुल 825 दिन बिताए हैं - जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा कुल मिलाकर 10वां सबसे अधिक और किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक है। विराट कोहली पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत वनडे श्रृंखला के आखिरी मैच के बाद से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले सभी सात 50 ओवर के मैचों में पचास से अधिक का स्कोर बनाया है। उनकी पिछली सात पारियों के स्कोर इस प्रकार हैं- 93, 77 (विजय हजारे ट्रॉफी), 131 (विजय हजारे ट्रॉफी), 65, 102, 135 और 74।

2025 में, कोहली ने 13 वनडे मैचों में 65.10 के शानदार औसत से 651 रन बनाए और कैलेंडर वर्ष में भारत के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरे। अपने शानदार करियर में कोहली ने 11वीं बार आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। पिछले साल अक्टूबर में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद, कोहली ने सिडनी में 74 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को वनडे सीरीज में सांत्वनापूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए, उन्होंने नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 135, 102 और नाबाद 65 रन बनाए।



# इंडिया ओपन 2026: पीवी सिंधू पहले दौर में बाहर, वियतनाम की एनगुएन से मिली शिकस्त




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने निराशा हाथ लगी। महिला एकल के पहले दौर में सिंधू ने दमदार शुरुआत करते हुए पहला गेम जरूर जीता, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकीं और वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की इंडिया ओपन चैंपियन सिंधू को 1 घंटे 8 मिनट तक चले इस मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मुकाबले के पहले गेम में सिंधू ने अनुभव का फायदा उठाया, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में एनगुएन ने बेहतर फिटनेस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

यह हार सिंधू के लिए इसलिए भी चौंकाने वाली रही, क्योंकि वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर शानदार फॉर्म में नजर आ रही थीं। घरेलू कोर्ट पर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दबाव के क्षणों में वह बढ़त को भुना नहीं सकीं।

वहीं, विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज थुई लिन एनगुएन ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में मजबूत दावेदारी पेश की और अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। सिंधू की जल्दी विदाई से भारतीय प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है।

## डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत के अर्धशतक से मुम्बई ने गुजरात जायंट्स को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर के शानदार अर्धशतक से मुंबई इंडियंस ने यहां महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) के मैच में गुजरात जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में हरमनप्रीत ने 71 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी और वह अंत तक आउट नहीं। भारती फुलमाली 36 और जॉर्जिया वेयरहैम के 43 रनों की सहायता से गुजरात जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 192 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य की शुरुआत करते हुए मुम्बई इंडियंस की ओर से हरमनप्रीत ने तेजी से खेलते हुए 33 गेंद में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। हरमनप्रीत ने इसी के साथ ही डब्लयूपीएल में अपना 10 वां शतक लगाया। वहीं हरमनप्रीत के इस लीग में एक हजार रन भी पूरे हो गये हैं। उन्होंने 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्के लगाकर 71 रन भी बनाये। वहीं मुंबई के दो विकेट पावरप्ले में ही 37 रन पर गिर गए।

दोनों के बीच 43 गेंद में 84 रन की साझेदारी भी हुई। मुंबई ने इस मैच में चार गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के अंदर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी कर टीम को आगे बढ़ाया। अमनजोत 40 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद निकोल कैरी ने तेजी से छह चौके लगाकर 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाकर टीम को लक्ष्य की ओर बढ़ाया। निकोल और हरमनप्रीत के बीच 43 गेंद में 84 रन की साझेदारी हुई जिससे टीम ने आसानी से जीत हासिल कर ली।

## डेथ ओवरों में केएल राहुल साबित कर रहे हैं अपना दबदबा

**मुंबई (एजेंसी)।** राजकोट -वनडे इंटरनेशनल में केएल राहुल की असली वैल्यू अब पारी के आखिरी फेज में महसूस की जा रही है, और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका नाबाद शतक इस बात का एक और सबूत था कि जब प्रेशर सबसे ज़्यादा होता है, तो वह कितने निर्णायक बन जाते हैं।

राहुल ने यहां निरंजन शाह स्टेडियम में बिना किसी जल्दबाजी के 112 रन बनाकर अपना आठवां वनडे शतक पूरा किया, और एक बार फिर सबसे मुश्किल समय में टीम को संभाला। यह मील का पत्थर शानदार तरीके से हासिल हुआ, जब काइल जैमीसन ने राहुल के पैड्स पर फुल टॉस फेंकी, जिसे दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शांति से आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। हेलमेट उतारकर और बल्ला उठाकर, राहुल ने शांत आत्मविश्वास के साथ इस पल का जश्न मनाया।



भारत 118 रन पर 4 विकेट गंवाकर कुछ मुश्किल में था, लेकिन राहुल की मौजूदगी से तुरंत स्थिरता आई। उन्होंने शुरुआत में तेजी लाने की जल्दबाजी नहीं की, गैप्स का फायदा उठाया और तेजी लाने के लिए सही पलों का इंतजार किया, पारी को आगे बढ़ाया और आखिरी ओवरों में कमान संभाली। उनका हालिया प्रदर्शन इस फिनिशिंग रोल को दिखाता है। राहुल के पिछले चार वनडे स्कोर अब 60, 66 नाबाद, 29 नाबाद और 112 नाबाद हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके आंकड़े और भी प्रभावशाली हैं। उन्होंने 10 पारियों में 93.8 की औसत और 111.13 के स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है, बुधवार का नाबाद 112 उनका सर्वोच्च स्कोर है। इसका असर डेथ ओवरों में सबसे साफ दिखता है। 2025 से राहुल ने फुल मेंबर टीमों में ओवर 41 से 50 के बीच सबसे ज़्यादा वनडे रन बनाए हैं, 140.09 के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाए हैं।

वह एक ऐसी लिस्ट में सबसे ऊपर हैं जिसमें ग्लेन फिलिप्स (244 रन), जनिथ लियानागे (201), जस्टिन ग्रीव्स (194) और कॉर्बिन बॉश (162) शामिल हैं, जो पारी के आखिर में उनकी बढ़ती अथॉरिटी को दिखाता है। जैसे-जैसे मैच आखिरी 10 ओवरों में तय हो रहे हैं, राहुल की शांति और फिनिशिंग क्षमता उन्हें चुपचाप भारत के सबसे वैल्यूएबल वनडे बल्लेबाजों में से एक बना रही है।

## रोहित ने एकदिवसीय में अपने 7,000 रन पूर किये

राजकोट । भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अपनी 24 रनों की पारी के दौरान ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया। रोहित ने इस मैच में अपने 7000 रन पूरे कर लिए। रोहित ने इस मैच के साथ ही एशिया में 7,000 एकदिवसीय रन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सातवें बल्लेबाज़ बन गए। इस खास क्लब में पहले से सचिन तेंदुलकर, महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली और श्रीलंका के कुछ दिग्गज बल्लेबाज़ शामिल हैं। रोहित ने साल 2007 में आयरलैंड दौरे पर भारत के लिए अपना एकदिवसीय डेब्यू किया था। तब से लेकर अब तक वह 281 एकदिवसीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग भूमिकाओं में अपने को साबित किया। रोहित ने अब तक एशिया में 165 एकदिवसीयमुकाबले खेले हैं। इनमें भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और पाकिस्तान में खेले गए मैच शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें से 99 मैच उन्होंने घरेलू मैदान पर खेले हैं, जहां उनका औसत 56.85 का रहा है और उन्होंने 5,000 से अधिक रन बनाए हैं।



## ग्रीजमैन के गोल से कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

मैड्रिड । एंटोनी ग्रिजमैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी। कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।



## विराट जब तक खेल का आनंद लेते हुए रन बना रहे हैं तब तक खेलेंगे : रमन



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर डब्ल्यूवी रमन ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट तब तक खेलते रहेंगे जब वह खेल का आनंद लेते हुए अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। रमन ने कहा कि विराट में खेल के प्रति जुनून होने के साथ ही उसके प्रति प्रतिबद्धता भी अटूट है। 36 साल की उम्र में भी वह फिट है और लगातार रन बना रहे हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में 93 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विराट अब केवल एकदिवसीय क्रिकेट ही खेलते हैं। रमन ने कहा, ऐसे क्रिकेटर आमतौर पर खेलने का फैसला इस आधार पर फैसले लेते हैं कि सुबह उठने पर उन्हें कैसा महसूस होता है। ऐस में वह तब तक खेलते रहेंगे जब तक खेल का मजा लेते हुए रन बनाते रहेंगे। वहीं जब तक वह अपने नाम के अनुसार खेल नहीं पायेंगे तो संन्यास में देर नहीं करेंगे। विराट ने अब तक 557 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 52.66 के औसत से 84 शतक और 146 अर्धशतक लगाये हैं। रमन ने कहा कि अपनी प्रदर्शन से वह आलोचकों को चुप कराते रहते हैं और संदेश देते हैं कि खेल से केवल अपनी शर्तों पर ही हटेंगे। उन्होंने साथ ही कहा, कोहली अपने आलोचकों को संदेश दे रहे हैं कि वह आने वाले समय में टिके रहेंगे और जब उन्हें ठीक नहीं लगेगा, तभी स्टेज छोड़ेंगे। और यह बिल्कुल सही भी है।

## पाक मूल के चार अमेरिकी खिलाड़ियों को अब तक नहीं मिला टी20 विश्वकप के लिए वीजा

**मुम्बई (एजेंसी)।** अमेरिकी क्रिकेट टीम में शामिल पाकिस्तानी मूल के चार खिलाड़ियों को अभी तक वीजा नहीं मिला है। ऐसे में इनके अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप में खेलने पर संशय बना हुआ है। पाक मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज अली खान ने सोशल मीडिया में कहा है कि भारत ने उनका वीजा आवेदन खारिज कर दिया गया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के चार खिलाड़ियों के वीजा आवेदन अभी भी पूरे नहीं हुए हैं। इससे टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। इससे पहले भी टीमों की यात्रा और मेजबानी को लेकर परेशानियां आयीं थीं।

अमेरिका की टीम के चार खिलाड़ी अली खान, शयान जहांगीर, मोहम्मद मोहसिन और एहसान आदिल अभी तक वीजा मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी पाक मूल के हैं। ये खिलाड़ी अभी विश्वकप की तैयारी के लिए अमेरिका टीम के साथ श्रीलंका दौर पर हैं। इन खिलाड़ियों ने कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग में वीजा के लिए आवेदन किया पर अभी तक इन्हें वीजा नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि इस आवेदन की अभी समीक्षा हो रही है। ।

वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक अधिकारी के अनुसार, खिलाड़ियों से पहले सभी जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे। इस मामले में कुछ जरूरी सूचनाएं मिल चुकी हैं, जबकि कुछ जानकारी अभी भारत के विदेश मंत्रालय से आनी बाकी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही खिलाड़ियों से आगे संपर्क किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के वीजा आवेदन भारतीय सरकार के नियमों के तहत 'विशेष श्रेणी' में आते हैं। उन्होंने साफ किया कि यह अतिरिक्त जांच किसी खिलाड़ी, टीम या टूर्नामेंट के खिलाफ नहीं होती, बल्कि यह तय नियमों के अनुसार की जाती है।



गौरतलब है कि पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को भारत आने में वीजा देरी का सामना करना पड़ा है, चाहे वे किसी भी देश की टीम से खेलते हों।

## ब्रैंडन किंग की कप्तानी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए वाले ब्रैंडन किंग की कप्तानी में अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में युवा क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार शामिल किया गया है। ये सीरीज 9 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप के नहीं होने से ब्रैंडन को कप्तानी मिली है। होप अभी एस20 में व्यसत हैं। होप के अलावा रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी टीम में नहीं हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाडियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है।




अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वहीं काम का बोझ कम करने के लिए वकर्लोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम**

ब्रैंडन किंग (कप्तान), एलिक अथानाज़े, केसी कार्टर, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्डे, जस्टिन ग्रीव्स, शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू, शमर जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, खैरी पियरे, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडन सील्स, रेमन सिमंड्स, शमर स्प्रिंगर।

## एशियन गेम्स 2026 मुकाबले 19 सितंबर से शुरु होंगे

नई दिल्ली । जापान में होने वाले आइची-नागोया एशियन गेम्स क्रिकेट 2026 मुकाबलों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये मुकाबले 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेंगे हालांकि क्रिकेट सहित कई अन्य मुकाबले 17 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। इसमें क्रिकेट के मुकाबले टी20 प्रारुप में खेले जाएंगे। इसमें पुरुष और महिला दोनों ही टीमों के बीच मुकाबले होंगे। ये सभी मुकाबले आइची प्रीफेक्चर के कोरोजी एथलेटिक पार्क में आयोजित किये जाएंगे। इसमें महिला वर्ग के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। इसके पदक मुकाबले 22 सितंबर से शुरू होंगे। इसमें क्वार्टर फाइनल से ही आठ टीमें सीधे ही नॉकआउट प्रारुप में उतरेंगी। इसमें भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन होने के कारण अपने खिताब को बचाने उतरेगी। पुरुष टीम का क्रिकेट मुकाबला 24 सितंबर जबकि पदक मुकाबले 3 अक्टूबर से होंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल होंगी। शीर्ष चार टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी जबकि शेष छह टीमें बाकी चार जगहों के लिए मुकाबले खेलेंगी। इस दौरान सभी मैच डबल-हेडर (एक ही दिन में दो मैच होंगे। ये मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5-30 बजे और सुबह 10-30 बजे शुरू होंगे। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 17 सितंबर से शुरू होगा। इसमें 8 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले नॉकआउट प्रारुप में खेले जाएंगे। भारत इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैम्पियन के तौर पर उतरेगा, उसने 2023 के फाइनल में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।




## पूर्व पाक क्रिकेटर अजमल ने आईसीसी पर निशाना साधा : बीसीसीआई के दबाव में फैसले लेने का आरोप लगाया

कराची । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सईद अजमल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पर जमकर निशाना साधा है। अजमल ने कहा है कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दबाव में फैसले लेती है तो उसका रहने का कोई मतलब नहीं है। अजमल ने कहा, 'अगर आईसीसी विश्व क्रिकेट के हित में निष्पक्ष तरीके से फैसला नहीं कर सकती है तो उसे अपना कामकाज बंद कर देना चाहिए। अजमल ने कहा कि आज अधिकतर टेस्ट खेलने वाले देशों का मानना है कि विश्व क्रिकेट में भारतीय बोर्ड का दबदबा है और आईसीसी भी उसकी बात नहीं टाल पाता पर कोई भी खुलकर ये बात नहीं कहता है। उन्होंने कहा कि भारत का आईसीसी प्रतियोगिताओं में भी पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना साबित करता है कि उसपर विश्व संस्था का कोई दबाव नहीं चल पाता है। आईसीसी एक प्रकार से बीसीसीसीआई के आधीन नजर आता है। अजमल के अनुसा भारतीय टीम बिता किसी ठोस कारण के पाकिस्तान में खेलने से इंकार कर देती है और आईसीसी इसे मान लेती है। इसका एक कारण ये भी है कि अब इसमें आईसीसी चेयरमैन सहित अधिकतर भारतीय शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है। भारत सरकार का मानना है कि जब तक पाक आतंक वाद को समर्थन देता रहेगा उससे खेला नहीं जा सकता है। केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही भारतीय टीम पाक से खेलती है। इससे पहले भी पाक के कई क्रिकेटरों ने भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर नहीं आने की आलोचना करते हुए कहा है कि खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिये।



# किदांबी श्रीकांत ने किया इंडिया ओपन का बचाव, हर देश में कोई ना कोई कमी होती है

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंडिया ओपन की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेलने की स्थितियों में कुछ भी गलत नहीं लगा और हर मेजबान देश में कोई ना कोई कमी होती ही है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी श्रीकांत ने साथ की कहा कि ऐसी चुनौतियां खेल का हिस्सा हैं और यह किसी एक मेजबान देश तक सीमित नहीं हैं और प्रत्येक मेजबान स्थल पर कमियां नजर आती हैं।




डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर की सुविधाओं और आसपास के माहौल की आलोचना करते हुए उन्हें गंदा और स्वास्थ्य के लिए खराब बताया था। उन्होंने साथ ही विश्व बैडमिंटन महासंघ से इस साल अगस्त में इसी स्थल पर होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले दखल देने का आग्रह किया था। हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हराने के बाद 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने कहा कि उन्हें यह बात समझ ही नहीं आ रही कि मेजबान स्थल की आलोचना क्यों हो रही है। श्रीकांत ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। सिंगापुर में बहुत अधिक ड्रिफ्ट होता है और मलेशिया में शायद इसकी तुलना में थोड़ा कम। इंडोनेशिया में नवीनीकरण से पहले शटल काफी तेज जाती थी। हर देश की अपनी चुनौती होती है।'

ब्लिचफेल्ट की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर श्रीकांत ने कहा कि उन्होंने उनका बयान विस्तार से नहीं पढ़ा है लेकिन उन्हें लगता है कि हालात अस्वीकार्य नहीं थे। श्रीकांत ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या कहा है। लेकिन मुझे लगता है कि परिस्थितियां ठीक हैं। मैंने कोई बुरी चीज होते हुए नहीं देखी। उन्होंने कहा, '2016 या 2017 में मुझे डेनमार्क में अपने मैच के बीच में लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा था क्योंकि बत्ती गुल हो गई थी।' श्रीकांत ने एचएस प्रणय से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया जिन्हें दो दिन में एक मैच पूरा करना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'एक बार प्रणय मुझे बता रहे थे कि उन्हें अपना मैच अगले दिन खेलना पड़ा। उन्होंने पहले दिन एक गेम खेला और फिर अगले दिन दूसरा गेम।'

श्रीकांत ने कहा, 'ये चीजें हो जाती हैं, कोई जानबूझकर ऐसा नहीं करता। हर देश इसे बहुत अच्छे से करना चाहता है। ऐसी चीजें बहुत कम होती हैं और मुझे नहीं पता कि हर कोई इसके बारे में शिकायत क्यों कर रहा है।' ब्लिचफेल्ट ने कहा था कि मुकाबले का आयोजन कर रहे कोर्ट पर परिस्थितियां संतोषजनक थी लेकिन कुल मिलाकर हालात चिंताजनक हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूर्व सैनिकों की भूमिका पर गर्व महसूस कर रहे : जनरल द्विवेदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को 10वें पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर शुभकामनाएं दीं और पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके निरंतर योगदान को रेखांकित किया। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित पूर्व सैनिक दिवस 2026 समारोह में सीओएएस जनरल द्विवेदी ने कहा कि 10वें पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सर्वप्रथम, मैं हमारे सभी पूर्व सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करता हूं। मैं हमारी बहादुर महिला सैनिकों के परिवारों को सलाम करता हूं। हर सैनिक एक दिन पूर्व सैनिक बनेगा, हम सभी एक ही पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। उन्होंने देश की जरूरत के समय पूर्व सैनिकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके प्रयासों की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने कहा मुझे यह कहकर गर्व हो रहा है कि हमें उम्मीद से कहीं अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आप सभी ने अमूल्य सहयोग प्रदान किया और राष्ट्र आपके साहस को सलाम करता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निजी सुरक्षा और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में पूर्व सैनिकों की बढ़ती भागीदारी के बारे में भी बात की और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर जोर दिया। एक ओर हमारे पूर्व सैनिक निजी सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे एनसीसी में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।

## आंतकी संगठनों से संबंध, 5 सरकारी कर्मचारियों को निकाला... गुस्से से लाल हुई महबूबा

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आंतकी संगठनों से कथित संबंधों के आरोप में 5 सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के फैसले की आलोचना कर फैसले को मनमाना और अन्यायपूर्ण बताया। महबूबा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह की कार्रवाइयों को खतरनाक रूप से सामान्य मान लिया गया है। महबूबा ने लिखा कि यह सिर्फ सरकारी कर्मचारी का मामला नहीं है। हर बर्खास्तगी के पीछे परिवार है, जिसे इस फैसले ने अंधकार में धकेल दिया है और यह एक तरह की सामूहिक सजा है, जिसमें भारत सरकार की कठोर नीतियों के कारण पूरे परिवार रातोंरात बर्बाद होते हैं। उन्होंने कहा कि अन्याय को सामान्य मानना बंद होना चाहिए। उनकी ये टिप्पणियां उपराज्यपाल द्वारा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से सक्रिय संबंध रखने के आरोपी पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश के एक दिन बाद आईं। सूत्रों के अनुसार, बर्खास्त किए कर्मचारी में एक सरकारी स्कूल शिक्षक, एक प्रयोगशाला तकनीशियन, एक सहायक लाइनमैन, वन विभाग का कर्मचारी और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत एक ड्राइवर शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, ड्राइवर, जो फिलहाल श्रीनगर की केंद्रीय जेल में बंद है, की पहचान हिजबुल मुजाहिदीन के एक सूचीबद्ध ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में हुई है।

## राहुल गांधी भारतीय राजनीति में अलगाववाद का सटीक उदाहरण : गुरु प्रकाश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला कर उन्हें भारतीय राजनीति में अलगाववाद का सटीक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक दृष्टिकोण राज्य-दर-राज्य बदलता रहता है और चुनावी लाभ के अनुसार उनकी रणनीति भी बदलती रहती है। बीजेपी नेता गुरु प्रकाश ने आरोप लगाया कि राहुल बिहार में जातिवाद, तमिलनाडु में भाषाई पहचान के नाम पर नकारात्मक राजनीति करते हैं और यह राष्ट्रीय एकता, शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस बार-बार क्षेत्रवाद, जातिवाद और भाषाई कट्टरता का सहारा लेते हैं, इससे उनकी राजनीति विभाजनकारी बन रही है। उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि उन्हें इस तरह की भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए और किसी को तमिल मुद्दों या तमिल सभ्यता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण पत्र देने का अधिकार नहीं है। बीजेपी नेता गुरु प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की तमिल संस्कृति, भाषा और पहचान के प्रति संवेदनशीलता और योगदान को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी तमिल पहचान और संस्कृति का सम्मान किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का आरोप निराधार है और भाजपा तमिल मुद्दों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल सभ्यता और भाषा को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के अभिन्न अंग के रूप में लगातार महत्व दिया है। गुरु प्रकाश ने यह निष्कर्ष निकाला कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में अलगाववाद का जीता-जागता सबूत हैं और उन्हें विभाजनकारी राजनीति से दूर रहना चाहिए।

## मुंबई एटीएस ने अवैध रूप से रह रही 30 साल की बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बांग्लादेशी महिला को अवैध रूप से मुंबई में रह रही होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान 30 वर्षीय बिलकिस बेगम सिरमिया अख्तर के रूप में हुई है। कफ परेड इलाके में एटीएस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा है। सूचना के आधार पर कफ परेड इलाके में छापेमारी की गई, जहां एक महिला संदिग्ध हालत में मिली। एक मुखबिर की मदद से उसकी पहचान की पुष्टि की गई, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश की नागरिक है। महिला ने कबूल किया कि उस अगस्त 2025 में क्राइम ब्रांच द्वारा भारत में अवैध रूप से रहने के कारण डिपोर्ट किया था। इसके बावजूद वह दोबारा अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत में घुस आई और कफ परेड इलाके में किराए के कमरे में रह रही थी। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से इंफिनिक्स कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें उसका बांग्लादेशी नेशनल आईडी नंबर और उससे जुड़ी तस्वीरें मिलीं। इन डिजिटल सबूतों को सुरक्षित कर लिया गया है।

# तमिलनाडु की महिलाएं पढ़ी लिखी, उत्तर भारत की रसोई व बच्चे संभालने तक सीमित

### डीएमके सांसद ने दिया विवादित बयान, बीजेपी बोली- उनमें कॉमन सेंस नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके सांसद ने महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया है जिसे लेकर बवाल मच गया है। उन्होंने उत्तर भारत की महिलाओं की तुलना तमिलनाडु की महिलाओं से की है उनका कहना है कि उत्तर भारत में महिलाओं का काम रसोई और बच्चे संभालने तक सीमित है, लेकिन तमिलनाडु की महिलाओं को पढ़ाई और नौकरी करने की पूरी छूट है। चेन्नई सेंट्रल से चौथी बार सांसद बने डीएमके सांसद दयानिधि मारन के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। कई लोगों ने दयानिधि के बयान को गलत बताया है।

मीडिया रिपोर्ट में दयानिधि मारन के मुताबिक तमिलनाडु राज्य की लड़कियां आत्मविश्वास के साथ हाथ में लैपटॉप लेकर चलती हैं। वो पोस्ट ग्रेजुएशन से लेकर इंटरव्यू तक देती नजर आती हैं। तमिलनाडु की लड़कियों में आत्मविश्वास है, क्योंकि हम उन्हें पढ़ाते हैं लेकिन उत्तर भारत में क्या हाल है? वहां महिलाएं बाहर काम करने नहीं जाती हैं। वो घर, रसोई और बच्चों को संभालती हैं। यही उनका काम होता है।

ये तमिलनाडु है एक द्रविड़ियन राज्य, कलाईनार अन्ना और एम के स्टालिन का राज्य है। यहां आम लोगों की तरक्की मतलब राज्य की तरक्की। यही वजह है कि दुनियाभर से कई कंपनियां चेन्नई आ रही हैं, क्योंकि यहां सभी पढ़े-लिखे हैं। यहां लोगों को तमिल के साथ-साथ अंग्रेजी भी आती है। महिलाओं की तरक्की में सरकार ने भी अहम भूमिका निभाई है। मारन ने यह बयान एक कार्यक्रम में दिया।

इस कार्यक्रम में सीएम स्टालिन के बेटे और राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयानिधि स्टालिन भी मौजूद थे। उन्होंने छात्राओं को लैपटॉप बांटे। उदयानिधि ने कहा कि आज आप सभी को लैपटॉप देकर मैं बहुत खुश हूं। मैं सभी को नए साल और पोंगल की शुभकामनाएं देता हूं। हमें छात्राओं पर गर्व है। 1974 में करुणानिधि ने इस कॉलेज का नामकरण करते हुए इसे महिलाओं को समर्पित किया था।

दयानिधि मारन के बयान पर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। बीजेपी के प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने कहा कि दयानिधि मारन ने एक बार फिर उत्तर भारत के लोगों को गाली दी है। मुझे लग रहा है इन्हें ऐसे बयान देने की अनुमति क्यों मिलती है? डीएमके में ये आम बात हो गई है। मुझे नहीं लगता कि दयानिधि मारन में कॉमन सेंस है।

बीजेपी नेता अनिला सिंह ने मारन के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मारन भूल रहे हैं कि वो भारत में रहते हैं और भारत शक्ति की पूजा करता है। अगर उन्हें लगता है कि वो शक्ति को उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में बांट सकते हैं, तो वो इस देश की संस्कृति को नहीं समझ पाए हैं। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के बारे में उनकी क्या राय है? इस देश में ये बंटवारे की राजनीति नहीं चलेगी।

डीएमके ने मारन के बयान का समर्थन करते हुए सफाई दी है। पार्टी के प्रवक्ता टीकेएस ईलनगोवन ने कहा कि महिलाओं का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि किस राज्य में किसकी सरकार है। कांग्रेस शासित राज्यों में महिला सशक्त हैं। वह महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। तमिलनाडु में भी महिलाओं को अच्छी शिक्षा देने पर फोकस किया जाता है लेकिन उत्तर भारत में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाला कोई नहीं है।


## पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के दिल्ली स्थित आवास पर लगी आग, कोई हताहत नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अति-सुरक्षित लुटियंस जोन से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास पर बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। यह घटना 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड स्थित उनके निवास स्थान पर हुई। सुबह करीब 8-05 बजे लगी इस आग के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है और समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। घटनाक्रम के अनुसार, दमकल विभाग को शुरुआती सूचना कोठी नंबर 2 में आग लगने की मिली थी। हालांकि, जब दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच की गई, तो पता चला कि आग कोठी नंबर 21 में लगी है, जो रविशंकर प्रसाद का आधिकारिक निवास है। आग घर के एक कमरे में रखे बेड में लगी थी, जिसकी लपटें उठते देख वहां तैनात कर्मचारियों और परिजनों ने तुरंत इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं और कुछ ही समय की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। जांच में सामने आया है कि आग का केंद्र कमरे में रखा बेड ही था। गनीमत यह रही कि जिस समय आग लगी, उस कमरे में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एड्रेस को लेकर शुरुआती असमंजस के बावजूद दमकल कर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए सही लोकेशन पर पहुंचकर आग बुझाई। वर्तमान में दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की टीमें इस बात की बारीकी से जांच कर रही हैं कि आग लगने की असली वजह क्या थी। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी या इसके पीछे कोई अन्य तकनीकी वजह रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## भारत धर्मनिरपेक्ष देश है, किसी एक धर्म को शक के दायरे में डालना खतरनाक

**-कश्मीर में मस्जिद के इमामों से निजी और वित्तीय जानकारी मांगने पर भड़का विपक्ष**



**जम्मू (एजेंसी)।** कश्मीर घाटी में मस्जिदों, मदरसों से जुड़े लोगों का पुलिस द्वारा सर्वे किए जाने को लेकर जम्मू-कश्मीर की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पीडीपी, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने मस्जिदों और मुस्लिम धार्मिक संस्थानों की इस तरह की प्रोफाइलिंग की कड़ी निंदा की है।

पुलिस ने घाटी में मस्जिदों और मदरसों का संचालन करने वाले लोगों और इमामों को एक चार पन्नों का प्रोफॉर्मा दिया है। इस प्रोफॉर्मा में उनसे निजी जानकारी मांगी गई है जिसमें फोन नंबर, आर्थिक विवरण, परिवार से जुड़ी जानकारी, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित विवरण शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्टे के मुताबिक पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने इसे कश्मीरी मुसलमानों को सजा देने और अपमानित करने की कार्रवाई बताया है। वहीं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई से मुसलमानों को दीवार से लगाया जा रहा है। ये मामला अब घाटी में धार्मिक आजादी, भरोसे और सुरक्षा नीति को लेकर एक बड़े राजनीतिक बहस का रूप ले चुका है। संवेदनशील जानकारियां मांगने को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा सर्वे किस कानून के तहत किया जा रहा है।

सज्जाद लोन ने कहा कि मस्जिदों और इमामों की प्रोफाइलिंग कम से कम कहें तो बेहद चौंकाने वाली है। ये दंडात्मक अति का एक और उदाहरण है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और किसी एक धर्म को सामूहिक रूप से शक के दायरे में डालना खतरनाक है। सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन भारत की मूल अवधारणा से बड़ा कोई सुरक्षा खतरा नहीं हो सकता। मुसलमानों को दीवार से लगाना, उन्हें संदिग्ध बनाना अपने आप में एक सुरक्षा जोखिम है।

उन्होंने कहा कि संयोग से जम्मू-कश्मीर पुलिस में हिंदू और मुसलमान दोनों काम करते हैं। फिर भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जिन लोगों ने सबसे ज्यादा कुर्बानी दी और देश के लिए अपनी जान दी, उनमें से 95 फीसदी मुसलमान ही थे। क्या कोई उनकी कब्रों पर जाकर उनके कानों में फुसफुसाएगा कि जिन मस्जिदों में वे नमाज पढ़ने जाते थे, आज उन्हीं मस्जिदों की प्रोफाइलिंग की जा रही है?

# कलकत्तान हाईकोर्ट ने मानी ईडी की बात, ममता की याचिका पर अब नहीं होगी सुनवाई

### आज मामले की सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आईपैक दफ्तर में ईडी छापेमारी पर कलकत्ताज हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और प्रवर्तन निदेशालय ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कीं है। सीएम ममता का दावा है कि ईडी के अफसरों ने आईपैक दफ्तर से सामान चोरी किया है। जबकि ईडी का कहना है कि सामान हम लोगों ने नहीं, ममता बनर्जी अपने साथ लेकर गई हैं। ईडी ने कहा, सुनवाई तब तक टाल दी जाए, जब तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं होती। यह देखकर जस्टिस शुभ्रा घोष ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में ईडी की प्रार्थनाएं लगभग समान हैं।


बात दें कि कोलकाता में हुए आईपैक कंपनी से जुड़े सर्च ऑपरेशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को अहम सुनवाई होनी है। ईडी की ओर से याचिका दायर की गई है। इस पर जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच सुनवाई करेगी। ईडी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर आरोप लगाया है कि जब उनकी कार्रवाई चल रही थी, तब सीएम ममता बनर्जी ने हस्तलक्षेप कर जरूरी डॉक्येमेंट लेकर चली गईं। ईडी ने अपनी याचिका में आरोप है कि उन्होंने आई-पैक छापे के दौरान जांच में बाधा डाली, सबूतों से छेड़छाड़ की और सामग्री को नष्ट किया। इसके साथ ही बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज कुमार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग भी है। इसके पहले ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की थी।

इसके पहले घंटे भर लंबी सुनवाई के बाद कलकत्तो हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर याचिका को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने एसएसजी की ओर से दी गई दलील को रिकॉर्ड में लेकर मामले का निस्तारण किया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने हाईकोर्ट में ईडी की ओर से दायर मामले पर भी रोक लगा दी।

सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि मेरे बयान के आधार पर उनका मामला वापस ले लिया जाए। तब टीएमसी की वकील गुरुस्वामी ने कहा कि कृपया यह दर्ज करें कि उन्होंने कहा कि कुछ भी जब्त नहीं किया गया था और इस निपटा दिया जाए। टीएमसी की वकील मेनका गुरुस्वामी कोर्ट में दलील देकर कहा कि जब किसी राजनीतिक दल को अपने निजी डेटा के जब्त होने का डर हो, तब दल को डराना-धमकाना शोभनीय नहीं है। टीएमसी को आंशका हैं कि चुनाव से पहले हमारे राजनीतिक रणनीतिक कार्यालय को निशाना बनाया जा रहा है। यह हमारी निजाता का सवाल है। हमारे डेटा का संरक्षण होना चाहिए। इस पर ईडी की ओर से कहा गया कि वे कागजात संवेदनशील हैं और उस पर अवैध रूप से ममता का कब्जी है। सुनवाई के दौरान ईडी ने दो तर्क दिया कि क्याअ ईडी को डॉक्यूमेंट जब्तओ करने का अधिकार है या नहीं। दूसरा, क्यान संवेदनशील डॉक्यूजमेंट कोई और लेकर भाग सकता है। ईडी ने कहा, दोनों ही सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि टीएमसी ने केवल कथित राजनीतिक डेटा के संरक्षण की मांग की है। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि मैं केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मैं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) हूं। मेरी बहस अभी समाप्त नहीं हुई है, खेदजनक स्थिति है। हर सेकंड मेरा माइक म्यूट किया जा रहा है। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि माइक में कोई गड़बड़ी कर रहा है। हाई कोर्ट ने कहा कि एडिशनल सॉलिसिटर जनरल न्यायालय में वकील सुनवाई की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं, मुझे उनकी बात सुनने दीजिए।

ईडी ने सुनवाई में कहा कि आईपैक दफ्तर पर हुई रेड का तृणमूल कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। जिस व्यक्ति के परिसर में रेड की गई है, वह शख्स अदालत नहीं आया। हाई कोर्ट ने ईडी से कहा कि पूरी याचिका मत पढ़िए। ईडी ने कहा कि उन्हें जानकारी कैसे मिलती है, फुसफुसाहट भी नहीं होती।

# बारिश का अलर्ट: उत्तर भारत में मौसम की दोहरी मार, कोहरे और शीत लहर का कहर




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए आने वाले दिन और भी चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा समेत कई राज्यों पर अब मौसम की दोहरी मार पड़ने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, इन क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच अब बारिश की भी संभावना जताई गई है। राजधानी दिल्ली में भी तापमान का गिरना जारी है और मंगलवार का दिन इस जनवरी का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। दिल्लीवासियों को फिलहाल कोहरे की मोटी चादर से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, 16 से 19 जनवरी के बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण जम्मू-कश्मीर, गिलगिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में छिटपुट बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस मौसमी बदलाव का असर मैदानी इलाकों में भी दिखेगा, जहां 18 और 19 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। बारिश के चलते गलन और बढ़ने की उम्मीद है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। कोहरे की स्थिति को लेकर विभाग ने चेतावनी दी है कि 20 जनवरी तक हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। विशेष रूप से 15 जनवरी तक बेहद घना कोहरा होने की संभावना है, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है और सड़क व रेल यातायात पर असर पड़ सकता है। इसी तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय घने कोहरे का पूर्वानुमान है। असम और मेघालय में भी 16 जनवरी तक दृश्यता कम रहने की उम्मीद है।

ठंड का प्रकोप केवल कोहरे और बारिश तक सीमित नहीं है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में 15 जनवरी तक तीव्र शीत लहर चलने की संभावना जताई है। उत्तराखंड में भी 14 जनवरी को कोल्ड डे के हालात बने रहेंगे। इसके अलावा झारखंड और ओडिशा में भी 16 जनवरी तक ठंडी हवाएं चलने का अनुमान है। प्रशासन ने लोगों को ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने और कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## कोहरे का असर दिल्ली आने वाली 20 से अधिक ट्रेनों पर दिखा, हुईं घंटों लेट; यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में घने कोहरे का असर रेल यातायात पर लगातार बना हुआ है। हालांकि लंबी दूरी की देरी से चलने वाली ट्रेनों की संख्या में कुछ कमी आई है, लेकिन बुधवार को भी दिल्ली आने वाली 20 से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से पहुंचीं। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित हुई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कोहरे के कारण ट्रेनों की लेट-लतीफी मामले में सबसे अधिक दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस में दर्ज की गई। दरअसल यह ट्रेन मंगलवार दोपहर 12-45 बजे पहुंचने वाली थी, लेकिन करीब 20 घंटे 35 मिनट की देरी से बुधवार सुबह 9-15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंची। इस देरी का असर आगे की ट्रेनों पर भी पड़ा। इसी कारण मंगलवार अपराह्न 3-10 बजे रवाना होने वाली दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस अब बुधवार सुबह 10 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन ने इसके चलते कई अन्य ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया है।

कोहरे का असर केवल लंबी दूरी की ट्रेनों तक सीमित नहीं रहा। लोकल और उपनगरीय ट्रेनें भी देरी से चलती रहीं। सहारनपुर-पुरानी दिल्ली एमईएमयू लगभग दो घंटे देरी से चली, जबकि बुलंदशहर-तिलक ब्रिज एमईएमयू डेढ़ घंटे विलंबित रही। पानीपत-गाजियाबाद ईएमयू, पानीपत-पुरानी दिल्ली ईएमयू, पानीपत-नई दिल्ली महिला विशेष ईएमयू, हाथरस किला-पुरानी दिल्ली एमईएमयू और जाखल-पुरानी दिल्ली पैसेंजर करीब एक घंटे देरी से रवाना हुईं। वहीं कुरुक्षेत्र-पुरानी दिल्ली ईएमयू लगभग 45 मिनट और शामली-पुरानी दिल्ली तथा मथुरा-गाजियाबाद ईएमयू करीब आधे घंटे की देरी से चलीं।

**दिल्ली से देरी से रवाना होने वाली प्रमुख ट्रेनें इस प्रकार रहीं**

आनंद विहार टर्मिनल से दरभंगा जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस करीब 18 घंटे 50 मिनट देरी से चली। नई दिल्ली-लोहिया खास सरबत दा भला एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष पौने दो घंटे, नई दिल्ली-राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस एक घंटे और पुरानी दिल्ली-जैसलमेर रुणिचा एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से रवाना हुई। इसके अलावा हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे विलंब से चली।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कोहरे के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की गति कम रखी जा रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# पाकिस्तान की नापाक हरकतों पर भारत की कड़ी नजर, कश्मीर से राजस्थान तक दिखे ड्रोन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में करारी शिकस्त झेलने के बावजूद पाकिस्तान अपनी भारत विरोधी गतिविधियों से बाज आता नहीं दिख रहा है। नए साल 2026 की शुरुआत के साथ ही पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर से लेकर राजस्थान और गुजरात की सीमाओं तक अपनी उत्तेजक कार्रवाइयां तेज कर दी हैं। सीमा पार से जारी इन चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान स्थितियां जनरल आसिम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सेना की उस रणनीति को उजागर करती हैं, जिसमें वे आतंकवाद और ड्रोन के माध्यम से भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में हाल के दिनों में पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों में भारी इजाफा देखा गया है। सांबा, राजौरी और पुंछ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारतीय सेना ने मुस्तैदी दिखाते हुए कई घुसपैठिए ड्रोन को मार गिराया है। केवल कश्मीर ही नहीं, बल्कि राजस्थान के जैसलमेर स्थित रामगढ़ गैस थर्मल पावर प्लांट जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में भी ड्रोन मंडराते देखे गए हैं, जिसने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खुलासा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास छह और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार दो आतंकी कैंप अब भी सक्रिय हैं।

सीमा के दूसरी ओर, पाकिस्तान ने गुजरात के कच्छ से सटे विवादित सरक्रीक क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा दिया है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने इस दलदली क्षेत्र को पूरी तरह से सैन्य छावनी में तब्दील कर दिया है। सिंध रेजिमेंट की क्रीक बटालियनों की संख्या दो से बढ़ाकर छह कर दी गई है और अर्धसैनिक बलों के स्थान पर पाकिस्तानी सेना की नियमित बटालियनों को तैनात किया गया है। सुजावल, घारो और बदिन के साथ-साथ अब जाती और केती बंडर में भी नई टुकड़ियों की तैनाती की गई है। नौसैनिक मोर्चे पर भी पाकिस्तान ने बंधा धोरा और हरामी धोरो के बीच छह नई मरीन सुरक्षा चौकियां स्थापित की हैं। चीन की तकनीकी मदद से इस क्षेत्र में आधुनिक रडार सिस्टम और अवाक्स तैनात किए गए हैं, जबकि भोलारी फॉरवर्ड एयरबेस पर जेएफ-17 और जे-10सी लड़ाकू विमानों की तैनाती की गई है।



पाकिस्तान की इन बढ़ती गतिविधियों के जवाब में भारत ने भी अपनी सुरक्षा अभेद्य कर ली है। हाल ही में भारतीय तीनों सेनाओं ने सरक्रीक से लेकर जैसलमेर तक एक व्यापक ट्राई सर्विस युद्ध अभ्यास किया, जिसमें एआई ट्रैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों का परीक्षण किया गया। गुजरात तट पर कोस्ट गार्ड की रडार क्षमता बढ़ाई गई है और भुज सैन्य बेस पर आधुनिक एल-70 एयर डिफेंस गन तैनात की गई हैं। विवाद की जड़ सरक्रीक का 96 किलोमीटर लंबा दलदली मुहाना है। पाकिस्तान 1914 के एक पुराने मानचित्र के आधार पर पूरे क्रीक पर अपना दावा ठोकता है, जबकि भारत अंतरराष्ट्रीय थलवेग सिद्धांत के तहत जलमार्ग के बिल्कुल मध्य से सीमा रेखा तय करने की बात करता है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902